# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी 2026






**SHOWROOMS:** **MADHYA PRADESH:** RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR (KARMETA)** Ph: 7290014986, RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी 2026


## मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी से की भेंट

### सुपर थर्मल पावर स्टेशन के भूमिपूजन का दिया न्योता



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से भेंट की। सीएम डॉ. यादव ने पीएम मोदी को गाडरवारा स्थित एनटीपीसी सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन के विस्तार की परियोजना के भूमिपूजन हेतु आमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर सीएम ने पीएम मोदी को नक्सल मुक्त मप्र के लक्ष्य को समय से पूर्व पूर्ण करने की जानकारी दी।

## भागीरथपुरा दूषित पानी कांड: हाई कोर्ट में पांच जनहित याचिकाओं में हुई एक साथ सुनवाई

# अब तक 24 मौत, वीसी से जुड़े मुख्य सचिव ने कहा-हमने जिम्मेदारों को निलंबित किया

**सरकारी वकील की रिपोर्ट में बताई गईं 21 मौतें, इसमें 15 दूषित पानी से व 6 अन्य बीमारी से बताई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा दूषित पानी कांड के मामले में गुरुवार को एक और मौत हो गई। जिससे मृतकों की संख्या अब 24 हो गई है। भागीरथपुरा में रहने वाली सुभद्राबाई पति बसंतराव पंवार (78) की एक प्राइवेट हॉस्पिटल में सुबह मौत हो गई। बेटे मनीष ने बताया कि 26 दिसंबर को दूषित पानी पीने के बाद मां की हालत बिगड़ी थी। 28 दिसंबर को उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इधर, दूषित पानी कांड को लेकर इंदौर हाई कोर्ट में चल रही पांच जनहित याचिकाओं में गुरुवार को एक साथ सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश पर मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। मुख्य सचिव जैन ने कोर्ट को बताया कि मामले में जिम्मेदारों को निलंबित किया गया है और अस्पताल में भर्ती सभी लोगों का फ्री इलाज किया जा रहा है। जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें कई कोमोरबिड (दूसरी बीमारियां) थे। कोर्ट ने अगली सुनवाई 20 जनवरी को तय की है। जिसमें ▶▶ शेष पेज 2 पर




### सरकारी वकील ने पेश की रिपोर्ट

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 23 मौतें हो चुकी हैं, लेकिन शासन-प्रशासन यह बात स्वीकार नहीं कर रहा है। इस पर सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि गुरुवार सुबह रिपोर्ट पेश कर दी है। इसमें 21 मौतों की बात स्वीकारी गई है। 15 व्यक्तियों की मौत दूषित पानी से हुई है। शेष 6 की मौत अन्य बीमारियों से हुई है। गुरुवार को हाई कोर्ट में करीब आधा घंटा सुनवाई चली। बता दें पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सरकार के जवाब को असंवेदनशील बताते हुए कड़ी फटकार लगाई थी। कहा था देश के सबसे स्वच्छ शहर कहे जाने वाले इंदौर की छवि को नुकसान पहुंचाया है।

## भागीरथपुरा में पीड़ितों से करेंगे मुलाकात

### 17 को राहुल ने कांग्रेस समर्थित पार्षदों से लेकर नेता प्रतिपक्ष तक को बुलाया

**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित उपवास कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे**



*भोपाल। राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे के दौरान वे भागीरथपुरा में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे और मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित उपवास कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रदेश कांग्रेस इस दौरे को प्रदेश के नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी के रूप में देख रही है, जहां पार्टी अपनी रणनीति को मजबूत करने की कोशिश करेगी। राहुल गांधी का दौरा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वे इंदौर के भागीरथपुरा इलाके* ▶▶ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### बंगाल: जेईई मेन की 23 जनवरी की परीक्षा टली



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल जेईई मेन 2026 को लेकर बंगाल में बदलाव हुआ है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने छात्रों की मांग और सांस्कृतिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पश्चिम बंगाल में 23 जनवरी को होने वाली जेईई मेन सेशन-1 की परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया है। सरस्वती पूजा के कारण परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग कर रहे थे।

### वित्तीय रिपोर्ट की निगरानी के लिए नई एआई पहल



**नई दिल्ली।** वित्तीय रिपोर्टों की गुणवत्ता पर नजर रखने और सरकारी कामकाज को तेज करने के लिए सरकार ने एक नई एआई पहल की है। इस पहल का नाम 'इंडिया एआई फाइनेंशियल रिपोर्टिंग कंप्लायंस चैलेंज' रखा गया है। इसका उद्देश्य एआई की मदद से ऐसे डिजिटल समाधान तैयार करना है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की जांच आसान बना सकें। यह पहल एनएफआरए और इंडिया एआई की साझेदारी से शुरू की गई है।

### इंदौर पहुंचे रोहित-विराट 18 को न्यूजीलैंड से भिड़ंत



**इंदौर।** इंदौर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गुरुवार को भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ियों के साथ न्यूजीलैंड की टीम भी इंदौर पहुंच गई है। एयरपोर्ट पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, शुभमन गिल, केएल राहुल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के पहुंचते ही प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया।

## 14 से 16 जनवरी तक किया जा रहा सीएसपीओएस का आयोजन

## पीएम मोदी ने संविधान सदन में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का किया उद्घाटन

# कहा- भारत ने डाइवर्सिटी को डेमोक्रेसी की ताकत बना दिया

*इस हाई-लेवल कॉन्फ्रेंस में 42 कॉमनवेल्थ देशों के 61 स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारी, साथ ही चार सेमी-ऑटोनॉमस संसदों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं*



प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कॉमनवेल्थ के स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों के 28वें कॉन्फ्रेंस (सीएमपीओसी) 2026 का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने किया।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस स्थान पर आप सभी बैठे हैं वो भारत की डेमोक्रेटिक जर्नी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। गुलामी के आखिरी वर्षों में जब भारत की आजादी तय हो चुकी थी, उस समय इसी सेंट्रल ▶▶ शेष पेज 2 पर

**इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय 'इफेक्टिव डिलीवरी ऑफ पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी'**



पीएम मोदी, ओम बिरला सहित अन्य देशों के प्रतिनिधि

***यह चौथा अवसर है, जब कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसिडिंग ऑफिसर्स की कॉन्फ्रेंस भारत में हो रही***

***डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशन और डेमोक्रेटिक प्रोसेसेज डेमोक्रेसी को स्टेब्लिटी स्पीड और स्केल तीनों देते हैं***

### भारत में डेमोक्रेसी का अर्थ-लास्ट माइल डिलीवरी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में डेमोक्रेसी का अर्थ, लास्ट माइल डिलीवरी है। हमने लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव से काम कर रहे हैं। और इसी लोक कल्याण की भावना के कारण बीते कुछ वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। भारत हर ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर ग्लोबल साउथ के हितों को पूरी मजबूती से उठा रहा है। अपनी जी 20 अध्यक्षता के दौरान भी भारत ने ग्लोबल साउथ की चिंताओं को वैश्विक एजेंडे के केंद्र में रखा है। आज भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। आज भारत दुनिया का सबसे ▶▶ शेष पेज 2 पर

### इस कॉन्फ्रेंस में कई देशों के प्रतिनिधिमंडल ले रहे हिस्सा

इस कॉन्फ्रेंस में कनाडा, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं, साथ ही नामीबिया, त्रिनिदाद और टोबैगो, टोंगा, कैमरून और मलेशिया के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई हाई कमीशन का प्रतिनिधित्व हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कर रहा है। कॉन्फ्रेंस में प्रमुख समकालीन संसदीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, जिनका मकसद लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करना और विधायी प्रथाओं का आधुनिकीकरण करना है। मुख्य विषयों में स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों की बदलती भूमिका, संसदीय कामकाज में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के उपाय शामिल हैं।

### ये हैं निधारित चर्चाएं

निर्धारित चर्चाओं में 'संसद में एआई: इनोवेशन, निगरानी और अनुकूलन में संतुलन' पर सत्र शामिल हैं, जिसका नेतृत्व मलेशिया करेगा। 'सोशल मीडिया और सांसदों पर इसका प्रभाव' ▶▶ शेष पेज 2 पर

## सर्दी का यू-टर्न : प्रदेश में फिर शुरू हुआ शीतलहर और कोहरे का सिलसिला विजिबिलिटी पर पड़ेगा असर

# दिन में तेज गर्मी के बाद रात का पारा फिर 'लुढ़कने' लगा

**आज आधा दर्जन जिलों में मध्यम कोहरा**



पचमढ़ी में घास पर जमीं ओस की बूंदें

***सात जिलों में रात का तापमान 5 से 6 डिग्री तक आया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अब रात के तापमान में फिर से कमी आना शुरू हो रही है। प्रदेश में पांच दिन बाद हवाएं बदलने और बादल छंटने से गुरुवार से फिर से शीतलहर का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार को शाजापुर के गिरवर में कोल्ड वेव का असर रहा, जबकि ग्वालियर में मध्यम कोहरा रहा। भोपाल, छतरपुर, सतना, रीवा, दतिया में हल्का कोहरा रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ ▶▶ शेष पेज 2 पर

### 7 जिले अब 6 डिग्री तक

गुरुवार को रात के तापमान में कमी के साथ 7 जिलों में रात का पारा 5 से 6 डिग्री तक रहा है। सबसे कम शहडोल, शाजापुर में 4.6 डिग्री रहा। कटनी 4.7, मंदसौर 4.8, चित्रकूट, रीवा 5.8 और छतरपुर में रात का पारा 6.2 डिग्री तक रहा है। हालांकि, दिन और रात के तापमान में कमी के बावजूद अभी यह सामान्य से औसतन एक डिग्री तक अधिक है। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ अभी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय है, जबकि दूसरा नया डब्ल्यूडी 19 जनवरी को सक्रिय होगा। हवाएं बदलकर उत्तरी और उत्तर पूर्वी होने से सर्दी और बढ़ेगी। कुछ जिलों में ▶▶ शेष पेज 2 पर

## मुरैना में ट्रक ने स्कूल बस को मारी टक्कर

# बस ड्राइवर की मौत... एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल

**बस मुरैना के अल्ट्रॉनियस स्कूल की थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना



अस्पताल में बच्चे उपचार कराते हुए

मुरैना के बागचीनी थाना क्षेत्र के सेठबारी इलाके में स्कूल बस और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कूल बस के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो गए। यह बस मुरैना के अल्ट्रॉनियस स्कूल की थी, जो गलैथा गांव से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। रास्ते में सामने से आ रहे ट्रक से बस की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस ड्राइवर समसान सिंह सिकरवार (67) की मौके पर ही मौत हो ▶▶ शेष पेज 2 पर

## पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ की कोशिश

# पुंछ और सांबा में फिर दिखे ड्रोन भारतीय सेना ने बरसाईं गोलियां

**इलाके में हाई अलर्ट पर सुरक्षा बल**

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



ड्रोन लाल घेरे में

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे इलाके में एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, दिडवार तेड़वां क्षेत्र में एक पाकिस्तानी ड्रोन को कुछ मिनटों के लिए देखा गया। इसके बाद ड्रोन वापस पाकिस्तानी कब्जे वाले क्षेत्र में लौट गया। क्षेत्र में तैनात भारतीय सेना के जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ड्रोन पर गोलाबारी की। सुरक्षा बलों ने तुरंत अपनी एंटी-ड्रोन प्रणाली को सक्रिय कर दिया, ताकि किसी भी संभावित खतरे ▶▶ शेष पेज 2 पर

## माघ मेले में मकर संक्रांति पर उमड़ा आस्था का सैलाब




**संगम में करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी**

प्रयागराज। मकर संक्रांति पर्व पर कड़कड़ाती ठंड पर आस्था भारी रही। भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार शाम पांच बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालु मकर संक्रांति पर त्रिवेणी में स्नान किए। पूरे माघ मेले में सुरक्षा व्यवस्था के चाक ▶▶ शेष पेज 2 पर

## प्रदेश में 24 घंटे में 6 जगह सड़क हादसे

# 9 लोगों की गई जान, कहीं सिर फटा तो कहीं चलती कार पर नीलगाय कूदी

### नर्मदापुरम में दो दोस्तों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम/गुना

प्रदेश के 6 जिलों में अलग अलग जगह हुए सड़क हादसों में 9 लोगों की जान चली गई। नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर सेमरीहरचंद के पास बुधवार शाम करीब 7 बजे बाइक और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार अरविंद कुमार (निवासी सोनसारखेड़ा) और रामकुमार (निवासी बम्होरी) की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के एयर बैग खुल गए और युवकों के सिर फटने से सड़क पर खून बह ▶▶ शेष पेज 2 पर



अशोकनगर में कार पलटी

### स्कूल जा रहे बच्चे को ट्रक ने कुचला, मौत

रीवा के रतहरा में गुरुवार सुबह स्कूल जा रहे 10 साल के छात्र को ट्रक ने कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छात्र अपनी बड़ी बहन के साथ पैदल स्कूल जा रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया। बहन बाल-बाल बच गई। घटना के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया ▶▶ शेष पेज 2 पर

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की ऑपरेशनल स्पीड 160 किमी प्रति घंटा तय की गई

### झांसी यूनिट को हाल ही में रेल बॉर्न मेंटेनेंस व्हीकल्स का ऑर्डर मिला

# भेल के झांसी प्लांट से वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के लिए ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

सरकारी इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने गुरुवार को बताया कि उसने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना के लिए सेमी-हाई-स्पीड अंडरस्लंग ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति अपने झांसी संयंत्र से शुरू कर दी है। कंपनी के अनुसार यह पहल उसके मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत एक अहम उपलब्धि है। बीएचईएल ने बयान में कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन परियोजना को भेल के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम द्वारा टीआरएसएल के साथ मिलकर लागू किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### इस ट्रेन की स्पीड तय की गई

कंपनी ने बताया कि इससे पहले इसी परियोजना के लिए ट्रैक्शन कन्वर्टर्स को भेल के बेंगलुरू संयंत्र से रवाना किया जा चुका है। ताजा आपूर्ति से सेमी-हाई-स्पीड प्रोपल्शन सेगमेंट में भेल की रणनीतिक मौजूदगी और मजबूत हुई है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की ▶▶ शेष पेज 2 पर

### कोलकाता में होगा ट्रेनों को असेंबल करने का काम

भेल के अनुसार ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मरों को कोलकाता भेजा जा रहा है, जहां वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का अंतिम असेंबली कार्य किया जाएगा। इसके अलावा परियोजना से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण प्रोपल्शन सिस्टम उपकरण ट्रैक्शन मोटर, बीएचईएल के भोपाल यूनिट में विकसित और निर्मित किया गया है। इस बीच भेल ने यह भी बताया कि उसके ▶▶ शेष पेज 2 पर

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी 2026


**मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट-2026**

# एआई को नागरिक केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में कर रहे स्थापित : डॉ यादव






- एआई वर्तमान समय में शासन, उद्योग और समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति
- एआई पर मिशन मोड पर होगा कार्य
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लांच की मध्यप्रदेश स्पेसटेक नीति-2026
- प्रधानमंत्री के विजन को दृष्टिगत रखकर आगे बढ़ रहा है मप्र
- जन-कल्याणकारी योजनाओं में एआई का प्रभावी उपयोग करेगा मप्र
- प्रदेश में जल्द लाई जाएगी राज्य एआई नीति
- मुख्यमंत्री ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत कौशल रथ को दिखाई हरी झंडी
- मुख्यमंत्री ने 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026' का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार एआई को नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। एआई आधारित प्रशासनिक व्यवस्था और प्रबंधन, तकनीक-प्रौद्योगिकी और अकादमिक क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार विकसित भारत@ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रभावी रूप से सहायक होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हर क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण का अध्ययन केंद्र और शंकराचार्य जी की साधना का केंद्र भी है। राज्य सरकार सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एआई का उपयोग कर रही है। एआई वर्तमान समय में शासन, उद्योग और समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति है। हमारा राज्य जल्द ही एआई नीति भी लाएगा और एआई के लिए मिशन मोड पर व्यापक रूप से कार्य किया जाएगा। प्रदेश के माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में एआई के उपयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं वाला राज्य है, जिसमें आगे बढ़ने की पर्याप्त क्षमता है। विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति में हमारी सरकार हर कदम पर प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल के ताज लेक फ्रंट में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत फ्यूचर स्किल्स फॉर एआई पावर्ड भारत के लिए कौशल रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति-2026 लांच की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विभिन्न समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन सिंहस्थ-2028 के संचालन के लिए आयोजित उज्जैन महाकुंभ हैकाथॉन और मध्यप्रदेश इनोटेक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। एआई को राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के उद्देश्य से एआई लिटरेसी मिशन के अंतर्गत आरंभ युवा एआई फॉर ऑल पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

### नवाचार और कौशल विकास के लिए हुए 7 एमओयू पर हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 6 समझौता ज्ञापन-यंगोवेटर (आंसर फाउंडेशन), सीईईडब्ल्यू (कॉउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर), गूगल, नैसकॉम, एआईएसईसीटी और भाषिणी के साथ किए गए। ये समझौते शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार एवं रोबोटिक्स को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन व सतत विकास से जुड़े क्षेत्रों में एआई आधारित शोध एवं निर्णय सहयोग विकसित करने, शासकीय विभागों में एआई और क्लाउड तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित करने, राज्य में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं कौशल विकास को गति देने, राष्ट्रीय एआई मिशन से जुड़कर कंप्यूटर एवं डेटा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता और एआई जागरूकता बढ़ाने और एआई आधारित शासन को सक्षम करने के उद्देश्य से किए गए हैं।

### स्पेस टेक नीति - अंतरिक्ष आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की स्पेस टेक नीति लांच की। उन्होंने कहा कि नीति राज्य को भारत के उभरते अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी और भविष्य-उन्मुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। नीति के तहत स्पेस टेक स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई और उद्योगों को वित्तीय, और अनुसंधान सहयोग प्रदान कर कृषि, आपदा प्रबंधन, जल संसाधन एवं शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह नीति निवेश, नवाचार और राष्ट्रीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में मध्यप्रदेश की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

*मुख्यमंत्री जी का सम्बोधन सुनने के लिए स्कैन करें*

## ए. आई. कांफ्रेंस में हुए तीन उच्चस्तरीय थीमैटिक सत्र

प्रथम थीमैटिक सत्र 'सभी के लिए तकनीक-आधारित सुशासन' में एआई एवं डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से समावेशी शासन, अंतिम व्यक्ति तक सेवाओं की पहुँच और डीबीटी, कृषि, भाषा आधारित एआई और नागरिक सेवाओं जैसे उच्च प्रभाव वाले उपयोग मामलों पर चर्चा हुई।साथ ही प्लेटफॉर्म स्तर पर एआई क्रियान्वयन, जिम्मेदार एआई, डेटा गवर्नेंस और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

द्वितीय थीमैटिक सत्र 'आर्थिक विकास एवं सामाजिक हित के लिए एआई' में एआई के माध्यम से आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और सामाजिक समावेशन पर केंद्रित था।इसमें एवीजीसी-एक्सआर, गेमिंग, आईटी/ आईटीईएस, जीसीसी, ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसरों, स्टार्टअप व उद्योग इकोसिस्टम, निवेश, नवाचार और नीति सहयोग पर चर्चा की गई।

तृतीय थीमैटिक सत्र 'रेज़िलिएंस, नवाचार एवं दक्षता' में मध्यप्रदेश को एआई एवं डेटा हब के रूप में विकसित करने के लिए भविष्य-तैयार डिजिटल एवं एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर्स, साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सॉवरेन एआई और पीपीपी आधारित सुरक्षित क्रियान्वयन मॉडल पर मंथन किया गया। हमारा डिजिटल क्रॉप सर्वे प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत हम हर खेत पर जाकर जियो-फेंसिंग के माध्यम से फोटो की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं, ताकि कोई भी गलत गिरदावरी न कर सके। फसल सर्वेक्षण के दौरान संबंधित यूज़र को खेत पर जाना होता है और हम यह सुनिश्चित करते हैं कि फोटो और डेटा मल्टीपल चैनलों के माध्यम से सत्यापित (मैच) हों।

*मुख्यमंत्री जी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स - कृपया फॉलो करें*




### मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट में उद्यमियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवाओं के विचारों और सपनों के अनुरूप व्यापार-व्यवसाय को गति देने के लिए राज्य सरकार सहयोग करने को सदैव तत्पर है। प्रदेश की स्टार्ट-अप नीति में सभी आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत @ 2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य में सभी व्यवस्थाएं तदनुसार क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रदेश के युवा अपनी पहल और नवाचार से देश ही नहीं विदेशों में भी अपना नाम और स्थान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन में यह विचार व्यक्त किए। अविष्कार कैपिटल के श्री विनित राय, इंश्योरेंस देखो के अंकित अग्रवाल, आईवीकैप वैंचर्स की सुश्री अंजू गुप्ता, मेडीदेवा टेक्नोलॉजी के डॉ. विशेष कासलीवाल, बेटी इनोवेटिव की संस्थापके सुश्री पूजा दुबे पांडे, आदि ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने स्टार्ट-अप के संबंध में अवगत कराया।

# युवाओं के सपने साकार करते हुए निरंतर तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा हमारा प्रदेश



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगारपरक कार्यों से समाज को जोड़कर युवाओं के सपने साकार करते हुए हमारा प्रदेश आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प है। रोजगार और मेहनत से युवा अपना जीवन सुधारें, देश सवारें, इस उद्देश्य से युवाओं की मदद करना हमारा लक्ष्य है। युवाओं को स्टार्ट-अप नीति और अन्य योजनाओं के माध्यम से मदद की जा रही है। प्रदेश के युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश के विभिन्न अंचलों में रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे हैं। ये मेले प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर दिलाने में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजगढ़ में आयोजित युवा संगम रोजगार मेला-2026 को रवीन्द्र भवन भोपाल से वर्चुअली संबोधित किया।

### युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने लगाये जा रहे हैं रोजगार मेले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा संगम रोजगार मेले में 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इनमें फाइनेंस, सेल्स, मार्केटिंग, हेल्थ केयर, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, सॉफ्टवेयर, डिजिटल मार्केटिंग, क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश के महाविद्यालयों, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में, कंपनियों की अपेक्षाओं के अनुसार युवाओं को दक्षता और क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इससे रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं का चयन संभव हो रहा है। कंपनियों द्वारा 16 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को रोजगार देने के लिए सहमति प्रदान की गई है। कंपनियों द्वारा 3 हजार से अधिक पदों पर महिला उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए भी सहमति दी गई है।

### कौशल रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक एआई जागरूकता

कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम पर केन्द्रित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार एआई साक्षरता को देश के कार्यबल और नागरिकों के लिए एक मूलभूत जीवन कौशल के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। भारत सरकार ने प्रत्येक नागरिक को एआई साक्षर बनाने और उन्हें आवश्यक तकनीकी कौशल से सशक्त करने के उद्देश्य से युवा एआई फॉर आल राष्ट्रीय अभियान प्रारंभ किया है। एआई साक्षरता मिशन से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक मूलभूत कौशल के रूप में विकसित किया जाएगा।

## एआई आधारित नवाचार

### राजस्व विभाग

**नवाचार की श्रेणी : डेटा गुणवत्ता एवं फील्ड सत्यापन के लिए एआई**
राजस्व विभाग द्वारा सारा ऐप में एआई को एकीकृत किया गया है, जिससे खराब गुणवत्ता वाली फसल छवियों को वास्तविक समय में ब्लॉक किया जा सके। इससे सटीक और विश्वसनीय डेटा संग्रह सुनिश्चित होता है। इस प्रणाली का परीक्षण लगभग 20 लाख छवियों पर किया जा चुका है और इसे रबी 2025–26 से लागू किया जाएगा। यह पहल मैनुअल सत्यापन और विलंब को कम करते हुए शासन में स्केलेबल एवं एज-आधारित AI के उपयोग में मध्यप्रदेश को अग्रणी बनाती है।

### एआई-चलित जिला प्रदर्शन रिपोर्ट (मनरेगा)

**नवाचार की श्रेणी: प्रदर्शन प्रबंधन एवं निर्णय समर्थन हेतु एआई**
एआई चलित मनरेगा प्रणाली लाइव डेटा एवं भारित के माध्यम से स्वचालित जिला प्रदर्शन रिपोर्ट तैयार करती है। इससे प्रगति और अंतराल पर स्पष्ट अंतर्दृष्टि प्राप्त होती है।यह प्रणाली मैनुअल विश्लेषण को वास्तविक समय की बुद्धिमत्ता से प्रतिस्थापित करती है, जिससे प्रशासकों को त्वरित एवं डेटा-आधारित निर्णय लेने में सहायता मिलती है। परिणामस्वरूप पारदर्शिता, जवाबदेही एवं कार्यक्रम की प्रभावशीलता में वृद्धि होती है।

### किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग

**नवाचार की श्रेणी: पूर्वानुमान विश्लेषण एवं जोखिम प्रबंधन**
**विवरण:**
कृषि विभाग की एआईएमएल आधारित एग्रीस प्रणाली उपग्रह, सीसीई एवं मौसम डेटा के माध्यम से फसल उत्पादन का पूर्वानुमान लगाती है और वास्तविक समय में फसल स्वास्थ्य की निगरानी करती है। यह प्रणाली पीएमएफबीवाई के अंतर्गत त्वरित एवं पारदर्शी दावा निपटान को सक्षम बनाती है और मैनुअल सर्वेक्षण पर निर्भरता को कम करती है। इससे कृषि शासन अधिक डेटा-आधारित एवं स्केलेबल बनता है।

### श्रम केस प्रबंधन प्रणाली में एआई सक्षमीकरण




**नवाचार की श्रेणी: न्यायिक प्रक्रिया स्वचालन के लिए एआई**
श्रम विभाग द्वारा LCMS में एआई को एकीकृत किया गया है, जिससे केस ड्राफ्टिंग, केस सारांश एवं सुनवाई रिकॉर्ड का स्वचालन संभव हो सके। इससे दक्षता एवं सटीकता में सुधार, मैनुअल कार्यभार में कमी, त्वरित केस निपटान और अर्ध-न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। यह पहल समयबद्ध न्याय वितरण को सशक्त बनाती है।

### मध्य प्रदेश पुलिस (SCRB)

**नवाचार की श्रेणी: स्मार्ट पुलिसिंग एवं अपराध खुफिया हेतु एआई**
मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न एआई उपकरण अपनाए गए हैं, जिनमें ई-रक्षक ऐप, क्राइम इन्वेस्टिगेशन चैटबॉट, क्राइम एनालिटिक्स डैशबोर्ड, चेहरा पहचान तकनीक, टेक्स्ट-टू-SQL बॉट्स एवं हीट-मैप विश्लेषण शामिल हैं। इन पहलों से जांच प्रक्रिया, गुमशुदा व्यक्तियों की खोज, वाहन बरामदगी तथा कानून-व्यवस्था प्रबंधन अधिक प्रभावी हुआ है, जिससे नागरिक सुरक्षा सुदृढ़ हुई है।

### मध्यप्रदेश वन विभाग

**नवाचार की श्रेणी:डिजिटल गवर्नेंस एवं स्मार्ट वन प्रबंधन**
वन विभाग द्वारा वन प्रशासन से जुड़ी प्रमुख सेवाओं का डिजिटलीकरण करते हुए एकीकृत ऑनलाइन प्रणालियाँ विकसित की गई हैं। फॉरेस्ट एप्लीकेशंस पोर्टल, ऑनलाइन नीलामी प्रणाली और जीआईएस आधारित अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) सेवाओं के माध्यम से पारदर्शिता, कार्यकुशलता और जवाबदेही को सुदृढ़ किया गया है। इन पहलों से डेटा-आधारित निर्णय संभव हुए हैं, संसाधनों का न्यायसंगत प्रबंधन सुनिश्चित हुआ है और नागरिकों को त्वरित और सुगम सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं। यह पहल राज्य को प्रौद्योगिकी-सक्षम एवं भविष्य-उन्मुख शासन की दिशा में आगे बढ़ाती है।

### मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड

**नवाचार की श्रेणी : डिजिटल गवर्नेंस एवं प्रौद्योगिकी सक्षमीकरण**
मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड राज्य में डिजिटल परिवर्तन की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। यह संस्था ई-गवर्नेंस, सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना, डेटा केंद्र, क्लाउड सेवाएँ, साइबर सुरक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) और एनालिटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के क्रियान्वयन का नेतृत्व कर रही है। इन पहलों के माध्यम से सार्वजनिक सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और नागरिक-केंद्रित बनाया जा रहा है, जिससे विभिन्न विभागों में सुशासन को मजबूती मिल रही है।

### मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का हुआ शुभारंभ



कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का शुभारंभ किया गया, जिसमें इंडिया एआई पेवेलियन, मध्यप्रदेश पेवेलियन, स्टार्ट-अप शोकेस शामिल रहे। एमपी पेवेलियन में प्रदेश सरकार की एआई आधारित नवाचार पहलें प्रदर्शित की गईं, जिनका उद्देश्य शासन को अधिक सटीक, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाना है। राजस्व विभाग द्वारा SAARA-DCS ऐप में एआई के उपयोग से फसल छवियों की वास्तविक समय गुणवत्ता जाँच की जा रही है, वहीं मनरेगा के अंतर्गत एआई-चलित जिला प्रदर्शन रिपोर्ट प्रणाली से डेटा-आधारित निर्णय संभव हो रहे हैं। कृषि विभाग की AGRIGIS प्रणाली फसल पूर्वानुमान, फसल स्वास्थ्य निगरानी और बीमा दावा निपटान को सशक्त बना रही है। श्रम विभाग की एआई-सक्षम एलसीएमएस प्रणाली केस प्रबंधन और न्यायिक प्रक्रियाओं को स्वचालित कर रही है, जबकि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा एआई आधारित स्मार्ट पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण, जांच दक्षता और नागरिक सुरक्षा को मजबूती प्रदान की जा रही है। एमपी पेवेलियन ने मध्यप्रदेश को भविष्य-तैयार, डेटा-संचालित और नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया।

D-16147/25

# संस्कृत, शोध और समाज के सहारे आगे बढ़ेगी भारतीय ज्ञान परंपरा

**पलाश रेसीडेंसी में दो दिवसीय समीक्षा बैठक में पहुंचे 19 विवि के कुलगुरुओं और उनके प्रतिनिधियों ने दी जानकारी**

**बैठक में शामिल विषय विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया, अब विश्वविद्यालयों को भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े कार्यों को शोध, लेखन और सामाजिक उपयोगिता से भी जोड़ना होगा**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा, शोध और समाजोपयोगी गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग ने पलाश रेजीडेंसी में दो दिवसीय समीक्षा बैठक का शुभारंभ गुरुवार को किया है। बैठक में 19 विश्वविद्यालयों के कुलगुरु एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा को व्यवहारिक, शोधपरक और समाजोपयोगी स्वरूप देने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालयों के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। बैठक में शामिल विषय विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि अब विश्वविद्यालयों को अपने-अपने विषय के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े कार्यों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए शोध, लेखन और सामाजिक उपयोगिता से भी जोड़ना होगा। बैठक में शामिल विद्वानों ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शोध में संस्कृत विद्वानों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

**पहले दिन कुलगुरुओं ने दी जानकारी**

▶▶ *बैठक के पहले दिन गुरुवार को सभी विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं और नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने आवंटित विषयों पर किए गए प्रयासों, उपलब्धियों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।*

**शोध को करें प्रोत्साहित**

▶▶ *बैठक में यह भी तय किया गया कि भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत विवि अपने-अपने विषय से संबंधित प्राचीन और आधुनिक ग्रंथों की पहचान कर उनके आधार पर स्नातक से स्नातकोत्तर स्तर तक पाठ्यक्रम विकसित करेंगे। कार्ययोजना के तहत हर विवि में विषयवार कार्यशालाएं आयोजित करने, भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ के तहत संदर्भ पुस्तकालय विकसित करने तथा शिक्षक-छात्र सहभागिता को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी सहमति बनी।*

**बैठक में किसने क्या कहा**

▶▶ *बैठक की शुरुआत में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग अनुपम राजन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के माध्यम से पाठ्यक्रमों को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।*

**आधुनिक ज्ञान का सशक्त समन्वय**

▶▶ *संचालक मप्र हिन्दी ग्रंथ अकादमी अशोक कड़ेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति प्राचीन और आधुनिक ज्ञान का सशक्त समन्वय है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप विकसित किए जाने चाहिए।*

**केवल ज्ञान पर्याप्त नहीं**

▶▶ *संस्कृत विवि, कैथल हरियाणा के पूर्व कुलपति डॉ. रमेशचंद्र भारद्वाज ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शोध में केवल संस्कृत भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि संबंधित विषय में संस्कृत आधारित विशेषज्ञता आवश्यक है।*

**सकारात्मक परिवर्तन आएगा**

▶▶ *मप्र शुल्क विनियामक आयोग भोपाल के डॉ. रविंद्र कान्हेरे ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा प्रणाली से जोड़ने से पाठ्यक्रम अधिक समग्र और मूल्य आधारित बनेंगे। इससे शोध, मूल्यांकन और अकादमिक गुणवत्ता में भी सकारात्मक परिवर्तन आएगा।*

**नई दिशा मिलेगी**

▶▶ *मप्र निजी विवि विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. खेमसिंह डहेरिया ने कहा कि नवाचार और शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी।*

**नियमित फीडबैक अवश्य लें**

▶▶ *आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने कहा कि विवि अपने विद्यार्थियों से नियमित फीडबैक अवश्य लें, ताकि पाठ्यक्रम, शोध और अकादमिक गतिविधियां अधिक व्यवहारिक और छात्र केंद्रित बन सकें।*

**हर विवि में बने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ**

▶▶ शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की तरह ही भारतीय ज्ञान परंपरा और उस पर आधारित पाठ्यक्रमों के निर्माण में मध्यप्रदेश एक महत्वपूर्ण और अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

---

पूर्व इमाम की वापसी को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध

## तहसीलदार के सामने इमाम को पीटा, हंगामे के बाद एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन महीने पहले पुरानी जेल स्थित मस्जिद कोहे अरेरा में स्थानीय लोग और मस्जिद के पेशे इमाम मोहम्मद राशिद नदवी को हटाने के बाद इमाम ने फिर आने का प्रयास शुरू किया है। जिसको लेकर स्थानीय लोग विरोध कर रहे है। गुरुवार को शहर तहसीलदार करुणा दंडोतिया जब मस्जिद परिसर में दोनों पक्षों के बयान लेने पहुंचीं, तो मस्जिद की इंतजामिया कमेटी के नायब सदर मोहम्मद सैफ और खजांची मोहम्मद साजिद ने वर्तमान इमाम मोहम्मद हसीन पर बयान देने को लेकर मारपीट की थी। इसके बाद तहसीलदार मामला शांत कराने के बाद वापस लौट गईं। पिछले दिनों मस्जिद के पूर्व इमाम ने इस मस्जिद में दोबारा से इमामत करने का आवेदन पेश किया था, जिसके बाद लोगों ने विरोध करते हुए अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम को आवेदन पेश किया। इमाम ने अरेरा हिल्स थाने पहुंचकर मोहम्मद सैफ और मोहम्मद साजिद के खिलाफ मारपीट का केस भी दर्ज कराया है।

कार में जबरन बैठाकर ले गए बदमाश

## दो कार में आए बदमाशों ने खुद को पुलिस बताकर ऐंठे 79800 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र में पुलिस बनकर अड़ीबाजी और अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस को शिकायत करते हुए राहुल गुप्ता ने बताया कि वह 11 जनवरी की शाम वह अपने फ्लैट पर दोस्तों के साथ मौजूद थे। इसी दौरान 5-6 युवक अचानक फ्लैट में घुस आए। खुद को पुलिस स्टाफ बताया और मारपीट करते हुए एनडीपीएस एक्ट में फंसाने की धमकी देते हुए 79,800 रुपए की नगदी, मोबाइल सहित कीमती हेंड वॉच छीनकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना हबीबगंज में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है।

ईओडब्ल्यू ने अध्यक्ष समेत अन्य पर किया केस दर्ज

## फर्जी रजिस्ट्रियों से खसरा नंबर 84 की 5.50 एकड़ जमीन हड़पी

**पुष्प मयूर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने भोपाल के ग्राम खुदागंज में स्थित बहुमूल्य जमीन से जुड़े बड़े भूमि घोटाले का खुलासा किया है। यह मामला पुष्प मयूर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल से जुड़ा है, जिसमें संस्था के अध्यक्ष नवाब खान और अन्य आरोपियों पर कूटरचित दस्तावेजों के जरिए जमीन हड़पने का आरोप है। ईओडब्ल्यू को यह शिकायत अमानउल्ला खान ने दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि खसरा नंबर 84 की कुल 5.50 एकड़ भूमि, जो उनके परिवार की संयुक्त संपत्ति थी, उसे फर्जी रजिस्ट्रियों के जरिए अवैध रूप से संस्था के नाम दर्ज करा लिया गया। जांच में सामने आया कि यह भूमि वर्ष 1980-81 से अमानउल्ला खान और उनके परिवारजनों के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज थी। ईओडब्ल्यू की जांच में पाया गया कि खसरा नंबर 84 का कुल रकबा 13.25 एकड़ था। इसमें से 5.70 एकड़ भूमि का वैध विक्रय पहले ही किया जा चुका था।

**भूमि क्रय का कोई उल्लेख नहीं मिला**

ईओडब्ल्यू ने यह भी पाया कि भूमि आज भी कृषि भूमि के रूप में दर्ज है, इसके बावजूद बिना नगर एवं ग्राम निवेश (टीएनसीपी) की अनुमति के फर्जी लेआउट प्लान बनाकर इसे आवासीय कॉलोनी दर्शाया गया। इन अवैध लेआउट के आधार पर 29 भूखंड गैर-सदस्यों को बेच दिए गए। संस्था के ऑडिट रिकॉर्ड में इन भूखंडों की बिक्री और भूमि क्रय का कोई उल्लेख नहीं मिला। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि सहकारी संस्था को मिलने वाली मुद्रांक शुल्क छूट का दुरुपयोग किया गया और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। सभी साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर ईओडब्ल्यू ने नवाब खान, रामनिवास शर्मा और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 420, 467, 468 और 471 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

---


अयोध्या नगर के शारदा नगर का मामला

**पंखे पर लटकी मिली लाश, अनुमान प्रेमी को किया था वीडियो कॉल**

## बीफार्मा की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, प्रेमी से हुआ था मोबाइल पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस थाने के पीछे शारदा नगर में बीफार्मा की छात्रा ने बुधवार दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन एक दिन पहले उसने अपनी बड़ी बहन को कॉल कर बताया था कि मेरी पूर्व प्रेमी से मोबाइल पर कहासुनी हुई है।



पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। बेड पर मोबाइल इस तरह से कंबल से टिका हुआ मिला है, जिससे की अनुमान लगाया जा रहा है कि उसने आत्महत्या से पूर्व प्रेमी को वीडियो कॉल किया था। पैटर्न लॉक होने के कारण पुलिस मोबाइल की जांच नहीं कर सकी है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर जांच के लिए भेजा है। गुरुवार को जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा से आए परिजन को शव पीएम के बाद सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार अरुणा परतेती पिता राम प्रकाश परतेती (24) शारदा नगर, अयोध्या नगर में रहती थी। मूलतः खमरा ताल, तहसील जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा में रहने वाली अरुणा यहां किराए के कमरे में अकेली रह रही थी और निजी कॉलेज से बीफार्मा की पढ़ाई कर रही थी। बुधवार दोपहर उसकी लाश नीचे किराए से रहने वाली छात्राओं ने फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने गुरुवार सुबह जुन्नारदेव से आए पिता और बहन को शव का पीएम कराने के बाद सौंप दिया।

**बहन को किया था कॉल**

अरुणा के पिता खेती किसानी करते हैं। अरुणा उनकी मझली बेटी है। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। छोटा बेटा है। अरुणा ने मंगलवार शाम अपनी बड़ी बहन को कॉल कर बताया कि बैतूल में रहने वाला उसका पूर्व प्रेमी उसे कॉल कर विवाद कर रहा है। उसे पता चल गया है कि मैं अपने नए दोस्त से बातचीत कर रही हूं तो धमकी दे रहा है। वहीं अरुणा को कॉल करने वाले प्रेमी ने भी बहन को कॉल कर बताया कि अरुणा से उसका मोबाइल पर विवाद हुआ है। अरुणा उसका कॉल रिसीव नहीं कर रही है और आत्महत्या करने की धमकी दे रही है।

## प्रेमिका के परिजन से प्रताड़ित होकर युवक ने लगाई थी फांसी

**दो साल बाद दर्ज की प्रेमिका के भाई पर आत्महत्या के लिए दबाव बनाने की एफआईआर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित मिनाल गेट नंबर 2 के पास भवानी शंकर कॉलोनी में दो साल पूर्व युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उक्त मामले में पुलिस ने मृतक की प्रेमिका के भाई पर आत्महत्या के लिए दबाव बनाने का मामला दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई सुसाइड नोट और मृतक के परिजन के बयान के आधार पर की गई। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि मृतक पर प्रेमिका के परिजन दबाव बना रहे थे। इससे दुखी होकर उसने आत्महत्या की थी। पुलिस के अनुसार मूलतः सांची सांची, जिला रायसेन निवासी दीपक चराड़ (32) भवानी शंकर कॉलोनी मिनाल में रहता था। सांची में मोहल्ले में रहने वाली एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के माता-पिता नहीं है। यह बात युवती के भाई-भाभी को पता चली तो युवती सहित दीपक को समझाइश दी थी। परेशान होकर दो साल पहले परिजन ने युवती की शादी रिश्तेदारी में कर दी। युवती की शादी होने से दुखी दीपक बिना बताए घर से निकल गया। भाई ने गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी।

**भाई गया था क्रिकेट खेलने, बहन ने लगा ली फांसी**

*भोपाल। चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित ईश्वर नगर में गुरुवार दोपहर एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय माता-पिता काम पर गए थे, जबकि छोटा भाई क्रिकेट खेलने गया था। दोपहर करीब डेढ़ बजे मां और भाई घर लौटे तो उन्होंने युवती को फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस को युवती के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।*



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी 2026



## युद्ध नशे विरुद्ध 2.0

### दूसरे चरण की शुरुआत


स.भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

## पिंडां दे पहरेदार

पंजाब का हर व्यक्ति अब बन सकता है अपने गाँव और समाज का रक्षक

### पिंडां दे पहरेदार की भूमिका और ज़िम्मेदारियाँ

- जहाँ नशा बेचा या सप्लाई किया जाता है, उसकी सूचना देना
- यदि कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो उसे नज़दीकी नशा मुक्ति केंद्र (ओ.ओ.ए.टी केंद्र) लेकर जाना

### फेज 1: 300 दिन में असल नतीजे

**29,978 एफ.आई.आर**
एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज

**43,276 गिरफ्तारियाँ**
राज्यभर में

**30,595 किलोग्राम**
नशा ज़ब्त

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब



भारत भवन में महाभारत के मंचन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

# सभ्यताओं के संघर्ष की गाथा पर केंद्रित महाभारत आज से

### पहली बार महाभारत समागम का आयोजन भारत भवन में 24 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैश्विक सभ्यताओं के संघर्ष और औदार्य की महागाथा महाभारत पर केन्द्रित देश का पहला और अब तक का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन भारत भवन में 16 से 24 जनवरी की तिथियों में मप्र शासन, संस्कृति विभाग के अंतर्गत वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस समागम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। नौ दिवसीय समागम में महाभारत के विभिन्न आयामों को लेकर नाटक, नृत्य-नाट्य, कठपुतली कार्यशाला, लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियां, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, इमर्सिव डोम थियेटर के माध्यम से युद्ध के खिलाफ शांति का संदेश दिया जायेगा। इस अवसर पर प्रदर्शनी- नेपथ्य, अस्त्र-शस्त्र, चक्रव्यूह एवं पताकाएं, महाभारत आधारित चित्र प्रदर्शनी, भारतीय कठपुतली, श्रीकृष्ण पाथेय न्यास की पत्रिका एवं वेबसाइट तथा प्रकाशनों- सभ्यताओं की साँस (वैश्विक कविताओं का संकलन), भूली बिसरी सभ्यताएं पुस्तकों का लोकार्पण भी होगा।

## इंडोनेशिया, श्रीलंका, जापान के प्रतिष्ठित नाट्य समूह देंगे प्रस्तुतियां

न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि आज रूस, चीन, अमेरिका, यूक्रेन, ईरान, इराक, वेनेजुएला, क्यूबा, बांग्लोदश, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान सहित पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा और टूटती सभ्यताओं की पीड़ा से गुजर रही है, ऐसे समय में महाभारत हमें आत्ममंथन और शांति का मार्ग दिखाता है। सभ्यताओं के संघर्ष और औदार्य की इस महागाथा में युद्ध की अनिवार्यता के साथ-साथ उसके दुष्परिणामों का भी गहन बोध है। उन्होंने कहा कि वैश्विक सभ्यताओं का इतिहास संघर्ष और औदार्य की साझा गाथा है। संघर्ष ने उन्हें दृढ़ता, साहस और पहचान दी, जबकि औदार्य ने सहअस्तित्व, करुणा और संवाद सिखाया। टकराव के बीच भी संस्कृतियां एक-दूसरे से सीखती रहीं और मानवता को आगे बढ़ाया। इसी उद्देश्य से भारत के साथ इंडोनेशिया, श्रीलंका, जापान के प्रतिष्ठित नाट्य समूह अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देंगे। श्रीराम तिवारी ने कहा कि वीर भारत न्यास के उद्देश्यों के अनुरूप आने वाले वर्षों में इस समागम को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विस्तार किया जायेगा।

इवेंट ऑफ द डे

होटल पलाश में संस्कृति और संगीत का रंगारंग उत्सव 'पोंगल मेगा फूड फेस्टिवल' का आयोजन

# तमिलनाडु विलेज थीम पर फूलों और केले के पत्तों पर सजे लजीज व्यंजन



माथे पर हल्दी के तिलक से आगंतुकों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माथे पर हल्दी के तिलक से आगंतुकों का स्वागत और इसके बाद केले के पत्तों पर जब करुम्बु सारू (ताजा गन्ने का रस), एलेनीर (कोमल नारियल पानी), सक्कारा पोंगल (चावल और गुड़ के साथ मीठा पोंगल), वेल्लव साधम (सादा उबले हुए चावल)और वेन पोंगल जैसी स्वादिष्ट व्यंजनों को परोसा गया तो जायकेदार लजीज व्यंजनों का स्वाद दोगुना हो उठा। साउथ के स्वादिष्ट लजीज व्यंजनों से सजा पोंगल मेगा फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है होटल पलाश रेसीडेंसी में, 18 जनवरी तक जारी इस फूड फेस्टिवल में जहां साउथ के पारंपरिक व्यंजनों को परोसा गया तो वहीं दूसरी ओर शाम तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक ने समां ओर भी सुहाना बना दिया।

### तमिलनाडु विलेज थीम पर फूलों, केले के पत्तों से सजी पूरी इकाई

एमपीटी होटल्स में मकर संक्रांति और पोंगल पर्व के रूप में आयोजित इस महोत्सव के बारे में निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया कि प्रदेशभर में स्थित एमपीटीडीसी की इकाइयों में विभिन्न भारतीय पर्वों के अवसर पर नियमित रूप से फूड फेस्टिवल और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं। इसी क्रम में मकर संक्रांति पर्व पर निगम की सभी इकाइयों में पारंपरिक व्यंजन परोसे जा रहे हैं।



ग्रामीण बाजार की तर्ज पर सजे बाजार का एक दृश्य।

### दक्षिण भारत से विशेष शेफ बना रहे जायकेदार व्यंजन



पलाश में आयोजित इस पोंगल मेगा फूड फेस्टिवल के लिए दक्षिण भारत से विशेष शेफ आमंत्रित किए गए हैं, जो पोंगल पर्व से जुड़े पारंपरिक व्यंजन तैयार कर अतिथियों को परोसेंगे। इस दौरान पूरी इकाई को तमिलनाडु विलेज थीम पर फूलों, केले के पत्तों और आकर्षक रंगोली से सजाया जा रहा है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में तिल्लाना, वर्णम की प्रस्तुति रही खास



फूड फेस्टिवल की इसी श्रृंखला में जहां एक ओर शहरवासी जायकेदार स्वाद का लुत्फ लेते नजर आए तो वहीं दूसरी ओर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में भरतनाट्यम पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां खास रहीं जिसमें सुंदर पारंपरिक वेशभूषा में सजी धजी नृत्यांगनाओं ने सबसे पहले अलारिप्पु की अपनी प्रस्तुति दी इसके बाद लय और ताल पर आधारित जटिल गतियों के रुप में जतिस्वरम की प्रस्तुति खास रही। वहीं नृत्य की इसी कड़ी में वर्णम और तिल्लाना ने दर्शकों का मन मोह लिया। जहां वर्णम में भाव (अभिनय), राग (संगीत) और ताल (लय) तीनों का प्रदर्शन किया तो वहीं तिल्लाना में तेज गति और सुंदर भंगिमाओं के प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# भारत के लोग बहुत सोलफुल हैं और यहीं से 'सोल क्लाइमेट' पुस्तक की रचना का आया विचार

### ऑस्ट्रेलियाई उपन्यासकार इनेज बाराने की पुस्तक 'सोल क्लाइमेट' पर चर्चा का आयोजन

**हालिदे एदिब के वर्ष 1935 में भारत यात्रा के पुनः अवलोकन से प्रेरित मेरी पुस्तक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्लब लिटराटी में आयोजन

जब मैं 31 साल की थी तब पहली बार भारत आई तो डॉ. अंसारी से मेरी मुलाकात हुई, उन्होंने मुझे महात्मा गांधी के बारे में बताया। मैं महात्मा गांधी से इतनी प्रभावित हुई और उनके विचारों पर चर्चा करती रहती, उनके बारे में सोचती फिर मैंने महसूस किया कि भारत के लोगों में ईश्वर के प्रति अपार आस्था है और ये लोग गहराई से ईश्वर और परमेश्वर को महसूस करते हैं। अपनी यात्रा के दौरान मैं दिल्ली, मुंबई और भारत के अनेकों स्थानों पर गई और मुझे एहसास हुआ कि भारत के लोग बहुत सोलफुल हैं, यहीं से 'सोल क्लाइमेट' शब्द मेरे दिमाग में आया और इसी पर अपनी पुस्तक लिखी... यह कहना है ऑस्ट्रेलियाई उपन्यासकार इनेज बाराने का, जिनकी पुस्तक 'सोल क्लाइमेट' पर चर्चा का आयोजन गुरुवार को अरेरा क्लब में किया गया। क्लब लिटराटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पाठकों, लेखकों और साहित्य प्रेमियों ने इतिहास, कल्पना और नैतिक कल्पनाशीलता जैसे विषयों पर भी चचाएं की। सत्र का मॉडरेशन डॉ. सीमा रायजादा ने किया।




उन्होंने बताया कि मेरा उपन्यास प्रसिद्ध लेखिका हालिदे एदिब की वर्ष 1935 में भारत यात्रा के पुन अवलोकन से प्रेरित है। उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों और काल्पनिक कथा के संयोजन की अपनी रचनात्मक प्रक्रिया साझा की और बताया कि विभिन्न संस्कृतियों व समय-कालों के पार लेखन करना एक जटिल लेकिन समृद्ध अनुभव रहा। चर्चा में राष्ट्रवाद, आस्था, नारीवाद और राजनीतिक आदर्शवाद में निहित जटिलताएं जैसे विषयों पर भी चर्चा की। बाराने ने बताया कि उपन्यास युवा महिलाओं के चित्रण के माध्यम से पहचान, विश्वास और स्वायत्तता के बीच संतुलन साधने का प्रयास करता है।

### साहित्य का उद्देश्य केवल निष्कर्ष देना नहीं.....

बाराने ने खुलेपन के साथ उत्तर देते हुए नैतिक मूल्यों अनिश्चितता और आधिकारिक इतिहासों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि साहित्य का उद्देश्य केवल निष्कर्ष देना नहीं, बल्कि पाठक को सोचने और प्रश्न करने के लिए प्रेरित करना है।

पुस्तक पखवाड़ा

## साहित्य सृजन फैशन नहीं, गहन साधना है...





**भोपाल।** लिखना आसान है लेकिन अच्छा लिखना बहुत कठिन, साहित्य सृजन फैशन नहीं साधना है, जो समर्पण की मांग करता है, साहित्य में समकालीन समय लघुकथा का है इसलिए लघुकथा लेखकों को विशेष सावधान रहने की आवश्यकता है, जरा चूके की पाठक ने नीचे गिराया। यह उदगार हैं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. योगेंन्द्रनाथ शुक्ल के जो लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा आयोजित पुस्तक पखवाड़े के 14वें सत्र की अध्यक्षता करते हुए मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। इस आयोजन में सर्वप्रथम केंद्र की ओर से सचिव घनश्याम मैथिल अमृत ने स्वागत उद ्बोधन दिया। तत्पश्चात सुधा भार्गव बेंगलुरु की कृति लालटेन, लघुकथा संग्रह पर विमर्श में भाग लेते हुए साहित्यकार और समीक्षक दिल्ली की अंजू खरबंदा ने कहा लेखिका के अनुभव का संसार व्यापक है और अनुभूति के आधार पर रची गई लघुकथाएं हैं, यह लघुकथाएं उपदेश नहीं देती परन्तु सहज ही अपना संदेश पाठक के ह्रदय पर छोड़ जाती हैं।

# सिल्वर जुबली पर पहुंचा शोध जर्नल 'समागम', डिजिटल युग में संचार की नैतिकता पर हुआ गंभीर विमर्श

### दुष्यंत संग्रहालय में 'समागम' का सिल्वर जुबली कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शोध एवं संदर्भ की अंतरराष्ट्रीय मासिक पत्रिका 'समागम' ने अपने 25वें संस्करण के साथ 25 वर्षों की वैचारिक यात्रा पूर्ण करते हुए सिल्वर जुबली समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर साहित्य, शिक्षा, मीडिया, सिनेमा, समाज सेवा और युवा प्रतिभाओं से जुड़े व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य सत्र डिजिटल युग में संचार की चुनौतियां विषय पर केंद्रित रहा। वक्ताओं ने सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म, पत्रकारिता की विश्वसनीयता, नैतिकता और जनसरोकारों पर गहन चर्चा की।



कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ पुरस्कृत हस्तियां।

### आज एक ट्वीट ही ब्रेकिंग न्यूज बन जाता है...

कार्यक्रम की शुरूआत में सेवानिवृत्त विशेष डीजीपी एवं पूर्व आईपीएस अनुराधा शंकर ने डिजिटल दौर में पत्रकारिता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल एरा में कम्युनिकेशन की सबसे बड़ी चुनौती नैतिकता की चुनौती है। डिजिटल युग के पूर्व पत्रकारों और राजनेताओं के बीच व्यक्तिगत परिचय और संवाद होता था, लेकिन आज एक ट्वीट ही ब्रेकिंग न्यूज बन जाता है। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार गिरिजाशंकर, प्रख्यात लेखक सुधीर सक्सेना, मनोज द्विवेदी (अध्यक्ष, पीआरएसआई भोपाल चैप्टर) उपस्थित रहे।

**इस अवसर पर निम्न व्यक्तियों को सम्मानित किया**

लोकमाता अहिल्या समागम शिक्षा सम्मान
डॉ. आरती सारंग-किताबों से दोस्ती, एमसीयू से शिक्षा एवं पुस्तकालय की जवाबदारी।

**लोकमाता अहिल्या समागम ज्ञान सम्मान**

संजय मेहता-थिएटर और सिनेमा; रंगमंच से बड़े पर्दे तक मध्यप्रदेश का नाम रोशन। डॉ. मोना परसाई-हिंदी सचेतक; कविता, शिक्षा, अध्यापन एवं हिंदी के प्रति समर्पण।

**लोकमाता अहिल्या समाज सेवा समागम सम्मान**

भक्ति शर्मा, जज्बा और जुनून; एमबीए होते हुए भी गांव की सेवा, वर्तमान में सरपंच। गुंजन चौकसे-बदलाव का मन; बुजुर्गों के सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयास।

**स्वामी विवेकानंद युवा प्रतिभा सम्मान**

आदित्य चौरसिया-कैमरे की आंख; जज्बा और जुनून के साथ सृजनरत। केशव किशोर-कमाल की छलांग; कम उम्र में भास्कर की लाइब्रेरी की जिम्मेदारी।

कोक स्ट्रेट में 36 किमी की वाटर स्वीमिंग में लेंगे हिस्सा

## गणतंत्र दिवस पर न्यूजीलैंड में भारत का परचम लहराएंगे पद्मश्री सत्येंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक एवं पद्म श्री से सम्मानित सत्येंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड में 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) पर अपनी टीम के साथ कोक स्ट्रेट में 36 किलोमीटर की ओपन वॉटर स्विमिंग चुनौती को पूर्ण कर भारत का परचम लहराएंगे। इसके लिए वे 14 जनवरी को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली से न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो गए हैं। यह तैराकी मैथिली फाउंडेशन स्विमिंग रिले टीम के माध्यम से की जाएगी, जिसके अंतर्गत इंग्लिश चैनल की तर्ज पर वे इस चुनौतीपूर्ण जलमार्ग को पार करेंगे। न्यूजीलैंड रवाना होने से पहले सत्येंद्र ने हरिभूमि से कहा कि मेरा यह प्रयास देश के लिए गौरव, दिव्यांग सशक्तिकरण और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का संदेश लेकर आगे बढ़ रहा है। मैं इस अंतरराष्ट्रीय अभियान के माध्यम से भारत का नाम वैश्विक मंच पर पुनः गौरवान्वित करने के लिए संकल्पित हूं।

### भोपाल तमिल संगम का पोंगल 2026 का आयोजन 18 को

**भोपाल।** मध्य भारत में तमिल संस्कृति के अग्रदूत भोपाल तमिल संगम द्वारा पोंगल 2026 का भव्य आयोजन रविवार, 18 जनवरी को कॅरियर कॉलेज ऑडिटोरियम, भेल में किया जाएगा। यह उत्सव तमिल कला, व्यंजन और परंपराओं की गहराई को अखिल भारतीय दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करेगा। आयोजन में तमिल संस्कृति की विविध झलक प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें पारंपरिक संगीत, नृत्य, कला और व्यंजनों का समावेश होगा।



## चिंतन

# अनावश्यक दबाव न बनाएं कानून को काम करने दें

केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अक्सर निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ये एजेंसियां विपक्षी दलों के निशाने पर रही हैं। सर्वोच्च अदालत भी ईडी की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर कर चुकी है। मगर हाल ही में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जो घटना हुई, उसमें न केवल ईडी, बल्कि राज्य सरकार भी सवालों के घेरे में आ गई है। केंद्रीय एजेंसी की ओर से एक राजनीतिक परामर्श फर्म के दफ्तर पर छापे के दौरान खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वहां पहुंचकर हस्तक्षेप करना निस्संदेह कई सवाल खड़े करता है। इस घटना को लेकर ईडी और मुख्यमंत्री के अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि आखिर इस तरह की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई। दरअसल, ईडी ने आईपैक मामले में कोलकाता में छापेमारी की थी। इस दौरान राज्य की ममता बनर्जी मौके पर पहुंची और ईडी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कुछ फाइलें अपने साथ ले गईं। अब इस मामले में गंभीरता से विचार करने वाली बात यह है कि क्या कोई मुख्यमंत्री या मंत्री सीधे केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई में हस्तक्षेप कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि आप एक राज्य की मुख्यमंत्री हो सकती हैं, लेकिन कानून से ऊपर नहीं। जांच एजेंसी पर अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता। कोई भी मुख्यमंत्री या मंत्री एजेंसियों की कार्रवाई में बाधा नहीं बन सकता। ममता द्वारा ईडी के अधिकारियों के खिलाफ कोलकाता में दर्ज करवाए गए केस भी किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहे जा सकते। सभी को चाहिए कि कानून को अपना काम करने दें। जांच एजेंसियों पर किसी भी सूरत में अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बड़ा झटका देते हुए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को स्थगित कर दिया और ममता बनर्जी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है और इसकी गहन जांच की जानी चाहिए। इस विवाद के कई पहलू हैं। ममता ने ईडी की कार्रवाई को जहां राजनीतिक बदला बताया है, वहीं ईडी ने इसे जांच में बाधा डालने का मामला कहा है। अब यह विवाद संवैधानिक मुद्दा बन गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच अधिकारों का टकराव हो रहा है। इसके गंभीर परिणाम दिखाई देंगे। ईडी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी ने जांच में बाधा डाली है, जबकि ममता बनर्जी ने इसे जांच की स्वतंत्रता पर हमला बताया है। ईडी का कहना है कि जब देश के उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोग सरेआम जब्त किए गए सबूत छीनते हैं और उनका मीडिया में प्रदर्शन करते हैं, तो यह सीधे तौर पर संविधान और कानून के शासन का अपमान है। इस तरह की घटनाएं जांच एजेंसियों के कामकाज को कमजोर करती हैं और कानून के पालन में बाधा बनती हैं। एजेंसी ने पश्चिम बंगाल पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हुए दावा किया कि बंगाल पुलिस ने एफआईआर के नाम पर उन सीसीटीवी कैमरों को जब्त कर लिया, जिनमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री और अधिकारियों द्वारा जांच में बाधा डालने की पूरी रिकॉर्डिंग मौजूद थी। एजेंसी ने इसे साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश करार दिया और कहा कि केंद्रीय अधिकारियों को डराने और भविष्य में जांच से रोकने के लिए उनके खिलाफ झूठी और कई एफआईआर दर्ज की जाती हैं, ताकि वे दबाव में आकर अपना काम न कर सकें।

# भारत के लिए संभावनाएं और चुनौतियां



**इस्लामिक नाटो**
कांतिलाल मांडोत

हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

दुनिया की राजनीति इस समय एक गहरे बदलाव के दौर से गुजर रही है। शीत युद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब धीरे-धीरे ढीली पड़ती दिख रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने स्तर पर नए सुरक्षा विकल्प तलाश रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। यह महज तीन देशों की आपसी नजदीकी का मामला नहीं है, बल्कि मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन पर दूरगामी असर डालने वाली प्रक्रिया का संकेत भी है। भारत के संदर्भ में यह विषय इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत के अधिकतर इस्लामिक देशों के साथ लंबे समय से कूटनीतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। खाड़ी देशों में करोड़ों भारतीय काम करते हैं और वहां से आने वाला धन भारतीय अर्थव्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ है। अब तक भारत ने इन देशों के साथ राजनीतिक मतभेदों के बावजूद व्यावहारिक और संतुलित संबंध बनाए रखे हैं।

अगर इस्लामिक देशों का कोई औपचारिक सैन्य संगठन अस्तित्व में आता है तो इस संतुलन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच सितंबर 2025 में हुआ रक्षा समझौता इस पूरी चर्चा की बुनियाद है। इस समझौते में यह प्रावधान रखा गया कि अगर दोनों में से किसी एक देश पर हमला होता है, तो उसे दूसरे देश पर हमला माना जाएगा। यह विचार पश्चिमी सैन्य गठबंधन की तर्ज पर है, जिसमें सामूहिक रक्षा की अवधारणा शामिल होती है। पाकिस्तान की खासियत यह है कि वह इकलौता इस्लामिक देश है जिसके पास परमाणु हथियार है। यही कारण है कि सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के लिए पाकिस्तान का साथ रणनीतिक रूप से आकर्षक बन जाता है। तुर्किये की संभावित भागीदारी इस गठजोड़ को और मजबूत रूप दे सकती है, क्योंकि तुर्किये के पास आधुनिक सैन्य तकनीक, प्रशिक्षित सेना और यूरोप तथा एशिया को जोड़ने वाली भौगोलिक स्थिति है। हालांकि यह भी सच है कि इस्लामिक देशों के बीच एक मजबूत और एकजुट सैन्य संगठन बनाना आसान नहीं है। इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि मुस्लिम देशों ने पहले भी इस तरह की कोशिशें की हैं, लेकिन वे अक्सर कागजों से आगे नहीं बढ़ पाईं। सऊदी अरब की पहल पर बना आतंकवाद विरोधी इस्लामिक सैन्य गठबंधन हो या इस्लामिक सहयोग संगठन के भीतर संयुक्त सुरक्षा बल का प्रस्ताव, ये सभी योजनाएं आपसी मतभेदों और राजनीतिक असहमति के चलते ठंडे बस्ते में चली गईं। शिया और सुन्नी विभाजन, क्षेत्रीय नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा और बाहरी शक्तियों से जुड़े हित इन प्रयासों की सबसे बड़ी बाधा रहे हैं। मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति इस बहस को और जटिल बना देती है। इजराइल की हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। कई इस्लामिक देशों पर हुए



हमलों के बाद अरब दुनिया में यह भावना गहरी हुई है कि उनकी सुरक्षा केवल बाहरी शक्तियों के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। तेल संपन्न खाड़ी देशों के पास धन की कमी नहीं है, लेकिन परमाणु या अत्याधुनिक रणनीतिक हथियारों के मामले में वे कमजोर हैं। ऐसे में पाकिस्तान जैसे देश के साथ खड़ा होना उन्हें एक तरह की सुरक्षा ढाल का एहसास देता है। भारत के लिए यह परिदृश्य चिंता का विषय इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान लंबे समय से इस्लामिक मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए करता रहा है। कश्मीर मुद्दे को इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठकों में उठाया जाना और आतंकी घटनाओं को अंतरराष्ट्रीय रंग देने की कोशिशें इसका उदाहरण हैं। विदेश मामलों के जानकार डॉ. राजन कुमार का मानना है कि भारत कभी नहीं चाहेगा कि इस्लामिक देशों के बीच कोई औपचारिक सैन्य संगठन बने, खासकर तब जब उसमें पाकिस्तान जैसी भूमिका हो। पाकिस्तान का परमाणु दर्जा उसे इस्लामिक दुनिया में एक अलग तरह की हैसियत देता है, जिसका इस्तेमाल वह अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कर सकता है। अगर भविष्य में इस्लामिक नाटो जैसा कोई संगठन बनता है और उसमें सामूहिक रक्षा का सिद्धांत लागू होता है, तो भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी संभावित संघर्ष का दायरा बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित न रहकर बहुपक्षीय रूप ले सकता है। तुर्किये पहले ही कई मौकों पर पाकिस्तान के समर्थन में खुलकर सामने आ चुका है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी कूटनीतिक रणनीति को और व्यापक बनाया है। ग्रीस और साइप्रस जैसे देशों के साथ रक्षा और रणनीतिक सहयोग बढ़ाना, इजराइल के साथ रिश्तों को और मजबूत करना, और पश्चिम एशिया में संतुलित नीति अपनाना इसी दिशा के कदम हैं। भारत की कोशिश रही है कि वह किसी एक खेमे में बंधने के बजाय सभी के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखे। बदलते हालात में यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा।

दूसरी ओर, यह भी समझना जरूरी है कि इस्लामिक नाटो की अवधारणा फिलहाल विचार और चर्चा के स्तर पर ही है। दोहा जैसी बैठकों में इसे सिद्धांत रूप में स्वीकार जरूर किया गया है, लेकिन कोई ठोस समयसीमा या स्पष्ट ढांचा सामने नहीं आया है। इस्लामिक देशों के आपसी मतभेद इतने गहरे हैं कि उन्हें एक मंच पर लाना ही बड़ी चुनौती है। मिस्र, जॉर्डन और कतर जैसे देश अभी भी अमेरिका के बड़े सहयोगी हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों की राजनीति और प्राथमिकताएं मध्य पूर्व से काफी अलग हैं। ऐसे में सभी का एकजुट होना आसान नहीं दिखता। फिर भी सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच बढ़ती सैन्य और रणनीतिक नजदीकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है, जिसमें क्षेत्रीय शक्तियां अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्ते तलाश रही हैं। भारत के लिए यह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि भविष्य की चुनौतियों के लिए अभी से तैयार रहना होगा, और अवसर इसलिए कि सक्रिय कूटनीति, मजबूत आर्थिक संबंधों और बहुपक्षीय संवाद के जरिए इन बदलावों को संतुलित किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि 'इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपनी रणनीति को समय के साथ ढाले और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

बाल मुकुन्द ओझा



# समाज की जटिल सच्चाई बन गए हैं बिखरते रिश्ते

परिवार के सम्बन्ध में देशभर से मिल रही ख़बरें बेहद चिंताजनक हैं। परिवार को हमारे समाज में सामाजिक और सार्वभौमिक संस्था के रूप में स्वीकारा गया है। अनुशासन, आपसी स्नेह और भाईचारा तथा मर्यादा, परिवार को एक खुशहाल परिवार बना देता है। बुजुर्गों का कहना है जिस परिवार में एकता की भावना होती है, उसी घर में ही सुख-शांति और सम्पन्नता का निवास होता है। यही सामाजिक संस्था आज खंडित होने की स्थिति में है। परिवार और बिखरते रिश्ते आज समाज की एक जटिल सच्चाई बन गए हैं। परिवार की व्यवस्था आज की नहीं है, बल्कि ऋषि-मुनियों की देन है। आज दरकते रिश्तों से परिवार व्यवस्था टूट रही है जो समाज के लिए ठीक नहीं है। आज भी देश और दुनिया, परिवार और संयुक्त परिवार की अहमियत को लेकर विवादों में उलझी है। भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली बहुत प्राचीन समय से ही विद्यमान रही है। वह भी एक जमाना था, जब भरा-पूरा परिवार हंसता-खेलता और चहकता था और एक-दूसरे से जुड़ा रहता था। बच्चों की किलकारियों से मोहल्ला गूंजता था। पैसे कम होते थे पर उसमे भी बहुत बरकत होती थी। आज परिवार छोटे हो गए हैं और टूटते जा रहे हैं। हमारे रिश्ते बिखरते जा रहे हैं। संयुक्त परिवार की आज के समय में महती आवश्यकता है। संयुक्त परिवारों के अभाव में भाईचारा एवं पारिवारिक वातावरण खत्म होने लगा है। परिवार में रिश्तों की नीरसता और संवादहीनता को दूर करने, परस्पर भाईचारे व तालमेल को बैठाने के लिए रिश्तों में सकारात्मक सोच को बढ़ाने की जरूरत है। परिवार के सभी छोटे हुए बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करें तथा दिनभर घटित होने वाली छोटी-छोटी बातों और दुख-सुख को आपस में बांटें। संयुक्त राष्ट्र ने 1994 को अंतरराष्ट्रीय परिवार वर्ष घोषित किया था। समूचे संसार में लोगों के बीच परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाने लगा है। आज बहुत से ऐसे परिवार हैं जिन्हें एक-दूसरे से खुलकर बात करने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। आज के जमाने में लाइफ स्टाइल कितनी बदल गई है। बच्चे बहुत छोटी उम्र में ही स्कूल जाना शुरू कर देते हैं। बहुत से माता-पिता काम पर चले जाते हैं। जो थोड़ा-बहुत समय वे साथ होते भी हैं, वह भी टीवी-कंप्यूटर या फोन पर चला जाता है। बहुत से परिवारों में बच्चे और माता-पिता अजनबियों की तरह अपनी-अपनी जिंदगी जीते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिजनों से आपस में बात करने में जो खुशी और आनंद मिलता है, उसकी कल्पना शब्दों में नहीं की जा सकती। परिजनों से बात करने का सुख अब विरलों को ही मिल पाता है। इससे तनाव कम होने के साथ विभिन्न पारिवारिक दिक्कतों और समस्याओं का एक ही जाजम पर हाथों हाथ निपटारा हो जाता है। परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है, जो सबको एक साथ जोड़ कर रखता है। अक्सर देखा जाता है परिजन रहते एक छत के नीचे हैं, मगर उनमें आपसी बातचीत नहीं हो पाती है। इससे परिवार में घुटन और तनाव के साथ असुरक्षा का भाव रहता है। यदि एक दिन में एक घंटे भी परिजन साथ बैठकर बातचीत कर लें तो परिवार की खुशियां द्विगुणित हो सकती हैं। हमारा देश भारत, विश्व में परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। पहले मानव एक कबीले के रूप में रहता था। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ परिवार की परिभाषा भी बदलती गई। आज संयुक्त परिवार भी विघटन के कगार पर है। लोग एकाकी रहने लगे है। सियासी प्रगति की अंधी दौड़ में हमने दुनिया को अवश्य अपनी मुट्ठी में कर लिया है, मगर परिवार नामक संस्था से विमुख होते जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि देश में पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जिसका खामियाजा बच्चे से बुजुर्ग तक को उठाना पड़ रहा है। एक ही परिवार में धीरे-धीरे एक-दूसरे से आपसी बातचीत बंद होने से अनेक समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। समय रहते बातचीत का रास्ता नहीं खुला तो तनाव, घुटन और अवसाद का सामना करना पड़ सकता है। बातचीत और आपसी संवाद खुशियों का खजाना हैं जिससे मरहूम होना किसी भी परिवार के लिए संभावित व्याधि को आमंत्रित करना है। महानगरीय संस्कृति ने परिवार व्यवस्था को मटियामेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है फलस्वरूप मानव को अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर परिवार विघटित होने से समाज व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सत्य की शक्ति सौ झूठ से बचाए



संकलित
**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।

# उत्साह के संचार की जरूरत



संकलित
**प्रेरणा**

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धंस गया और फिर धंसता ही चला गया। हाथी के फंसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## पारंपरिक नृत्य



**कोलकाता।** पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र में नवनिर्मित रंगमंच के उद्घाटन के दौरान पुरुलिया छौ कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए।

## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या? *– वीरेंद्र पाटिल, भिलाई*

## करंट अफेयर

# वर्क व पयर्टन वीजा पर नहीं लगाई गई है रोक


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत ''उच्च-जोखिम' वाले 75 देशों के लोगों के लिए प्रवासी वीजा पर लगाई गई ताजा रोक पर्यटक या कार्य वीजा पर लागू नहीं होती और इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो अमेरिका में स्थायी रूप से रहना चाहते हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ईरान, इराक और रूस सहित 75 देशों के नागरिकों के लिए प्रवासी वीजा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की बुधवार को घोषणा की। उसने कहा कि इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिकी लोगों की कल्याणकारी योजनाओं का 'अस्वीकार्य दरों' पर लाभ लेते हैं। प्रवासियों पर ट्रंप प्रशासन की सख्ती के तहत उठाया गया यह ताजा कदम उन विदेशियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए है जिनके अमेरिका में रहते हुए सार्वजनिक लाभों पर निर्भर रहने की आशंका है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रवासियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना चाहिए और अमेरिकियों पर वित्तीय बोझ नहीं बनना चाहिए। विदेश मंत्रालय सभी नीतियों, विनियमों और दिशानिर्देशों की पूर्ण समीक्षा कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च-जोखिम वाले इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिका में कल्याणकारी योजनाओं का उपयोग न करें।'



## ऑफ बीट

# चैटजीपीटी को धन्यवाद देना क्या ऊर्जा बर्बाद करना है

यदि आप अगली बार चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द हटा देंगे, तो आप अपने 'पृथ्वी' ग्रह को बचाने में मदद करेंगे। ऑनलाइन बातचीत में कहा जाता है कि चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द का उपयोग न करने का मतलब 'पृथ्वी' को बचाने में मदद करना है। यह विचार सुनने में कुछ हद तक सही लगता है क्योंकि एआई सिस्टम टेक्स्ट को क्रमिक रूप से प्रोसेस करते हैं: लंबा प्रॉम्प्ट अधिक कम्प्यूटेशन मांगता है इसलिए अधिक ऊर्जा खर्च होती है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भी माना है कि अरबों प्रॉम्प्ट के पैमाने पर यह ऑपरेटिंग लागत बढ़ाता है। फिर भी, यह कहना कि एआई को शिष्टाचार के साथ इस्तेमाल करने से पर्यावरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ता है, सही नहीं है। कुछ अतिरिक्त शब्दों का असर उस ऊर्जा की तुलना में नगण्य है जो डेटा सेंटर के संचालन में लगता है। एआई का वास्तविक पर्यावरणीय प्रभाव कृत्रिम बुद्धिमत्ता बड़े डेटा सेंटर पर निर्भर करती है, जिनमें उच्च-घनत्व कंप्यूटिंग अवसंरचना होती है। ये केंद्र भारी बिजली का उपयोग करते हैं, लगातार ठंडे रखे जाते हैं, और ऊर्जा आपूर्ति, जल और भूमि उपयोग जैसे व्यापक सिस्टम में जुड़े होते हैं।




## ट्रेंड

### युवाओं का योगदान

भारत का भविष्य ऐसे युवाओं पर निर्भर है जो वैज्ञानिक सोच रखते हों, ज़िम्मेदारी से कार्य करें और निःस्वार्थ भाव से सेवा करें। मेरा सभी युवाओं से अनुरोध है कि आप जो भी कार्य चुनें, यह सुनिश्चित करें कि आपका योगदान राष्ट्र को सुदृढ़ बनाएगा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करेगा।
- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति



### स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना

नारी शक्ति का विकास कहने से नहीं, उन्हें सच्चा प्रतिनिधित्व देने से होगा। हम 'आधी आबादी' अर्थात हर बच्ची, युवती, नारी, महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से समान सम्मान देने के लिए 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' लाएंगे।
- डिंपल यादव, सांसद, सपा




### 'फीता काटने' का इंतजार

जयपुर में आने वाली बसों का ट्रैफिक शहर से बाहर ही रोकने के लिए बनाया हीरापुरा सैटेलाइट बस टर्मिनल पिछले 2 साल से बनकर तैयार है, लेकिन सरकार के 'फीता काटने' के इंतजार में ताला बंद पड़ा है।
- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान



### विरासत ध्वस्त

भोंडे सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर आपने बनारस के मणिकर्णिका घाट में बुलडोज़र चलवाकर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करा दिया है। आप चाहते हैं कि इतिहास की हर धरोहर को मिटाकर बस अपना नेम-प्लेट चिपका दिया जाएँ।
-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

भोपाल

शुक्रवार, 16 जनवरी 2026

प्रदोष व्रत –13

वर्ष : 12, अंक : 287

पृष्ठ : 12+06=18 मूल्य : 4.00 **


**मौसम**

अधि. 22


न्यून. 08


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


04 न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर ...

विचार पेज: भारत के लिए संभावनाएं ...



MSN माता श्री नेत्रालय

मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान

माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत ...

नेत्र सेवा में विश्वास

डॉ. पी.एस. बिन्द्रा M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.

डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ

डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ

जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल

समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)

फोन : 0755-2562222, 2562233 मो.: 9826084896

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## सीएम डॉ. यादव ने 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026' का किया शुभारंभ

# मप्र सरकार जल्द लाएगी नैतिक व जिम्मेदार एआई नीति, इससे मिशन मोड पर होगा काम

*मुख्यमंत्री ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत फ्यूचर स्किल्स फॉर एआई पावर्ड भारत के लिए कौशल रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया*





विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एआई का उपयोग कर रही है। एआई वर्तमान समय में शासन, उद्योग और समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप हमारा राज्य जल्द ही अपनी नैतिक व जिम्मेदार एआई नीति लाएगा।

एआई के लिए मिशन मोड पर व्यापक रूप से कार्य किया जाएगा। प्रदेश के माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में भी एआई के उपयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल के ताज लेक फ्रंट में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत फ्यूचर स्किल्स फॉर एआई ▶▶ शेष पेज 2 पर

### मुख्यमंत्री ने लांच की 'मध्यप्रदेश स्पेसटेक नीति-2026'



मप्र रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026 में स्पेस-टेक पॉलिसी लॉन्च करते हुए सीएम

- *कहा- एआई शासन, उद्योग, समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति*
- *माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में भी एआई के उपयोग की बड़ी संभावनाएं*

### अंतरिक्ष आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की स्पेस टेक नीति लांच की। उन्होंने कहा कि यह नीति राज्य को भारत के उभरते अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी और भविष्य-उन्मुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। नीति के तहत स्पेस टेक स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई और उद्योगों को वित्तीय, अवसंरचनात्मक और अनुसंधान सहयोग प्रदान कर कृषि, आपदा प्रबंधन, जल संसाधन एवं शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह नीति निवेश, नवाचार और राष्ट्रीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में मध्यप्रदेश की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### एआई के उपयोग से बढ़ेगी प्रशासनिक दक्षता मुख्य सचिव जैन बोले

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि यह कांफ्रेंस आगामी इंडिया एआई इंपैक्ट समिट-2026 से पूर्व देश में एआई ईकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने उद्योग और अकादमिक संस्थानों के सहयोग, स्किलिंग व री-स्किलिंग की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य रिसर्च, इनोवेशन और नॉलेज आधारित होगा। मध्यप्रदेश में समग्र ▶▶ शेष पेज 2 पर

### नवाचार और कौशल विकास के लिए 7 एमओयू पर हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 6 समझौता ज्ञापन-यंगोवेटर (आंसर फाउंडेशन), सीईईडब्ल्यू (कॉउंसिल ऑन एनर्जी, एन्वायरनमेंट एंड वाटर), गूगल, नैसकॉम, एआईएसईसीटी और भाषिणी के साथ किए गए। इसके अलावा इंडिया एआई और तकनीकी शिक्षा,कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मध्य एक समझौता ज्ञापन हुआ। उच्च गुणवत्ता वाली एआई शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने के लिए इंडिया एआई मिशन देश के टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में 570 डेटा एवं एआई लैब्स की स्थापना कर रहा है।

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश में 30 डेटा एवं एआई लैब्स स्थापित की जाएंगी।



फाइल फोटो

## विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से

# 19 दिन का सत्रः 6 मार्च तक चलेगी सदन की कार्यवाही

- *20 फरवरी के पहले आएगा बजट*
- *यह सोलहवीं विधानसभा का नौवां सत्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होगा और 6 मार्च तक चलेगा। 19 दिन के सत्र में 12 बैठकें होंगी और सात दिन अवकाश के चलते बैठकें नहीं होंगी। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होने वाले सत्र में 16 से 20 फरवरी के बीच डॉ. मोहन यादव सरकार का तीसरा बजट पेश होगा। डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे। मोहन सरकार के बजट की तैयारियों के बीच विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 16 फरवरी से शुरू होने वाले सत्र में 20 फरवरी तक लगातार सत्र चलेगा। इसके बाद 23 से 27 फरवरी तक सदन की कार्यवाही चलेगी। 6 मार्च तक चलने वाले सत्र मार्च माह में अंतिम दो दिनों में 5 और 6 मार्च को बैठकें होंगी। यह सोलहवीं विधानसभा का नौवां सत्र होगा। सत्र के पहले दिन राज्यपाल मंगुभाई पटेल विधानसभा पहुंचेंगे और अभिभाषण ▶▶ शेष पेज 2 पर

### इन तिथियों में नहीं होंगी बैठकें

विधानसभा के बजट सत्र की बैठकें जिन सात दिनों में नहीं होंगी वे तिथियां 21 फरवरी, 22 फरवरी, 28 फरवरी, एक मार्च, 2 मार्च, 3 मार्च और 4 मार्च हैं। पूरे सत्र के दौरान तीन दिन 20 फरवरी, 27 फरवरी और 6 मार्च को अशासकीय कार्यों के लिए भी समय दोपहर बाद डेढ़ बजे से सदन की कार्यवाही का समय तय किया गया है।

## खबर संक्षेप

### असम के छात्र पर जानलेवा हमला



**अनूपपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (इग्नू) में असम के एक छात्र हिरोज ज्योति दास के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार, हॉस्टल में 4-5 छात्रों ने उससे पता और विभाग पूछा और असम का निवासी होने की जानकारी मिलते ही उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसकी नाक की हड्डी टूट गई और आंखों में चोटें आई हैं।

### बसपा प्रमुख की पीसी में मची अफरा-तफरी



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अफरा-तफरी के हालत बन गए। लखनऊ के पार्टी दफ्तर में मीडिया से बात करते वक्त हॉल की छत पर लगी लाइट में शॉर्ट सर्किट हो गया। चिंगारी निकलने लगी। देखते ही देखते हॉल में धुआं भर गया। कॉन्फ्रेंस हॉल में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया। तुरंत ही सुरक्षाकर्मी हरकत में आए और अग्निशमन यंत्रों का इस्तेमाल कर हालात पर काबू पाया। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

### अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 का आगाज



**नई दिल्ली।** अमेजन हर साल 26 जनवरी के मौके पर एक सेल आयोजित करता है। इस साल भी अमेजन सेल की शुरुआत 16 जनवरी 2026 से शुरुआत हो रही है। अमेजन की इलेक्ट्रॉनिक सेल में लैपटॉप पर सबसे ज्यादा 75 फीसद की छूट दी जा रही है। साथ ही एबीआई कार्ड पर 10 फीसद की अतिरिक्त छूट दी जा रही है। साथ ही 5 फीसद की अतिरिक्त डिस्काउंट मिल रहा है।

## मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझे से 8 हादसे

# इंदौर-उज्जैन में बाइक सवारों का गला कट गया, हाईकोर्ट ने रिपोर्ट तलब की

- *पिछले डेढ़ महीने में अकेले इंदौर में 13 हादसे, इनमें 2 की मौत*
- *हाईकोर्ट ने 14 जिलों की रिपोर्ट तलब की, आज होगी सुनवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मकर संक्रांति पर इंदौर और उज्जैन में चाइनीज मांझे से हादसों के 8 मामले सामने आ चुके हैं। हादसों में किसी का गला कट गया तो किसी के पैर में गंभीर चोट आई। हालांकि पतंगबाजी के इस सीजन में पिछले डेढ़ महीने में अकेले इंदौर में 13 हादसे हो चुके हैं। इनमें से दो की मौत हो गई, जबकि एक घायल गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।

चाइनीज मांझे से हो रही मौतों को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। 12 जनवरी 2026 को हुई सुनवाई में इंदौर हाईकोर्ट ने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद लगातार जानलेवा ▶▶ शेष पेज 2 पर



अशोकनगर में घायल युवक का इलाज

### छिंदवाड़ा में बच्चे के कान में 43 टांके लगाने पड़े

छिंदवाड़ा जिले में भी चाइनीज मांझे से 9 साल के बच्चे का कान कट गया। रविवार को घर के बाहर खेलने के दौरान अथर्व कराड़े चाइनीज मांझे की चपेट में आया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसके कान में 43 टांके लगाए। अथर्व को फिलहाल निगरानी में रखा गया है।

### 14 जनवरी को 4 लोग आए चपेट में

इंदौर में संक्रांति के दिन 14 जनवरी बुधवार को 4 हादसे हुए। पहला हादसा भंवरकुआं इलाके में हुआ, जहां बाइक से जा रहे एक युवक का चाइनीज मांझे से गला कट गया। हेमराज रविंद्र चौरसिया के रूप में घायल की पहचान हुई है। परदेशीपुरा इलाके के नंदानगर के रहने वाले बुजुर्ग महेश सोनी भी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। महेश के गले में चोट आई। जूनी इंदौर ब्रिज से गुजरते समय प्रेम भंडारी, निवासी तिल्लौर की बाइक के सामने अचानक चाइनीज डोर आ गई। उन्होंने बचने की कोशिश की, लेकिन गले के पास चोट लग गई। हादसे में उन्हें 8 टांके आए। रामानंद नगर के रहने वाले माधव पिता घनश्याम वसुनिया के चेहरे पर चाइनीज डोर से चोट आई। उन्हें करीब 10 टांके आए। 11 जनवरी को भी इंदौर में 3 हादसे हुए।

## ईरान के हवाई क्षेत्र के अप्रत्याशित रूप से बंद होने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली लौटना पड़ा था विमान को

# एयर इंडिया की दिल्ली-न्यूयॉर्क फ्लाइट के इंजन में सामान का डिब्बा फंसा, क्षतिग्रस्त हुआ हिस्सा

- *इंजन में कंटेनर के घुसने से विमान के दाहिने इंजन को नुकसान पहुंचा*
- *विमान को फिलहाल गहन जांच और आवश्यक मरम्मत के लिए ग्राउंडेड कर दिया गया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुरुवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर एक एयर इंडिया विमान के इंजन में सामान का डिब्बा फंस जाने के कारण उसे नुकसान पहुंचा। एयरलाइन के अनुसार यह घटना तब हुई जब एयरबस ए350 विमान हवाई अड्डे पर घने कोहरे में टैक्सी कर रहा था। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया है कि एयर इंडिया पुष्टि करती है कि दिल्ली से न्यूयॉर्क (जेएफके) के लिए उड़ान भरने





फाइल फोटो

वाली फ्लाइट एआई101 को ईरान के हवाई क्षेत्र के अप्रत्याशित रूप से बंद होने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली लौटना पड़ा, जिससे उसके नियोजित मार्ग पर असर पड़ा। एयरलाइन ने बताया कि दिल्ली में लैंड करते समय घने कोहरे में टैक्सी करते समय विमान किसी बाहरी वस्तु की चपेट में आ गया जिससे विमान के दाहिने इंजन को नुकसान पहुंचा। प्रवक्ता ने आगे ▶▶ शेष पेज 2 पर

### एयर इंडिया ने कहा

### यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है...

इस घटना पर प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करती है और उनकी सुविधा के अनुसार वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था और धन वापसी की व्यवस्था करने में सक्रिय रूप से सहायता कर रही है। एयर इंडिया के लिए सुरक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है और एयरलाइन इस समय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## जैकेट का शेष....

### अब तक 24 ...

शासन को पूरी स्थिति स्पष्ट करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने यह तो स्वीकारा कि दूषित पानी से मौतें हुई हैं, लेकिन कितनी, इस सवाल पर वे उलझ गए। कोर्ट ने उनसे पूछा कि आप कितनी मौतें मान रहे हैं।

### 17 को राहुल ने कांग्रेस ...

में हाल की घटनाओं से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे, जहां सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन होगा। 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला स्तर पर एक दिवसीय उपवास आयोजित किया जाएगा। यह उपवास मनरेगा के नाम बदलने के विरोध में होगा।

**आनंद माथुर सभागृह में करेंगे संबोधित:** दौरे के जरिए कांग्रेस नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी में जुट गई है। मध्य प्रदेश के कांग्रेस समर्थित सभी नगरीय निकायों के अध्यक्षों, नगर पालिका अध्यक्षों, पार्षदों और नेता प्रतिपक्ष को इंदौर बुलाया गया है। राहुल उन्हें आनंद माथुर सभागृह में संबोधित करेंगे, जहां चुनावी रणनीति, स्थानीय मुद्दों और पार्टी की एकजुटता पर जोर दिया जाएगा।

### कहा- भारत ने ...

हॉल में भारत की संविधान की रचना के लिए संविधान सभा की बैठकें हुई थी। भारत की आजादी के बाद 75 वर्षों तक यह इमारत भारत की संसद रही और इसी हॉल में भारत के भविष्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय और अनेक चर्चाएं हुई। अब लोकतंत्र को समर्पित इस स्थान को भारत ने संविधान सदन का नाम दिया है। भारत ने डाइवर्सिटी को डेमोक्रेसी की ताकत बना दिया। भारत ने साबित किया कि डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशन और डेमोक्रेटिक प्रोसेसेज डेमोक्रेसी को स्टेब्लिटी, स्पीड और स्केल तीनों देते हैं। उन्होंने कहा कि यह चौथा अवसर है, जब कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसिडिंग ऑफिसर्स की कॉन्फ्रेंस भारत में हो रही है। इस बार इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय इफेक्टिव डिलीवरी ऑफ पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी है। सीएसपीओएस का आयोजन भारतीय संसद द्वारा 14 से 16 जनवरी तक किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस का पिछला संस्करण जनवरी 2024 में युगांडा में हुआ था।

### भारत में डेमोक्रेसी ....

बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। आज भारत दुनिया का नंबर-2 स्टील प्रोड्यूसर है। आज भारत में दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम है। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है।

### ये हैं निधारित ...

जिसे श्रीलंका प्रस्तुत करेगा और 'संसद की सार्वजनिक समझ और मतदान से परे नागरिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए अभिनव रणनीतियां' जिसमें नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका का योगदान होगा।

### दिन में तेज गर्मी ...

और निवाड़ी में मध्यम से हल्का कोहरा रहेगा। इससे दृश्यता पर असर पड़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हुआ है, जिससे दो दिन तापमान में कमी आएगी। इसके बाद तापमान फिर से तेजी से बढ़ेगा। गुरुवार को राजधानी में दिन और रात के तापमान में करीब 3-3 डिग्री तक कमी आई है। भोपाल में दिन का पारा 2.9 डिग्री गिरकर 23.9 और रात का 1.8 कमी के साथ 8 डिग्री रहा।

### 7 जिले अब ...

कोल्ड वेव का असर हो सकता है। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी के साथ मौसम में बदलाव की भी उम्मीद है।

### बस ड्राइवर की...

गई। हादसा सुबह नेशनल हाईवे पर नीवड़ी गांव के पास हुआ। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों की मदद की और बच्चों को जिला अस्पताल मुरैना पहुंचाया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

### पुंछ और सांबा ...

से निपटा जा सके। इसी तरह, सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक ड्रोन के देखे जाने की सूचना मिली है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस घटना को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है और सीमावर्ती इलाकों में गश्त तेज कर दी है। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले भी कई मौकों पर ऐसे प्रयास किए गए हैं।

### संगम में करीब...

चौबंद इंतजाम रहे। एटीएस के साथ पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की गई। मेला संतों, साधु-संन्यासियों और कल्पवासियों के विराट समागम का केंद्र बन गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में घना कोहरा छाया दिखा।

### 9 लोगों की ....

निकला। एक का ब्रेन बाहर निकलकर गिर गया। गुना के नेशनल हाईवे बाईपास पर दो खम्बा के पास बुधवार देर रात चलती कार पर अचानक नीलगाय ने छलांग लगा दी। नीलगाय कार का कांच तोड़ते हुए अंदर जा घुसी, उसके पैर मां की गोद में बैठी मासूम बच्ची पर लगा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बच्ची के माता-पिता भी घायल हुए हैं। परिवार मकर संक्रांति मनाने गांव जा रहा था। मैहर में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक का सिर चकनाचूर हो गया। नर्मदापुरम में दो दोस्तों की जान गई है। एक का सिर ऐसा फटा कि भेजा 10 फीट दूर जाकर गिरा। वहीं, अशोकनगर में तेज रफ्तार कार पुलिया से टकराकर हवा में उछली और 70 फीट दूर जा गिरी। हादसे में युवक का सिर फट गया और ब्रेन बाहर आ गया। खंडवा में दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई।

### स्कूल जा रहे ...

और चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### कोलकाता में होगा ....

झांसी यूनिट को हाल ही में रेल बॉर्न मेंटेनेंस व्हीकल्स का ऑर्डर मिला है, जिनका उपयोग रेलवे ट्रैक के निर्माण, निरीक्षण, मरम्मत और रखरखाव में किया जाता है। यह ऑर्डर रेलवे क्षेत्र में भेल की बढ़ती भूमिका को और मजबूत करता है।

## पेज एक का शेष....

### मप्र सरकार जल्द...

पावर्ड भारत के लिए कौशल रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति-2026 लांच की। मुख्यमंत्री डॉ यादव की उपस्थिति में विभिन्न समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने उज्जैन सिंहस्थ-2028 के संचालन के लिए आयोजित उज्जैन महाकुंभ हैकाथॉन और मध्यप्रदेश इनोटेक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने 'एआई फॉर पीपल, प्लेनेट एंड प्रोग्रेस-मध्यप्रदेश रोडमैप टू इंपैक्ट' पर राज्य का प्रमुख एआई विजन प्रस्तुत किया। एमपी राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक आशीष वशिष्ठ ने कॉन्फ्रेंस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

### एआई के उपयोग....

आईडी जैसी पहलों के माध्यम से डेटा-आधारित और परिवार-केंद्रित शासन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### 19 दिन का सत्र ...

के रूप में सरकार की उपलब्धियां बताएंगे। इसके बाद सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता प्रस्ताव के जरिए चर्चा की जाएगी।

### इंदौर-उज्जैन में बाइक ...

घटनाओं का होना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई जरूरी है। इस मामले में हाईकोर्ट ने 14 जिलों की रिपोर्ट तलब की है। अगली सुनवाई शुक्रवार (16 जनवरी) को होगी।

### एयर इंडिया की दिल्ली ...

बताया कि घटना के दौरान विमान को निर्धारित पार्किंग स्थल पर सुरक्षित रूप से खड़ा कर दिया गया, जिससे विमान में सवार सभी यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। एयर इंडिया ने कहा कि विमान को फिलहाल गहन जांच और आवश्यक मरम्मत के लिए ग्राउंडेड कर दिया गया है।

# टीटी नगर स्टेडियम में एथलेटिक्स के तहत अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन

# खेलो एमपी गेम्स: ब्लॉक स्तर पर युवा खिलाड़ी दिखा रहे अपना खेल कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में गुरुवार को एथलेटिक्स, टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन खेल की टी.टी. नगर स्टेडियम में प्रतियोगिता आयोजित की गई। 100 मी. रेस में अभमराज सिंह ने प्रथम, हर्षकांत सिंह द्वितीय रहे। तीसरे पर योगेश शर्मा रहे। इधर, 200 मीटर रेस में बलजीत सिंह ने पहले, हर्षवर्धन सिंह दूसरे और वंश मीना तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर रेस में वंश मीना प्रथम, द्वितीय मोहित यादव एवं तीसरे स्थान पर आदि बघेल रहे। 800 मी. रेस में मोहित बघेल प्रथम, अजनेया सोनी द्वितीय संदीप प्रजापति तृतीय रहे। वहीं 1500 मी. रेस में अंजनेया सोनी प्रथम, संदीप प्रजापति द्वितीय तो देवांश दीक्षित तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर बाधा दौड़ में कृष्ण पंजवानी प्रथम और अर्थव शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। हाई जंप में गौरव मालवीय प्रथम, कार्तिकेय यादव दूसरे स्थान पर रहे। लांग जंप कमें देव शर्मा प्रथम तो अभयराज सिंह दूसरे स्थान पर, तृतीय स्थान आर्यन सिंह ने प्राप्त किया। शॉटपुट में अनुज क मिश्रा प्रथम, मनोज जाटव द्वित्तीय तो सुमित मारन तीसरे स्थान पर रहे। जैवलिन थ्रो में शिव कुमार सिंह प्रथम रहे। डिस्कस थ्रो का मुकाबला अनुज कुमार मिश्रा ने जीता। टेबिल टेनिस में हर्षित बघेल प्रथम, शिव ठाकुर द्वितीय तो सूर्यांश ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे।



रोप प्रतिस्पर्धा का एक दृश्य।



मलखंब पर प्रदर्शन करता एक खिलाड़ी।

इधर, बैडमिंटल सिंगल में वीरेंद्र कुशवाह प्रथम, अवनेश नेगी द्वितीय रहे। डबल्स में आर्यन-विश्वजीत की जोड़ी ने मुकाबला जीता।

### बालिकाओं ने भी मचाया धमाल

100 मीटर रेस में भूमिका गुप्ता प्रथम रहीं तो दूसरा स्थान सुमन विश्वकर्मा ने पाया, अंशिका यादव तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह 200 मीटर रेस में सानिया विर्क प्रथम, सुमन विश्वकर्मा द्वितीय, मीनल सिंह तृतीय रहीं। वहीं 400 मीटर रेस में मीनल सिंह प्रथम, सानिया विर्क द्वितीय रहीं। इसी तरह 800 मीटर रेस में मीनल सिंह ने पहला तो नंदनी चौहान ने दूसरा स्थान पाया। वहीं 1500 मीटर रेस के मुकाबले में नंदनी चौहान प्रथम रहीं। वहीं बाधा दौड़ में काजल यादव प्रथम, भूमिका गुप्ता द्वितीय रहीं। इसी तरह हाईजंप में काजल यादव प्रथम रहीं तो राशि शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और अनुष्का कुलस्ते तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं लॉन्ग जंप में अनुष्का कुलस्ते प्रथम रहीं।

# 11वां भोपाल लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट | 45 वर्ष में अमित साहू को एकल व युगल खिताब जीतकर मिली दोहरी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लाल परेड ग्राउंड स्पोर्टर्स क्लब के अमित साहू ने पुरूषों के 45 वर्ग में एकल व युगल खिताब जीतकर 11वें भोपाल लाल परेड ओपन बैडमिन्टन प्रतियोगिता में दोहरी सफलता अर्जित की। बालक अंडर 15 में अद्वैत, 35 वर्ष में संदीप नियोगी व 55 वर्ग में पियूष भटनागर ने खिताब जीता।

प्रतियोगिता का आयोजन लाल परेड ग्राउण्ड स्पोर्ट्स क्लब द्वारा पुलिस जिम्नेजियम हॉल में किया जा रहा है। पुरूषों के 45 वर्ग में अमित साहू साहू ने एकल फाइनल में पवन वाधवा को कांटे के मुकाबले में 21-15, 16-21, 21-12 से हराया। जबकि युगल फाइनल में पंकज जैन के साथ लाल परेड ग्राउण्ड के ही कमल कोटवानी व पवन वाधवा की जोड़ी को सीधे गेमों में 21-16, 21-14 से हराकर प्रतियोगिता में दोहरी सफलता अपने नाम की।

### आज खेले गए मैचों के परिणाम

- ▶▶ बालक अंडर 15 (फाइनल) अद्वैत दीक्षित विवि मनोमय यादव 22-24, 22-20, 21-17
- ▶▶ पुरूष एकल 35 (फाइनल) संदीप नियोगी विवि हेमंत गीते 21-14, 21-12
- ▶▶ पुरूष एकल 45 (फाइनल) अमित साहू विवि पवन वाधवा 21-15, 16-21, 21-12
- ▶▶ पुरूष युगल 45 (फाइनल) अमित साहू-पंकज जैन विवि कमल कोटवानी-पवन वाधवा 21-16, 21-14
- ▶▶ पुरूष युगल 50 (फाइनल) मनीष नहारे-सुनील सातव विवि राजेश गुप्ता-राजीव सक्सैना 22-20, 21-10
- ▶▶ पुरूष एकल 55 (फाइनल) पियूष भटनागर विवि नरेश कुमार बागडे 19-21, 21-16, 22-20
- ▶▶ पुरूष युगल 65 (फाइनल) जीएस जुनेजा-एमके डे विवि अनिल शर्मा-एनपी जायसवाल 12-21, 21-12, 21-12

### राघवी का एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन



बुधवार को राघवी विदुआ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अंडर-13 बालिका एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में अन्वी गुप्ता को 21—15, 21—11 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त, राघवी विदुआ ने अंडर-15 बालिका एकल वर्ग में भी शानदार खेल का प्रदर्शन किया और भूमि कौशिक को कड़े मुकाबले में 21—12, 22—24, 21—18 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीत लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने उन्हें ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए।

**बेटी राघवी की सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम: डॉ विदुआ**

अपनी पुत्री की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. राघवेन्द्र कुमार विदुआ ने कहा कि बेटी राघवी की यह सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने भोपाल जिला बैडमिंटन संघ, शटलर्स एकेडमी, भोपाल तथा लाल परेड ग्राउंड के आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए जिले में बैडमिंटन खेल को प्रोत्साहित करने के उनके प्रयासों की सराहना की।

# भोपाल डिवीज़न ने सागर को पारी और 103 रन से हराया



टीम के खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट फेथ मैदान पर खेले जा रहे (चार दिवसीय) सागर और भोपाल डिवीजन के मध्य मैच के तीसरे दिन सागर ने फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में कल के स्कोर 3/19 रन से आगे खेलते हुए 75.2 ओवरं में 163 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें यशमीत संधू 35, होमी सोलंकी 29 नाबाद और शुभ बंसल ने 29 रन बनाए। भोपाल डिवीजन से ओजस शुक्ला, अंजेश पाल, आलिफ हसन, रबजीत सिंह ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह भोपाल ने सागर डिवीजन को पारी और 103 रनों से हराया, और इस जीत के साथ भोपाल को 7 पाइंट प्राप्त हुए।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

नाम परिवर्तन

मैं भूपेन्द्र सिंह दांगी आयु 55 वर्ष पिता श्री अमान सिंह निवासी ग्राम बोथी पोस्ट रोशन पिपरिया तहसील कुरवाई जिला विदिशा म.प्र.। मेरे सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम भूपेन्द्र सिंह दांगी पुत्र श्री अमान सिंह दांगी (Bhupendra Singh Dangi S/o Aman Singh Dangi) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। पूर्व में मेरा नाम सरदार सिंह दांगी पिता श्री अमान सिंह दांगी (Sardar Sigh Dangi S/o Aman Singh Dangi) जो कि गलत था। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम भूपेन्द्र सिंह दांगी पुत्र श्री अमान सिंह दांगी (Bhupendra Singh Dangi S/o Aman Singh Dangi) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Ratnawala
SAMAY SE PAHLE KISMAT SE JYADA
रत्नवाला
141- Malviya Nagar, City Trade Center Bhopal. 89 89 678-678

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

ज्योतिष

बाबा गुलशन बंगाली, प्रेम विवाह, वशीकरण, प्यार में धोखा, सौतन दुश्मन छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, गृहक्लेश, रूठो को मनाना, संतान प्राप्ति, गड़ाधन, सभी समस्याओं का समाधान- 8535014597

RAI- 13 to 16/01/2026

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330


R- 04/12/25 to 17/01/26

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6110



**बाएँ से दाएँ**

1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6109 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| आ | जी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ड़ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रू | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |

## सूडोकु नवताल- 6120

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## राशिफल

**मेष** – किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** – चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** – मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** – न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या** – शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** – बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।


**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** – वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** – शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** – नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।


बृहन्मुंबई नगर पालिका

आज होगी मतगणना

बीएमसी समेत सभी नगर निगमों में वोटिंग खत्म

# ...3.30 बजे तक 41.08 फीसदी लोगों ने किया मताधिकार का उपयोग

एजेंसी ⏭ मुंबई

बीएमसी समेत महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो गई है। राजनीतिक पार्टियों को अब शुक्रवार को नतीजे का इंतजार है। मुंबई में बीएमसी चुनाव 2026 के लिए 3.30 बजे तक कुल 41.08 फीसदी मतदान हुआ। इसमें पुरुष मतदाता 23,27,033, महिला मतदाता 19,22,500 और अन्य 180 मतदाता शामिल हैं। कुल मिलाकर अब तक 42,49,713 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान कई दिग्गजों ने वोट डाले, जिनमें नेता- अभिनेता भी शामिल रहे।

पुरुष मतदाता अधिक

## पुणे में कुछ ईवीएम में आई तकनीकी दिक्कत


केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत कई दिग्गज अंगुली की स्याही दिखाते हुए

ईवीएम मशीनों में तकनीकी खराबी की खबरें भी आईं। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि जहां भी मशीनों में समस्या आई, वहां नियम के अनुसार तुरंत नई मशीनें लगाई गईं। एनसीपी (एसपी) नेता रोहित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पुणे और पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम क्षेत्रों में कुछ ईवीएम बंद हो गई थीं। कुछ मशीनों में समय करीब 15 मिनट पीछे चल रहा था।

### कई फिल्मी सितारों ने भी किया मतदान

फिल्म निर्देशक सुभाष घई ने बीएमसी चुनाव में मतदान करने के बाद कहा कि मैंने वोट डाला और मुझे महाराष्ट्र पर बहुत गर्व है। मैं जो भी हूं मंबई की वजह से हूं इसलिए मेरा कर्तव्य है और सबका कर्तव्य है कि वो वोट देने जरूर आएं। फिल्म अभिनेता आमिर खान और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने भी बीएमसी चुनाव के लिए वोट किया और मतदान में हिस्सा लेने की अपील की।

### डिप्टी सीएम शिंदे ने किया मतदान



शिवसेना प्रमुख और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने भी नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि लोगों में काफी उत्साह है। काफी लोग मतदान करने आए हैं। सभी को अपने शहर के विकास के लिए मतदान करना चाहिए। मुंबई में भी लोग बदलाव चाहते हैं।

बीएमसी चुनाव में स्याही विवाद

### राज ठाकरे ने लगाए धांधली के आरोप

मनसे नेता राज ठाकरे ने मतदान में इस्तेमाल की जा रही स्याही पर सवाल उठाए हैं। राज ने कहा कि जो स्याही पहले इस्तेमाल की जा रही थी, उसे नए पेन से बदल दिया गया है और इस पेन को लेकर कई शिकायतें मिली हैं।



### उद्धव ने की ईसी के इस्तीफे की मांग

यूबूटी नेता उद्धव ठाकरे ने भी धांधली के आरोप लगाए और इसे लोकतंत्र की हत्या की कोशिश बताया। राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमरे के इस्तीफे की भी मांग की। उद्धव ने निकाय और सरकार में साठगांठ के भी आरोप लगाए। रोहित पवार ने धांधली के आरोप लगाए हैं।



### अंगुली से स्याही मिटने की जांच की जाएगी

महाराष्ट्र के राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि इन वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। चुनाव आयोग मामले की पूरी पड़ताल करेगा और अगर कोई गड़बड़ी पाई गई तो जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

**महाराष्ट्र सरकार के मंत्री भी हुए परेशान**

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री गणेश नाइक भी नवी मुंबई निगम चुनाव में मतदान के लिए परेशान हुए।

## खबर संक्षेप

### आनंदा डेयरी में छापा मोबाइल-कंप्यूटर जब्त



**बुलंदशहर।** यहां के स्याना नगर के गढ़ मार्ग स्थित आनंदा डेयरी प्लांट पर गुरुवार सुबह सात बजे दिल्ली व उत्तर प्रदेश नंबर की गाड़ियों से आए आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम ने छापा मारा। प्लांट का गेट बंद कर जांच की गई। इस दौरान टीम ने डेयरी से तमाम फाइलों, कंप्यूटर और मोबाइल को कब्जे में ले लिया है।

### सीबीएसई पत्र लेखन में आवेदन आमंत्रित



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को यूपीयू 2026 अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन स्पर्धा में आवेदन आमंत्रित किया है। प्रथम स्थान वाले छात्र को 50,000 रुपए का पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उत्तम पत्र अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। 'डिजिटल दुनिया में मानवीय जुड़ाव क्यों महत्वपूर्ण है' विषय है।

### मानहानि मामला: वीसी से पेश हुईं कंगना रनौत



**बठिंडा।** भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में गुरुवार को बठिंडा की अदालत में अहम सुनवाई हुई। यह मामला3कृषि कानूनों के विरोध के दौरान बुजुर्ग महिला महिंदर कौर को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा हुआ है। रनौत अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुईं।

### डिजिटल ठगी मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की यूनिट ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े इंटर-स्टेट साइबर गिरोह का खुलासा किया है। यह गैंग खुद को पुलिस, सीबीआई और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराता था। गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

## बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय की 'रेड' पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर एफआईआर पर लगाई रोक, 2 हफ्ते में दोनों से मांगा जवाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कोलकाता में बीते 8जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को दो हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। कोर्ट ने सीसीटीवी समेत सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया।

ममता को अदालत से लगा झटका

शीर्ष कोर्ट ने बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी से मांगा हलफनामा, अदालत ने कहा सीसीटीवी फुटेज, दस्तावेज सुरक्षित रखें

अगली सुनवाई तीन फरवरी को



### टीएमसी ने भीड़ ऐसे बुला ली जैसे जंतर-मंतर हो

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा है कि वह इस मामले में नोटिस जारी कर तथ्यों की जांच करेगी। कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई के दौरान हुई अव्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एजेंसी 14 जनवरी को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई से संतुष्ट नहीं है। सुनवाई के दौरान ईडी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने आरोप लगाया कि कोर्ट रूम में बार-बार माइक बंद हो रहा था, जिससे पक्ष रखने में दिक्कत आई।

### उपस्थित अधिकारियों को निलंबित किया जाए: एसजी मेहता और राजू



ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान सीएम ममता इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन साथ ले गईं। मेहता और राजू ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ को बताया कि कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बंगाल के डीजीपी और बड़ी पुलिस टीम भी मौजूद थी। ईडी का दावा है कि पुलिस ने एजेंसी के अधिकारियों के मोबाइल फोन तक छीन लिए।

### ईडी तो कोयला घोटाला की जांच कर रही थी...

कोर्ट ने ईडी से पूछा कि वह वहां किस जांच के सिलसिले में गई थी? मेहता ने कहा कि ईडी अवैध कोयला घोटाले की जांच कर रही थी, न कि किसी चुनावी डेटा को जब्त करने। जांच में हवाला चैनल और करीब 20 करोड़ के नकद लेन-देन के सबूत मिले हैं। आई-पैक से जुड़े 10 ठिकानों पर तलाशी ली थी।

### डीजीपी राजीव को निलंबित करें

ईडी ने नई याचिका दायर की है, जिसमें पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार के निलंबन की मांग की गई है। ईडी ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी मांग की है, आरोप लगाते हुए कि उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया।

### ईडी के आरोप गलत, ममता ने बाधा नहीं डाली: सिब्बल

बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने ईडी के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केवल प्रतीक जैन का लैपटॉप और उनका निजी आईफोन लेकर गई थीं, क्योंकि उसमें चुनाव से जुड़ा संवेदनशील डेटा था। सिब्बल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रेड में कोई रुकावट नहीं डाली। कोर्ट ने टिप्पणी की कि अगर ईडी दस्तावेज जब्त करना चाहती, तो वह ऐसा कर सकती थी। कोर्ट ने साफ कहा हमें इस मामले की जांच करनी होगी।



### चुनाव के समय अचानक रेड क्यों?

सिब्बल ने सवाल उठाया कि अगर कोयला घोटाले की जांच पहले से चल रही थी, तो चुनाव के समय रेड क्यों की गई।?इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बंगाल में चुनाव आई-पैक नहीं, बल्कि चुनाव आयोग कराता है।


### याचिका में लगाए गए आरोप गलत: सिंघवी

राज्य सरकार और डीजीपी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यदि कोर्ट नोटिस जारी करता भी है, तो यह साफ किया जाए कि यह उनकी आपत्ति के अधीन होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ईडी फोरम शॉपिंग कर रही है, क्योंकि इसी तरह की राहत पहले ही हाईकोर्ट से मांगी जा चुकी है। ईडी की याचिका में लगाए गए आरोप और पंचनामा एक-दूसरे से मेल नहीं खाते।



## बिरला का सीएसपीओसी में स्वागत भाषण

# चुनौतियों से निपटने सामूहिक विवेक, साझा जिम्मेदारी जरूरी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) में स्वागत भाषण देते हुए राष्ट्रमंडल के संसदीय मंच की भूमिका पर बल दिया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे मंच विभिन्न देशों के पीठासीन अधिकारियों को वैश्विक महत्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए एक साथ लाने की विशिष्ट क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व के विधानमंडलों के समक्ष उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक विवेक और साझा जिम्मेदारी आवश्यक है।

### एआई से होगी कार्यकुशलता में वृद्धि

बिरला ने समाज और शासन को प्रभावित कर रहे तीव्र तकनीकी परिवर्तनों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) तथा सोशल मीडिया ने लोकतांत्रिक संस्थानों की कार्यकुशलता और प्रभावशीलता में वृद्धि की है। उन्होंने यह भी कहा कि इनके दुरुपयोग से दुष्प्रचार, साइबर अपराध और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी गंभीर चिंताएं उत्पन्न हुई और इन चुनौतियों से गंभीरता से निपटना और उपयुक्त समाधान निकालना विधायिकाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए नैतिक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस तथा विश्वसनीय, पारदर्शी और जवाबदेह सोशल मीडिया ढांचों के बढ़ते महत्व पर बल दिया।

### विधायी संस्थाओं को पेपरलेस बना रहे

भारत के अनुभव को रेखांकित करते हुए बिरला ने बताया कि भारत की संसद और राज्य विधानसभाओं में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विधायी संस्थाओं को उत्तरोत्तर पेपरलेस बनाया जा रहा है और उन्हें एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से जोड़ा जा रहा है, जिससे पारदर्शिता, दक्षता और सुलभता के नए मानक स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद और सरकार के साझे प्रयासों से भारत ने अनेक पुराने और अनावश्यक कानूनों को हटाया है, नए जनकल्याणकारी कानून बनाए हैं तथा जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप नीतियां तैयार की हैं।

## उत्तराखंड के चमोली में आग

# नंदा देवी वन में लगी आग पर काबू पाने हेलिकॉप्टर तैनात

एजेंसी ⏭ चमोली

उत्तराखंड के चमोली जिले में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच स्थित पथरीले इलाके में जंगल में आग लगने के बाद जिला प्रशासन को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है। नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच चट्टानी क्षेत्र में लगी जंगल की आग को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। क्षेत्र की दुर्गमता को देखते हुए, हेलीकॉप्टर का उपयोग करके हवाई टोही और अग्निशमन के लिए एक योजना तैयार की गई है। जिला मजिस्ट्रेट गौरव कुमार की पहल पर हेलीकॉप्टर से सर्वेक्षण की अनुमति दे दी गई है। डीएफओ सर्वेश दुबे ने बताया कि घाटी और हेमकुंड साहिब सुरक्षित हैं। जमीनी टीमें हेलीकॉप्टर और ड्रोन की निगरानी से आग बुझाने का काम कर रही हैं।



## पश्चिम बंगाल में निपाह का डर

# 3 और लोगों में संक्रमण का खतरा, अब तक 5 संक्रमित

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में इन दिनों निपाह वायरस का असर देखा जा रहा है। अब तीन अन्य लोगों को निपाह से संक्रमित पाया गया है। इसके साथ अब पश्चिम बंगाल में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है।पहले जिन दो स्वास्थ्य कर्मियों को संक्रमित पाया गया था, उनका अब भी आईसीयू में इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इन मरीजों के संपर्क में आए करीब 120 लोगों को ट्रैक किया है।




### संक्रमण और बढ़ा

इस संक्रामक बीमारी ने डॉक्टर्स को अलर्ट कर दिया है। निपाह के संक्रमण की दर और मृत्यु का खतरा दोनों ही अधिक रहता है। 40-70 फीसदी मरीजों की मौत हो जाती है। इ स पर स्थानीय लोगों को सावधानी बरतते रहने की सलाह दी गई है।

## मैंने अकाल तख्त को चुनौती नहीं दी



### सचिवालय के सामने पेश हुए सीएम मान

**अमृतसर।** पंजाब के सीएम भगवंत मान गुरुवार को श्री अकाल तख्त साहिब के सचिवालय सामने पेश हुए। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों के मद्देनजर तख्त के सामने अपना पक्ष रखा। पेशी से पहले उन्होंने गुरुवार को स्वर्ण मंदिर में माथा टेका। मान ने कहा कि मैंने यह भी स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही इस बात में कोई सच्चाई नहीं है अकाल तख्त को लेकर ऐसा करने का मुझे कोई भी अधिकार नहीं है।

## मायावती की पीसी में शॉर्ट सर्किट से मची अफरा-तफरी

मायावती ने 70वें जन्मदिन पर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

# ब्राह्मणों को साधने का किया प्रयास चोखा-बाटी नहीं उन्हें सम्मान चाहिए

एजेंसी ⏭ लखनऊ

अपने जन्मदिन पर लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सभी सरकारें बसपा द्वारा ही चलाई जा रही योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं। विरोधियों ने भ्रम फैलाकर बसपा को तोड़ने की कोशिश की है। कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं। इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में 5वीं बार बसपा की सरकार बनानी है। मायावती ने ब्राह्मणों को साधने का प्रयास किया।

### सुरक्षा घेरे में बाहर निकाली गईं



मायावती के जन्मदिन के मौके पर बड़ा हादसा टल गया। मायावती की प्रेस कॉन्फ्रेंस (पीसी) के दौरान ही अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। बिजली को बोर्ड से चिंगारी के साथ ही धुआं निकलने लगा। घटना उस वक्त हुई जब मायावती की प्रेसवार्ता समाप्त होने ही वाली थी। देखते ही देखते पूरे हॉल में धुआं भर गया। इससे वहां मौजूद पत्रकारों और नेताओं में हड़कंप मच गया।

### तत्परता से टला बड़ा हादसा

शॉर्ट सर्किट से बिजली के बोर्ड से चिंगारियां निकलने लगीं और धुआं छा गया। सुरक्षाकर्मियों ने गजब की फुर्ती दिखाई। खतरे को भांपते हुए सुरक्षा घेरे ने तत्काल पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को लेकर सुरक्षित तरीके से हॉल से बाहर निकाला।

## गुरुनानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# शिक्षा को बताया समाज और राष्ट्र की सेवा का साधन

एजेंसी ⏭ अमृतसर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को पंजाब के अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि औपचारिक शिक्षा पूरी करने के बाद छात्र अलग-अलग दिशाओं में अपनी यात्रा शुरू करेंगे। कुछ सरकारी या निजी क्षेत्र में सेवा करेंगे, कुछ उच्च शिक्षा या अनुसंधान करेंगे, जबकि कई अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करेंगे या शिक्षण में अपना भविष्य बनाएंगे। शिक्षा का उपयोग कठिन परिस्थितियों में भी नैतिक मूल्यों, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी का दृढ़ पालन, परिवर्तन को अपनाने का साहस, और आगे बढ़ने का संकल्प का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित के लिए करना है।

राष्ट्रपति ने कहा- प्रगति को और गति दें

## छात्र शिक्षा को केवल आजीविका का साधन न बनाएं


राष्ट्रपति मूर्मू

### युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन दें विवि

हाल के वर्षों में पंजाब में मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या एक गंभीर चुनौती बनकर उभरी है। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य, बल्कि समाज के सामाजिक, आर्थिक और नैतिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर रही है। एक स्वस्थ समाज के लिए इस समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है। इस विश्वविद्यालय के सभी हितधारकों को युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

### निस्वार्थ सेवा और जिम्मेदारी को समझें

उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के निर्माण में अगले दो दशक अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत का भविष्य उन युवाओं पर निर्भर करता है, जो वैज्ञानिक सोच रखते हैं, जिम्मेदारी से कार्य करते हैं और निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। छात्रों में इन मूल्यों को विकसित करने का आग्रह किया।

### शिक्षा को लोगों के उत्थान का जरिया बनाएं

राष्ट्रपति ने कहा कि ये गुण न केवल उन्हें एक अच्छा पेशेवर बनाएंगे, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाएंगे। उन्होंने छात्रों को याद दिलाया कि शिक्षा केवल जीविका का साधन नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का भी साधन है। उन्होंने कहा कि जिस समाज ने उन्हें शिक्षा प्रदान की है, उसके प्रति वे ऋणी हैं। विकास की राह में पिछड़ चुके लोगों के उत्थान के प्रयास करना इस ऋण को चुकाने का एक तरीका हो सकता है।

## अभी सारा ध्यान न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला पर: डोएशे

**राजकोट।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का कहना है कि अगले महीने होने वाला टी20 विश्व कप अभी 'काफी दूर' है और टीम का ध्यान फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय श्रृंखला पर है जो मेहमान टीम के यहां दूसरा मैच जीतने के बाद 1-1 से बराबर है। गत चैंपियन भारत सात फरवरी से शुरू होने वाले 20 टीम के टी20 विश्व कप की सह मेजबानी करेगा। वे न्यूजीलैंड के साथ एक कड़ी एकदिवसीय श्रृंखला खेल रहे हैं जिसका निर्णायक मैच रविवार को इंदौर में होना है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए वाशिंगटन, विश्व कप में खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हुए वाशिंगटन सुंदर अब टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। भारतीय ऑलराउंडर को बाएं निचले पसली हिस्से में साइड स्ट्रेन की समस्या हुई है। यह चोट उन्हें पहले वनडे में गेंदबाजी के दौरान लगी थी, जिसके बाद उन्हें वनडे सीरीज से भी बाहर कर दिया गया। अब 5 मैचों की टी-20 सीरीज में भी सुंदर टीम का हिस्सा नहीं होंगे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./27/लो.क.वि./न.पा./ 2026 — कुम्हारी, दिनांक 15/01/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का विवरण | अनु. ला. (लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 183885 | नगर पालिका परिषद कुम्हारी में स्वच्छता विभाग हेतु उच्चकुशल, कुशल एवं अकुशल 81 श्रमिक आपूर्ति कार्य। | 127.71 | 06/02/2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी





## स्टीफंस ने किया ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई

**मेलबर्न।** स्लोएन स्टीफंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो एक साल पहले मेलबर्न पार्क में शीर्ष रैंक वाली एरिना सबालेंका से पहले दौर में हारने के बाद उनका पहला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है। अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन ने बाएं पैर की चोट से उबरने के बाद सत्र की पहली ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में 1,097वीं रैंकिंग के साथ प्रवेश किया था।

## ग्रैंड टूर रोड रेस साइकिलिंग 19 से, धोनी होंगे दूत

**पुणे।** भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को बजाज पुणे ग्रैंड टूर का दूत बनाया गया जो देश में पहली बार होने वाली यूसीआई 2.2 वर्ग की 'मल्टी-स्टेज' रोड रेस साइकिलिंग प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 जनवरी तक यहां आयोजित की जाएगी जिसमें 35 देशों की 29 टीम के 171 राइडर हिस्सा ले रहे हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

(निर्माण विभाग)

**खुली ई-निविदा सूचना**

**भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम एवं स्थान:** धनबाद डिवीजन के तहत चोपन के चुनार के बीच डबलिंग प्रोजेक्ट के संबंध में Km 141.430 (चोपन यार्ड) से Km 143.070 (NCR लाइन) तक 25KV OHE का डिजाइन, ड्राइंग, मॉडिफिकेशन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग और CEE/C/S/MHX के तहत SKTN यार्ड से NCL खड़िया साइडिंग या किसी अन्य लोकेशन तक HOE कनेक्टिविटी की व्यवस्था। **e-Tender No. EL/C/S/MHX/ETEN/06/25-26 कार्य की अनुमानित लागत:** रूपये 5,72,79,536.47/– **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य:** NIT के अनुसार एवं रुपये शून्य **कार्य पूर्ण करने का समय:** 12 माह **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 02.02.2026 दोपहर 12.00 बजे तक **वेबसाईट विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां विविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** आई.आर.ई.पी.एस वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

**Dy.CEE/CON-II/S/MHX**

पीआर/1623/एमएचएक्स/टी/25–26/40



बिहार सरकार

**उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता**

पटना जिला विधि शाखा, पटना
(पटना समाहरणालय, गाँधी मैदान, पटना–800001)

**बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत जब्त वाहनों के मालिकों के लिए नोटिस (अति अल्पकालीन)**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहनों के मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जब्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में वाहन उत्पाद अधिहरण वाद संधारित है, **जिसकी सुनवाई** पटना जिला समाहरणालय के प्रथम तल पर कमरा संख्या–101 **में दिनांक–29.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे निर्धारित की गई है।**

| क्र० सं० | अधिहरण वाद सं० | थाना कांड सं० | जब्त वाहन/निबंधन सं० | वाहन मालिक का पूर्ण पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 101/2025-26 | उत्पाद थाना दानापुर कांड सं0–163/25, दिनांक–08.04.2025 | मारूति सुजुकी कार निबंधन सं0–**MP04V-3855** चेचिस संख्या–1301527 इंजन संख्या– 1799461 | श्री शेलेन्द्र कुमार सिन्हा, पिता–श्री बी0पी0 सिन्हा, सा0–स्वपनील अपार्टमेंट VI-S4 त्रिरलंगा, थाना–शाहपुर, जिला–भोपाल (मध्यप्रदेश) पिन–462039 |

उत्पाद वाहन अधिहरण वाद से उक्त थाना कांड़ में जप्त वाहन स्वामी अथवा अन्य कोई दावेदार को निदेश दिया जाता है कि वे अपने उपर लगे आरोप के संबंध में न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं/अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि को कारण पृच्छा प्रस्तुत करें। अन्यथा आपके अनुपस्थित पाये जाने पर एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए राज्यसात् ओदश पारित कर दिया जायेगा।

(नोट:– यदि वाहन स्वामी चाहे तो बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली 2021 के नियम 12(क) के उपनियम (2)(उत्पाद नीति–01–03/2021/3671–31.05.2023) के तहत जिसमें शास्ति की राशि वाहन के बीमाकृत मूल्य के 10 प्रतिशत से कम और 05 (पाँच) लाख से अधिक नहीं होगी एवं जुर्माने की राशि का 03 प्रतिशत अतिरिक्त राशि BSBCL को जमा कराकर वाहन को छोड़ने का प्रावधान है। यदि वाहन स्वामी अपने वाहन को विमुक्त कराना चाहते हैं तो प्रपत्र–IV में आवेदन दाखिल कर वाहन को विमुक्त करा सकते हैं।)

**इसे सख्त ताकीद समझे।**

**वरीय उप समाहर्त्ता**
**जिला विधि शाखा, पटना**

PR- 021893 ( District ) 2025-26

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**








हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930






# राशन दुकान में स्टॉक मिलाने गेहूं की जगह भरा भूसा, 72 बैग्स में भरे चावल की कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में आधार और ईकेवायसी के बाद भी राशन दुकानदार गड़बड़ी कर रहे हैं। पिछले दिनों में खाद्य अमले ने राजधानी की सात पीडीएस दुकानों की जांच की थी, जिसमें दुकान नंबर-62 जय लक्ष्मी प्राथमिक भंडार में गेहूं का स्टॉक मिलान करने के लिए संचालक ने गेहूं की बोरियों के बीच में 15 बोरियों में भूसा भरकर रख दिया। इधर, दुकान नंबर-67 सक्षम प्राथमिक भंडार बंजारी में स्टॉक से हटकर 72 बोरियों में चावल मिला, जो कालाबाजारी में लिए रखा गया था। इधर पांच अन्य दुकानों पर भी गड़बड़ी मिलने के बाद सात दुकानों को सस्पेंड कर दिया गया है।

*कलेक्टर की परमिशन के बाद जब्त होगा राशन का अधिक स्टॉक*

*आधार और ईकेवायसी के बाद भी चल रहा गड़बड़ी का खेल*

## जांच के दौरान पीडीएस दुकानों में मिली गड़बड़ी, सात दुकानें सस्पेंड



### इन दुकानों पर की सस्पेंशन की कार्रवाई

*जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने राशन बांटने में गड़बड़ी की शिकायत के बाद सहायक आपूर्ति अधिकारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को पीडीएस दुकानों की निगरानी करने की हिदायत दी थी, जिसके बाद टीम ने सात अलग-अलग दुकानों में जांच के दौरान राशन के स्टॉक में गड़बड़ी पकड़ी। जिसको लेकर जिला आपूर्ति नियंत्रक ने सातों दुकानों को सस्पेंड कर दिया है। जिसमें दुकान नंबर-62 जय लक्ष्मी प्राथमिक भंडार, दुकान नंबर-67 सक्षम प्राथमिक भंडार बंजारी, दुकान नंबर-89 सहयोग प्राथमिक भंडार, दुकान नंबर-31 छत्रसाल महिला प्राथमिक, दुकान नंबर-94 राजेंद्र प्राथमिक भंडार, दुकान नंबर-55 सूरज महिला प्राथमिक भंडार और दुकान नंबर-67 सक्षम प्राथमिक भंडार बंजारी शामिल है।*

### कहां, क्या मिली गड़बड़ी

- दुकान नंबर-62 में गेहूं 42.43 क्विंटल, चावल 28.83 क्विंटल कम और नमक 2.16 क्विंटल और शक्कर 5 किलो अधिक मिली, यहां 15 बोरियों में भूसा भरकर स्टॉक मिलान के लिए रखा था।
- दुकान नंबर-67 में गेहूं 1.29 क्विंटल अधिक और 6.2 क्विंटल चावल कम मिला। यहां 72 बोरियों में चावल भरकर रखा गया था, जिसे जब्त कर लिया गया है।
- दुकान नंबर-89 में गेहूं 28.50, चावल 25.20 क्विंटल, शक्कर 51 किलो कम और नमक 2 क्विंटल 14 किलो अधिक
- दुकान नंबर-31 में गेहूं 52.93 कम और 75 किलो नमक अधिक
- दुकान नंबर-94 में गेहूं 32 किलो कम, चावल 17.50 किलो अधिक
- दुकान नंबर-55 में गेहूं 55 किलो कम
- दुकान नंबर-64 में गेहूं 7.26, चावल 12.84 क्विंटल कम, 9.54 क्विंटल नमक और 17 किलो शक्कर अधिक

## ट्रिब्यूनल ने इसे संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत स्वच्छ पेयजल के अधिकार का उल्लंघन माना

# जहरीले पानी पर एनजीटी सख्त, पूरे प्रदेश में निगरानी व सुधार के आदेश, शहरों की जल आपूर्ति जांच के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एनजीटी ने मध्यप्रदेश में दूषित पेयजल को गंभीर जन-स्वास्थ्य संकट मानते हुए इंदौर त्रासदी के बाद भोपाल समेत सभी शहरों की जल आपूर्ति को जांच के दायरे में लिया है। पूरे प्रदेश में 24×7 निगरानी, क्लोरीनेशन, पाइपलाइन सुधार और जवाबदेही तय करने के सख्त आदेश दिए गए हैं। मध्यप्रदेश में दूषित पेयजल से फैल रही बीमारियों और मौतों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोन बेंच ने कड़ा रुख अपनाया है। इंदौर और प्रदेश के अन्य शहरों में सप्लाई हो रहे पानी में फीकल कोलिफॉर्म, ई-कोलाई और खतरनाक बैक्टीरिया पाए जाने को गंभीर पर्यावरणीय और जनस्वास्थ्य संकट मानते हुए ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार और सभी नगर निगमों को व्यापक निर्देश जारी किए हैं।

एनजीटी ने स्पष्ट कहा है कि यह समस्या केवल इंदौर तक सीमित नहीं है, बल्कि भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, सतना और अन्य शहरों में भी पेयजल व्यवस्था में गंभीर खामियां सामने आई हैं। ट्रिब्यूनल ने इसे संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत स्वच्छ पेयजल के अधिकार का उल्लंघन माना है। यह आदेश याचिकाकर्ता राशिद नूर खान बनाम कलेक्टर, इंदौर एवं अन्य मामले में पारित किया गया।

*दूषित पेयजल से फैल रही बीमारियों और मौतों के मामलों में ट्रिब्यूनल गंभीर*

*24×7 निगरानी, क्लोरीनेशन, पाइपलाइन सुधार, जवाबदेही तय करने के आदेश*



**इंदौर में पानी से मौतें, सिस्टम फेल होने की पुष्टि**

एनजीटी के समक्ष प्रस्तुत याचिकाओं में बताया गया कि दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में अत्यधिक दूषित पानी की आपूर्ति के कारण बड़े पैमाने पर लोग बीमार पड़े, कई को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा और मौतें भी हुईं। लैब रिपोर्ट में पानी में वाइब्रियो कॉलरी, फीकल कोलिफॉर्म और ई-कोलाई की पुष्टि हुई, जिससे सीवेज के पानी के पेयजल पाइपलाइन में मिलने की बात सामने आई।

### एनजीटी ने राज्य सरकार, सभी नगर निगमों को दिए निर्देश

- पेयजल की 24×7 मॉनिटरिंग के लिए वाटर ऐप विकसित किया जाए
- जल पाइपलाइनों और सीवेज नेटवर्क की जीआईएस मैपिंग की जाए
- ओवरहेड टैंकों और सम्पवेल्स की नियमित सफाई और क्लोरीनेशन हो
- दूषित जल आपूर्ति पर तुरंत जनसूचना और अलर्ट सिस्टम लागू किया जाए
- अवैध कब्जे हटाए जाएं और जल स्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए
- पानी की गुणवत्ता की जानकारी बिल और मीडिया के जरिए जनता को दी जाए।

### जांच के लिए हाई लेवल जॉइंट कमेटी गठित

ट्रिब्यूनल ने आईआईटी इंदौर, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त जांच समिति गठित की है। समिति को छह सप्ताह में साइट निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य पीसीबी को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

## *दूषित पानी को लेकर मप्र सरकार का सख्त कदम - अब वाटर सैंपल की जियो टैगिंग, ऑनलाइन होगी रिपोर्ट*

सरकार ने प्रदेश में स्वच्छ जल अभियान की शुरूआत की है। इसके लिए अब तकनीकी की मदद ली जा रही है। नगरीय विकास विभाग घरों में सप्लाई होने वाले पेयजल की लगातार सैंपलिंग के साथ अब जांच में गड़बड़ियां रोकने के लिए सैंपल की जिओ टैग मैपिंग भी करने का फैसला लिया है। सैंपल लेने वाले अमले को जियो टैग फोटो मोबाइल ऐप से अपलोड करना होगा। इसी प्रकार रिपोर्ट भी लैब से ऑनलाइन ही जारी करनी होगी। पूरी रिपोर्टिंग सॉफ्टवेयर आधारित सिस्टम से ही होगी। नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि पानी की टंकी की सफाई के बाद जियो टैग फोटो अपलोड करना होगा। इससे डेटा हर समय ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। ऐसे में सह्रश्वलाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग आसान और सख्त होगी। आयुक्त के अनुसार, पूरे प्रदेश में जलप्रदाय और सीवेज पाइपलाइनों के सुधार का कार्य जारी है। निकायों को ऑनबोर्ड कर उनके लॉगिन बनाए हैं। इससे लिए अमले को प्रशिक्षित भी कर रहे हैं।

### पहला चरण 28 फरवरी तक, जियो टैग मैपिंग से करेंगे निगरानी

स्वच्छ जल अभियान का पहला चरण 28 फरवरी तक चलेगा। इसके बाद 1 मार्च से 31 मई तक दूसरा शुरू होगा। पूरे प्रदेश में सतही और भू-जल पेयजल स्त्रोतों की परखी जाएगी। सभी जल शोधन संयंत्र, पेयजल संग्रहण की टंकी, वितरण प्रणाली से प्रदाय किए जाने वाले जल की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही सभी ओवरहेड टंकियों की सफाई की जाएगी। जियो टैग मैपिंग से स्पष्ट होगा कि सैंपल कहां से लिया गया और किसने लिया, किस लैब में जांच कराई गई और रिपोर्ट क्या रही। इसे मोबाइल ऐप के माध्यम से सभी देख सकेंगे। इससे सैंपलिंग में किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका नहीं रहेगी।

## संबद्ध कॉलेजों के छात्र-छात्राएं हो रहे परेशान

# बीयू ने एक महीने में दूसरी बार अचानक स्थगित की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में एक बार फिर परीक्षाओं को लेकर परीक्षार्थी परेशान हैं। गुरुवार को एक महीने में दूसरी बार बीयू ने यूजी और पीजी की परीक्षाएं निरस्त कर दी हैं। शुक्रवार से शुरू होने वाली परीक्षा में शामिल होने के लिए सैकड़ों की संख्या में छात्र दूसरे राज्यों और दूसरे जिलों से भोपाल पहुंचे, लेकिन गुरुवार को ही विवि ने अचानक यह परीक्षा केंसिल कर दी है। परीक्षार्थियों का कहना है कि छात्रों ने अपने अपने कॉलेजों में प्रायोगिक परीक्षाएं दी हैं।

इसके बाद उन्हें शुक्रवार से अपने-अपने विषयों की परीक्षाओं में शामिल होना था। लेकिन गुरुवार को बीयू अचानक ही अधिसूचना जारी कर दी है जिसमें स्पष्ट किया गया है कि दिनांक 16 से 21 जनवरी तक आयोजित होने वाली परीक्षाएं स्थगित की जाती हैं। इससे पहले यूजी और पीजी की सेमेस्टर परीक्षाएं पहले 24 दिसंबर, 2025 को आयोजित की गई थी, लेकिन इन्हें निरस्त कर दिया गया। इसके बाद यह परीक्षाएं 16 जनवरी 2026 को आयोजित की जानी थी।

बीयू प्रशासन ने कहा- एसआई भर्ती परीक्षा के कारण विवि ने यह परीक्षाएं की निरस्त



### अन्य परेशानियों का भी करना पड़ रहा सामना

विद्यार्थियों का कहना है कि बीयू से संबद्धता रखने वाले अधिकतर बीएड कॉलेजों में उत्तर प्रदेश, बिहार और प्रदेश के अन्य जिलों के विद्यार्थी पढ़ते हैं। यह छात्र अभी सर्दी के मौसम में परीक्षा देने के लिए भोपाल और अन्य केंद्रों में पहुंच गए हैं, लेकिन अचानक परीक्षा स्थगित होने से सब परेशान हो रहे हैं। उन्हें अब लौटने से लेकर रुकने तक की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### एसआई भर्ती परीक्षा के कारण की निरस्त

इस मामले में बीयू प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि यूजी-पीजी और बीएड आदि की परीक्षाएं पहले से निर्धारित समय पर ही होना तय थीं, लेकिन एसआई भर्ती परीक्षा का टाइम इस परीक्षा से मिल रहा है, जिससे कई परीक्षार्थियों को कोई एक परीक्षा छूट सकती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए विवि ने इन परीक्षाओं को निरस्त किया है।

## डेढ़ दर्जन से अधिक बसों की जांच

# *बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ रोकने बिना परमिट-फिटनेस के चल रहीं 3 स्कूल बसें जब्त*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्कूल बसों की अनियमितताओं को लेकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) भोपाल ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को रायसेन रोड, विदिशा रोड व नर्मदापुरम रोड सहित अन्य जगहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान डेढ़ दर्जन से अधिक बसों की जांच की गई। इस दौरान बिना परमिट और फिटनेस के दौड़ रही 3 बसें मिलीं। जिनको आरटीओ अमले द्वारा जब्त की गईं। ये सभी वाहन जब्त कर आ र टी ओ कार्यालय में खड़े कर दिए गए हैं। आरटीओ अमले ने मौके पर ही दस्तावेजों की बारीकी से जांच की और जिन वाहनों में भारी खामियां पाई गईं, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निदेश अनुसार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल की टीम द्वारा स्कूली बसों की जांच की गई। इस दौरान स्कूल बस एमपी 04पीए 2818 फिटनेस एवं परमिट न होने के कारण, एमपी 04 पीए 3073 का फिटनेस समाप्त एवं एमपी 04 डीबी1216 को फिटनेस न होने के कारण जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी स्कूल बसों के दस्तावेज जैसे फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट और बीमा की अनदेखी गंभीर अपराध है। यह सीधे तौर पर बच्चों की जान से खिलवाड़ है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि परिवहन विभाग आने वाले दिनों में और भी सख्त चेकिंग अभियान चलाएगा। जो वाहन नियमों के विपरीत पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



## आयुष मेडिकल एसो. ने किया स्वागत

# अब 65 नहीं 70 वर्ष में सेवानिवृत्त होंगे आयुष चिकित्सा शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश समेत देश भर के आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में सेवानिवृत्ति आयु 65 से बढ़ाकर 70 वर्ष कर दी गई है। नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन नई दिल्ली के प्रेसीडेंट डॉ. मुकुल पटेल द्वारा पत्र जारी कर एमईएसएआर यूजी आयुर्वेद रेग्युलेशन में स्पष्ट किया गया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश समेत देशभर के 600 से ज्यादा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में 30 हजार से ज्यादा चिकित्सा शिक्षक कार्यरत हैं। विगत के वर्षों में निजी आयुर्वेद कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित थी। शासकीय आयुर्वेद कॉलेजों में अभी 62 से 65 वर्ष की आयु निर्धारित थी अथवा शासकीय कॉलेजों में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग देखा जा रहा था। एनसीआईएसएम द्वारा आयुर्वेद कॉलेजों में शिक्षकों के 70 वर्ष तक कार्य किये जाने के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। संभावना है कि सत्र 2026-27 से यह लागू होगा।

# *टैक्स वसूली में पिछड़ा नगर निगम, एक हफ्ते में महज 9 लाख की वसूली*

**भोपाल।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र के वार्डों से एक सप्ताह में महज 9 लाख रुपए की टैक्स वसूली की गई है, यह बहुत कम है, जिसको लेकर गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने अफसरों को फटकार लगा दी। राजस्व अधिकारी मुजाहिद सिद्दीकी ने कहा कि आगे नतीजे मिल जाएंगे। कमिश्नर माता मंदिर स्थित दफ्तर में टाइम लिमिट की बैठक ले रही थीं।

आयुक्त ने कहा कि इस तरह काम नहीं चलेगा और तीन महीने के भीतर नतीजे चाहिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों और जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुकानदारों से सख्ती के साथ टैक्स वसूला जाए। आयुक्त ने कहा कि ऐसा नहीं चलेगा कि दुकानें चल रही हैं और टैक्स नहीं दिया जा रहा। आयुक्त ने 12 जनवरी से शुरू हुए संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि हितग्राही मूलक योजनाओं से जुड़े आवेदनों को गंभीरता से लिया जाए। यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा।

## जिला प्रशासन ने लिस्ट तैयार कर पुलिस को सौंपी

# जिले की 111 अवैध कॉलोनियों पर होगी एफआईआर, फिर चलेगा बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में 111 से अधिक अवैध कालोनियों को चिह्नित किया गया है, जिनकी लिस्ट बनकर तैयार कर ली गई है। जिला प्रशासन ने यह लिस्ट पुलिस को सौंप दी है, जिससे अब थाना पुलिस इन अवैध कालोनियों को विकसित करने वाले भूमाफिया और जमीन मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करेगी। वहीं इसके बाद इन पर बुल्डोजर कार्रवाई की भी तैयारी जिला प्रशासन ने कर ली है। जिला प्रशासन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक परवलिया सड़क, सूखी सेवनिया सहित अन्य थाना क्षेत्र में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। शहर के हुजूर, कोलार, बैरसिया और गोविंदपुरा तहसील में भूमाफिया ने पिछले एक साल में 111 से अधिक अवैध कालोनियां विकसित की हैं। यहां 90 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि पर यह कालोनियां बनी है, जिनके बाद किसी तरह की कोई अनुमति नहीं है। इसके बाद भी जमीन मालिक और भूमाफिया ने मिलकर लोगों को बिजली, पानी, सड़क, सीवेज, खेल मैदान, मंदिर आदि सुविधाओं का दावा कर प्लाट बेचे हैं। शिकायतों के बाद कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अवैध कालोनियों को चिह्नित कर नोटिस जारी करने के आदेश दिए थे। अब एफआईआर की जा रही हैं।

## ड्रग तस्करी के आरोप में स्कूल मालिक के पकड़े जाने पर स्कूल शिक्षा विभाग अलर्ट

# सेंट माइकल स्कूल की होगी जांच, विभाग रद्द कर सकता है मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदौर पुलिस द्वारा भोपाल के सेंट माइकल स्कूल और सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के मालिक अबान शकील को ड्रग तस्करी के आरोप में पकड़ने के बाद मामले में जांच जारी है। पुलिस ने ड्रग मुहैया कराने वाले मुख्य आरोपी की तलाश भी तेज कर दी है। वहीं दूसरी ओर आरोपी के स्कूल संचालन व्यवस्था में जुड़े होने का मामला सामने आने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग भी अलर्ट मोड में आ गया है।

मामले में अब स्कूल शिक्षा विभाग स्कूल संचालन, मान्यता सहित अन्य मामलों को लेकर जांच कराने की तैयारी कर रहा है। विभाग द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही इसको लेकर कमेटी गठित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी स्तर पर इसकी जांच के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

अधिकारियों ने बताया कि जांच में स्कूल में किसी प्रकार की नियम विरूद्व गतिविधि पाई जाने पर स्कूल की मान्यता भी समाप्त की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी को इंदौर पुलिस को सूचना मिली थी कि अबान शकील कनाडिया में नशीले पदार्थों की खेप लेकर आने वाला है। मुखबिर के बताए रोड पर घेराबंदी कर पुलिस ने अबान की थार को रोक लिया। तलाशी में 5.5 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई।




### पिता ने रखी थी स्कूल की नींव

बताया जा रहा है कि अबान शकील के पिता ने राजधानी के इब्राहिमपुरा स्थित सेंट माइकल स्कूल की नींव रखी थी। सेंट माइकल क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत भी उन्होंने ही की थी। इस एकेडमी से रणजी से लेकर स्टेट तक खेलने वाले कई क्रिकेटर निकले।

### नियमानुसार कार्रवाई होगी



इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त कोई व्यक्ति अगर किसी स्कूल संचालन व्यवस्था में है, तो निश्चित तौर पर इसकी जांच भी होगी और नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी। हम जल्द ही इसको लेकर एक टीम गठित करेंगे। टीम द्वारा जो भी रिपोर्ट आएगी, उसके अनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अगर किसी भी प्रकार की नियम विरूद्व गतिविधि पाई जाती है तो स्कूल की मान्यता भी समाप्त की जा सकती है।

**एनके अहिरवार, डीईओ, भोपाल**

### जांच जारी है



प्रकरण में आरोपी से कम मात्रा में एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। जिसका अधिकतर उपयोग वह खुद ही करता है। उसे ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है। मामले में फिलहाल जांच जारी है। आगे जो भी जानकारी सामने आएगी, उसके अनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**राजेश दंडोतिया, एडीसीपी, क्राइम ब्रांच इंदौर**

## नए साल का आधा माह बीता: 15 दिनों में डीआरएम ऑफिस पहुंचीं 146 शिकायतें

# गंदगी, कोच में पानी खत्म होने और देरी को लेकर पहुंची सबसे ज्यादा शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल यानी 2026 जनवरी माह का आधा माह बीत गया है। इस दौरान भोपाल रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों सफर करने वाले अधिकांश यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी, सफाई न होने और सुविधाओं की कमी से परेशान हैं। हालात यह है कि पिछले 15 दिनों में डीआरएम ऑफिस पहुंचीं 146 शिकायतें, इनमें को इसमें सबसे 86 शिकायतें ट्रेनों लेटलतीफी की, 45 गंदगी और कोच में पानी खत्म होने को लेकर पहुंची हैं।

■ रेलवे अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द बेहतर बनाने का दावा किया

**लेटलतीफी से वंदे भारत, राजधानी व शताब्दी एक्सप्रेस के यात्री रहे परेशान**



फाइल फोटो।

**15 दिनों में 86 शिकायतें ट्रेनों लेटलतीफी की**

कोहरे व अन्य कारणों से नए साल के इन 15 दिनों में सबसे अधिक भोपाल व रानीकमलापति से गुजरने व शुरू होने वाली वंदेभारत, राजधानी, दुरंतो व शताब्दी एक्सप्रेस के साथ सप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के यात्री को झेलनी पड़ी। रेलवे सूत्रों के अनुसार इन 15 दिनों में 86 शिकायतें ट्रेनों लेटलतीफी की देखने को मिली।

### 90 फीसदी साप्ताहिक ट्रेनों में अटेंडर व सफाई कर्मी रहते हैं गायब

इसी तरह ट्रेनों में गंदगी और कोच में पानी खत्म होने को लेकर नए साल से अब तक 45 से अधिक शिकायतें पहुंची है। इनमें सबसे अधिक समस्या स्पेशल ट्रेनों में देखने को मिल रही है। इन 90 फीसदी साप्ताहिक ट्रेनों में अटेंडर व सफाई कर्मी गायब रहते हैं। रेलवे सूत्रों का कहना है कि कोच में पानी खत्म होने, ट्रेनों में अटेंडर व सफाईकर्मी की ड्यूटी को लेकर जिस जोन से चलती हैं, जिम्मेदारी उन्हीं की होती है। भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली कई ट्रेनों में पानी खत्म व गंदगी की शिकायत सामने आ चुकी है। ऐसा ही एक मामला साल के दूसरे दिन यानी दो जनवरी को भी देखने को मिला था, जिसमें की 12171 मुंबई एलटीटी-हरिद्वार एसी एसएफ एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन पर पहुंचने वाली थी। इसके पहले ही ट्रेन के कुछ कोचों में पानी खत्म होने व गंदगी को लेकर बी-9 कोच सहित अन्य कोच के यात्रियों ने हंगामा किया था। रेलवे सूत्रों का कहना है कि रुटीन की ट्रेनों में पानी किस स्टेशन पर भरा जाएगा, यह तय रहता है। जबकि स्पेशल ट्रेनों को लेकर भी यह तय नहीं होता है। इसके कारण रेलकर्मी व अधिकारी ध्यान नहीं देते। हालांकि रेलवे अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द बेहतर बनाने की बात कही है।

### दूसरे मंडल का बताकर पल्ला झाड़ लिया जाता है

90 फीसदी स्पेशल ट्रेनों में सफाईकर्मी नहीं चलते हैं। यात्रियों को शिकायती पुस्तिका तक नहीं मिलती है। शिकायत करने पर अपने मंडल का मामला न होकर दूसरे मंडल का बताकर पल्ला झाड़ लिया जाता है।

### इस तरह की शिकायतें अधिक रहती है यात्रियों की

- शौचालय सफाई
- कोच सफाई
- कोच में पानी की उपलब्धता
- ट्रेनें चलना लेट रहना
- टीटीई संबंधी
- रिजर्वेशन कोचों में कोई भी यात्रियों को सवार होने की

### शिकायतों का समाधान कराया जाता है

जिन स्पेशल ट्रेनों में पानी की कमी व गंदगी की शिकायतें मिलती हैं, उन सभी का समाधान कराया जाता है। यात्री की किसी तरह की शिकायत संज्ञान में आते ही तत्काल समाधान किया जाता है। यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिल सके,यह रेलवे की पहली प्राथमिकता है।

**- हर्षित श्रीवास्तव, सीपीआरओ पमरे जोन**

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शैक्षिक ओलम्पियाड का आयोजन आज से

**भोपाल**। प्रदेश के सभी सरकारी प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों के जिला स्तरीय (द्वितीय चरण) शैक्षिक ओलम्पियाड का आयोजन 16 और 17 जनवरी 2026 को होगा। यह प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय पर होगा। इस शैक्षिक ओलम्पियाड में जनशिक्षा केन्द्र स्तर के लगभग 2 लाख विजेता विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा समय सारिणी भी जारी कर दी गई है।

### पानी सप्लाई की सच्चाई का किया खुलासा

**भोपाल**। नरेला ब्लूमून कॉलोनी के अनेक क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से गंदा पानी सप्लाई की शिकायत बनी हुई थी। बीते सोमवार यहां वाटर सप्लाई लाइन से एक मरा हुआ चूहा निकला था। इस घटना के चार दिन बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने कॉलोनी के लोगों के साथ गुरुवार को वाटर सप्लाई शुरू होने का इंतजार किया। जब शाम को नल चालू हुआ तो लोगों ने लाइव टेलीकास्ट कर सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल कर दी। नगर निगम की वाटर सप्लाई शुरू होते ही बेहद गंदा पानी पाइपलाइन ने उगलना शुरू कर दिया। शुक्ला ने आरोप लगाया है कि इंदौर की भागीरथपुरा की घटना सामने आने के बावजूद स्थानीय प्रशासन किसी प्रकार का कोई कदम नहीं उठा रहा है, जिसके चलते स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। लोगों को गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है। शुक्ला ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो ननि आयुक्त कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने थल सेना दिवस की दी बधाई

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने थल सेना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विषम, चुनौतीपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए कर्तव्य पथ पर समर्पित सेना के जवानों पर संपूर्ण राष्ट्र को गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर कर देने वाले शूरवीरों को नमन किया।

## मंदिरों में भगवान के दर्शन करने व दान पुण्य के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# राजधानी में दूसरे दिन भी तिल-गुड़ के लड्डुओं का भगवान को लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार भी मकर संक्रांति का पर्व दो दिन पड़ने के चलते कुछ लोगों ने बुधवार को तो कुछ श्रद्धालुओं ने गुरुवार को मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया। इसी के तहत राजधानी में दूसरे दिन गुरुवार को भी मकर संक्रांति पर्व का उत्साह व उल्लास देखने को मिला। शहरवासियों ने सुबह जल्दी उठकर शीतलदास की बगिया व घरों में स्नान किए। भगवान शिव, गणेश, कृष्ण, राम, दुर्गा मंदिरों में पूजा-अर्चना की और तिल-गुड़ के लड्डुओं का भोग लगाया। बाबा मुक्तेश्वर महाकाल के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं श्री बड़वाले महादेव मंदिर का तिल, फूल व रत्नों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। राजधानी के प्रमुख मंदिरों में भगवान से देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। रात के समय तक भक्तों की भीड़ लगी रही। तो वहीं दिनभर दान-पुण्य व सोशल मीडिया पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी।



राधा वल्लभ मंदिर का अनुपम श्रृंगार।

### पुण्यकाल सुबह 7:15 बजे से प्रारंभ हुआ

मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि अनुसार, बुधवार दोपहर में सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश किया था। ऐसे में कई लोगों ने बुधवार को पर्व स्नान कर मकर संक्रांति का पर्व मनाया। तो वहीं पुण्यकाल के हिसाब से 15 को बड़ी संख्या में लोगों ने मकर संक्रांति मनाई। गुरुवार 15 जनवरी को पूर्ण पर्व मनाया गया। पुण्यकाल गुरुवार सुबह 7:15 बजे से प्रारंभ हुआ। इसी कारण मकर संक्रांति का पर्व दो दिन मनाई गई।

### खिचड़ी दर्शन में मकर संक्रांति उत्सव बांके बिहारी बनकर राधावल्लभ ने दिए भक्तों को दर्शन

इतवारा स्थित श्री हित राधावल्लभ मंदिर में मकर संक्रांति उत्सव के अवसर पर राधावल्लभ ने अपने भक्तों को बांके बिहारी के स्वरूप में दर्शन दिए। इस मौके पर भगवान को पतंगों से श्रृंगार किया गया। भगवान को तिल के लड्डू, लाई के लड्डू का भोग लगाया गया। उल्लेखनीय है कि राधावल्लभ लाल वर्ष में दो बार खिचड़ी उत्सव के दौरान बांके बिहारी बनकर भक्तों को दर्शन देते हैं जिसका भक्त बेसब्री से प्रतीक्षा करते हैं। इस विशेष झांकी में राधावल्लभ लाल ने पीली पोशाक धारण की तथा भव्य मुकुट से सुसज्जित रहे। गर्भगृह में केवल दीपक की मंद रोशनी में हुए इन दर्शन ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति रस का वातावरण बना रहा। भक्तों ने एक से बढ़कर एक भजन गाए, मेरे बांके बिहारी लाल, तू इतना न करियो श्रृंगार, नजर तोहे लग जाएगी।

शुक्र प्रदोष पर होगा सफेद तेल से

**मंदिरों में मत्था टेक कर मंगलमय जीवन की कामना की**

गुरुवार को लोगों ने तड़के स्नान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही मंदिरों में मत्था टेककर मंगलमय जीवन की कामना की और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और तिल, लाई, गुड़, चूड़ा आदि का सेवन कर त्योहार को पारंपरिक ढंग से मनाया। वैसे तो कुछ लोगों ने बुधवार को ही मकर संक्रांति का पर्व मना लिया। क्योंकि, लोगों का मानना है कि हर वर्ष 14 जनवरी को यह त्योहार मनाया जाना पूर्व से ही तय है। लेकिन, ग्रह गोचर व राशि के अनुसार मकर में सूर्य का प्रवेश दोपहर बाद तीन बजे होने के चलते गुरुवार को लोगों ने श्रद्धा व उत्साह के साथ मकर संक्रांति का त्योहार मनाया। लोगों का मानना हैं कि जब तक मकर राशि का प्रवेश नहीं हो जाता है तब तक मकर संक्रांति का पर्व नहीं मनाया जाना चाहिए।




स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज संबोधित करते हुए।

## स्वदेशी संकल्प दौड़ का किया आयोजन

# स्वदेशी प्रेम को जीवन में उतारने की प्रेरणा देते हैं स्वामी विवेकानंद



स्वदेशी जागरण मंच ने संकल्प दौड़ का आयोजन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी संकल्प दौड़ के अंतर्गत सीएलआरआर इंटेलेक्चुअल इंटरनेशनल स्कूल, मंडीदीप में प्रेरणादायी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत प्रमुख महिला सीमा भारद्वाज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा एवं स्वदेशी जागरण मंच की सह-प्रमुख डॉ. संगीता चौरसिया, विद्यालय के डायरेक्टर जायसवाल, अग्रवाल तथा स्वदेशी जागरण मंच नगर प्रमुख व भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष (ग्राम मंडल मंडीदीप) प्रीति चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में सीमा भारद्वाज को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीमा भारद्वाज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन हमें लक्ष्य के प्रति अडिग रहने, आत्मविश्वास जगाने तथा स्वदेशी प्रेम को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भारतीय दर्शन और संस्कृति को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाले स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। विद्यालय के डायरेक्टर जायसवाल ने विद्यार्थियों को स्वदेशी के लिए संकल्प दिलाया। इसके पश्चात स्वदेशी संकल्प दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। दौड़ में विजेता रहे अंश ठाकुर, श्रेय, अनुराग ठाकुर सहित प्रतिभागियों को 26 जनवरी को डॉ. संगीता चौरसिया एवं प्रीति चौरसिया द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## स्वास्थ्य विभाग ने बीमारी से जागरुक करने आयोजित की कार्यशाला

# धर्मगुरु देंगे एनीमिया से मुक्ति और टीका लगवाने का संदेश



जागरुकता शिविर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत आयरन के सेवन के प्रति जागरुकता एवं उपयोग को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न धर्मगुरू, सोशल इन्फ्लूएंसर्स, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एनीमिया की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव एवं एनीमिया रोकथाम की जानकारी दी गई। एनीमिया से बचाव के लिए 6 माह से 59 माह के बच्चों को आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सप्ताह में दो बार 1 एम एक आयरन ड्रॉप का सेवन करवाया जाता है। इसी प्रकार 5 साल से 10 साल के बच्चों को गुलाबी गोली एवं 11 से 19 साल के किशोर वर्ग को आयरन की नीली गोली स्कूलों के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

### क्या है लक्षण?

कार्यशाला में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ रितेश रावत ने बताया कि कमजोरी आना, हाथ पैरों का सुन्न होना, सांस फूलना, चक्कर एवं बेहोशी आना, एकाग्रता में कमी, सर में भारीपन और दर्द एनीमिया के प्रमुख लक्षण हैं। बच्चों के जल्दी थक जाने क्या चिड़चिड़ापन होने का एक प्रमुख कारण एनीमिया है।

### टेस्ट, ट्रीट और टॉक की रणनीति

आयरन की कमी को दूर करने के लिए टेस्ट, ट्रीट और टॉक की रणनीति अपनाई गई है। एनीमिया टेस्टिंग के लिए स्ट्रिप आधारित हिमोग्लोबीनोमीटर मशीन से जांच की जा रही है। इस प्रक्रिया में एक मिनट से भी कम समय में खून में एचबी की मात्रा का पता चल जाता है।

**-डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ**

### श्रमोदय आवासीय स्कूलों में प्रवेश परीक्षा की तिथि अब 28 जनवरी की गई

**भोपाल**। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मध्य एमओयू के माध्यम से संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा की अंतिम तारीख 20 जनवरी से बढ़ाकर 28 जनवरी कर दी गई है।

श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इसके लिए हेल्पडेस्क नंबर भी जारी किए गए हैं। जिसमें शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्याल भोपाल से रत्ना दुबे प्राचार्य 626301251, सायमा नाज प्रवेश प्रभारी 9131605435 शामिल हैं।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माघ मास के पावन अवसर पर प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी संस्था श्री विश्व राधा कृष्णा योग प्रचार समिति के तत्त्वधान में श्री खेडापति हनुमान मंदिर छोला दशहरा मैदान में 16 से 22 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर सुबह 11:30 बजे श्री खेड़ापती हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा का विभिन्न मार्गों पर फूलों से स्वागत कर कथा स्थल पहुंचेगी। कथावाचक आचार्य पंडित ओमप्रकाश शास्त्री श्रीमद् भागवत कथा सुनाएंगे।

## मानस भवन में आयोजित शिविर में मुंबई से आई विशेषज्ञ टीम ने कृत्रिम अंगों के लिए दिव्यांगों के माप लिए

# निःशुल्क कृत्रिम अंग माप शिविर से दिव्यांगों को मिली नई राह, पहले दिन 100 से अधिक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप देते हुए भोपाल उत्सव मेला समिति ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। भोपाल उत्सव मेला, रत्नानिधि चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई एवं रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगों के लिए निःशुल्क कृत्रिम अंग माप का दो दिवस शिविर का आयोजन आज मानस भवन में किया गया। शिविर में मुंबई से आई ऑर्थोटिक्स एवं प्रोस्थेटिक्स विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुभवी टीम ने दिव्यांगजनों के हाथ-पैर के कृत्रिम अंगों के लिए माप लिए। इस अवसर पर भोपाल नगर निगम की महापौर मालती राय भी उपस्थित रहीं। शिविर का उद्देश्य उन लोगों को सहायता प्रदान करना है, जिन्होंने दुर्घटना, गंभीर बीमारी या जन्मजात कारणों से अपने अंग गंवा दिए हैं और वर्षों से चलने-फिरने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।



मानस भवन में आयोजित शिविर में कृत्रिम अंगों की जानकारी लेती महापौर राय।

मेला समिति के महामंत्री एवं शिविर संयोजक सुनील जैनाविन ने बताया कि भोपाल उत्सव मेला पिछले 20 वर्षों से मानवता और दिव्यांग सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन देने के उद्देश्य से यह शिविर पूरी तरह निःशुल्क आयोजित किया गया है। शिविर दो दिनों तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा, जिसमें लगभग 200 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग माप और आगामी चरण में वितरण का लक्ष्य रखा गया है।



शिविर का शुभारंभ पूर्व सांसद एवं मानस भवन के अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा ने किया। इस अवसर पर शिविर के संयोजक सुनील जैनाविन, शैलेन्द्र निगम, ओम प्रकाश खुराना, वीरेंद्र जैन, डॉ. योगेंद्र मुखरैया, डॉ. महेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल 'गोल्डन', रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के हर्ष मित्तल, बीएस अग्रवाल, मयंक जैन तथा रोटरी क्लब इंदौर अपटाउन के तरुण मिश्रा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। पहले ही दिन करीब 100 दिव्यांगजनों का पंजीयन हुआ, जिससे शिविर के प्रति लोगों में उत्साह और विश्वास दिखाई दिया।

इस शिविर में सागर, बैतूल, विदिशा, इटारसी, बीना सहित भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे। चयनित लाभार्थियों के अंगों का माप लिया गया, जिन्हें आगामी शिविर में कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। शिविर में आए दिव्यांगों ने अपनी पीड़ा और उम्मीद साझा की। भिलमा निवासी साधना झारिया, रातीबड़ की अलसिफा, शारदा नगर के अभिषेक जैन, भोपाल की शिवानी, बैतूल के 65 वर्षीय भूरा झाड़े और गौतम नगर के रामभरोसे ने बताया कि इस शिविर से उन्हें फिर से सामान्य और आत्मनिर्भर जीवन जीने की आशा मिली है। पांच वर्षीय जिकरा खान के पिता ने कहा कि कृत्रिम पैर से उनकी बेटी भी अन्य बच्चों की तरह चल सकेगी। शिविर में रत्ननिधि चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई के नंदा ठक्कर, मनोज कुमार चौहान, राजेश माने, राम सुजान साकेत तथा रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के हर्ष मित्तल, कमल वाधवानी, मयंक जैन, एकता सिंघल, रमेश खेरा, बीएस अग्रवाल, एहसान अंसारी, रोटरी क्लब इंदौर अपटाउन के तरुण मिश्रा भी मौजूद रहे। शिविर में दिव्यांगजनों के चेहरों पर लौटी मुस्कान ने इस सामाजिक पहल को सार्थक बना दिया।

### दुनिया की शीर्ष कंपनियों को लीड कर रहे भारत के युवा: सीईओ इंडिया एआई सिंह

# मध्यप्रदेश में तैयार की जाएगी 30 एआई डेटा लैब्स, युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के ताज लेक फ्रंट में आयोजित 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' को संबोधित करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव एवं सीईओ इंडिया एआई अभिषेक सिंह ने कहा कि हमारे देश के युवा, दुनिया की शीर्ष कंपनियों को लीड करते हैं।

- राज्य सरकार के साथ मिलकर होगा एआई की संभावनाओं पर काम

देश में एआई के क्रियान्वयन में भारत अभी तीसरे स्थान पर है। भारत सरकार ने एआई डेटा सेट्स तैयार किए हैं। अनुवाद के लिए पोर्टल 'भाषिणी' विकसित किया गया है। हम चैट जीपीटी के जैसे स्वदेशी प्लेटफॉर्म विकसित कर रहे हैं, जिसे नेशनल एआई समिट से पहले फरवरी में लॉन्च किया जाएगा। स्किल्ड यूथ तैयार करने के लिए एआई से संबंधित रिसर्च फैलोशिप शुरू की गई है। देश में एआई डेटा लैब्स बनाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में इस प्रकार के 30 एआई डेटा लैब्स तैयार किए जाने हैं। यहां से लाखों युवाओं के डेटा एनालिस्ट के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

केंद्र सरकार ने 58 सेंटर फॉर एक्सीलेंस बनाने का निर्णय लिया है, जो इन्क्यूबेशन सेंटर की तरह कार्य करेंगे।

उज्जैन के सिंहस्थ कुंभ में स्किल के हिसाब से एआई मॉडल डिप्लॉयमेंट की अपार संभावनाएं हैं। हम राज्य सरकार के साथ मिलकर एआई की संभावनाओं पर कार्य करेंगे।



कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने स्पेस-टेक पॉलिसी लॉन्च की।

### प्रदेश सरकार ने बनाया स्पष्ट और दीर्घकालिक एआई रोडमैप

*अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक स्पष्ट और दीर्घकालिक एआई रोडमैप तैयार किया है। एआई के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य 4 प्रमुख सक्षम स्तंभों अवसंरचना, डेटा, प्रतिभा और रणनीति को सुदृढ़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि अवसंरचना के अंतर्गत सक्षम कंप्यूटर संसाधनों, सुरक्षित व स्केलेबल डिजिटल प्लेटफॉर्म और साझा राज्य-स्तरीय एआई इन्फ्रॉस्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है, जिससे सरकार के साथ स्टार्ट-अप, उद्योग और एमएसएमई भी इसका लाभ उठा सकें। दुबे ने कहा कि रणनीति मिशन-आधारित, जिम्मेदार और नैतिक एआई पर केंद्रित है, जिसमें ह्यूमन-इन-द-लूप, पारदर्शिता और पुनः उपयोग योग्य समाधानों को प्राथमिकता दी गई है। आगे की दिशा में राज्य का 5 वर्षीय एआई विज़न एआई को एक परियोजना नहीं, बल्कि संस्थागत गवर्नेंस क्षमता के रूप में स्थापित करने पर केंद्रित है।*

### मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का हुआ शुभारंभ

*कांफ्रेंस में मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का शुभारंभ किया गया, जिसमें इंडिया एआई पेवेलियन, मध्यप्रदेश पेवेलियन, स्टार्ट-अप शोकेस शामिल रहे। एमपी पेवेलियन में प्रदेश सरकार की एआई आधारित नवाचार पहलें प्रदर्शित की गईं, जिनका उद्देश्य शासन को अधिक सटीक, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाना है। राजस्व विभाग द्वारा एआई के उपयोग से फसल छवियों की वास्तविक समय गुणवत्ता जांच की जा रही है। कृषि विभाग की एक प्रणाली फसल पूर्वानुमान, फसल स्वास्थ्य निगरानी और बीमा दावा निपटान को सशक्त बना रही है। श्रम विभाग की एआई-सक्षम एलसीएमएस प्रणाली केस प्रबंधन और न्यायिक प्रक्रियाओं को स्वचालित कर रही है, जबकि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा एआई आधारित स्मार्ट पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण, जांच दक्षता और नागरिक सुरक्षा को मजबूती प्रदान की जा रही है। एमपी पेवेलियन ने मध्यप्रदेश को भविष्य-तैयार, डेटा-संचालित और नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया।*

#### कौशल रथ के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों तक एआई जागरूकता

कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम पर केंद्रित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार एआई साक्षरता को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। एआई साक्षरता मिशन से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक मूलभूत कौशल के रूप में विकसित किया जाएगा। मोबाइल एआई कंप्यूटर लैब (कौशल रथ) के माध्यम से यह पहल सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, शिक्षकों और शासकीय अधिकारियों तक एआई जागरूकता एवं प्रारंभिक प्रशिक्षण पहुंचा कर, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल अंतर को कम करेगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में एनटी नक्सल अभियान की प्रगति की रिपोर्ट दी

# सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन की विस्तार परियोजना के भूमिपूजन के लिए पीएम मोदी को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट कर नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा के सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन के विस्तार की परियोजना के भूमिपूजन के लिए आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के आयोजन, प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने, नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड सांची सहकारिता अनुबंध की प्रगति रिपोर्ट के साथ प्रदेश में एनटी नक्सल अभियान की प्रगति से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में एनटीपीसी लिमिटेड का सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन स्थित है। ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 1600 मेगावॉट क्षमता के विस्तार की अनुमति प्रदान की गई है। इसकी कुल लागत 20 हजार 446 करोड़ रुपए है। परियोजना को वर्ष 2029-30 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। यह परियोजना अत्याधुनिक अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित है और इसमें एयर कूल्ड कंडेंसर टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल किया गया है, जो पारंपरिक वाटर कूल्ड कंडेंसर (कूलिंग टॉवरों के साथ) की तुलना में पानी की खपत को 1/3 कम करता है।


नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी को मप्र की योजनाओं की जानकारी देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन


भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को कलाकृति भेंट करते सीएम।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में उनके कार्यालय में भेंट की। इस दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान सीएम ने केंद्रीय मंत्री नड्डा को भगवान वेंकटेश्वर तिरुपति महाराज की प्रतिकृति भेंट की।

### वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष से कराया अवगत

प्रधानमंत्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष-2026 में समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के लिए 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 को मध्यप्रदेश में उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 के आयोजन के लिए जनवरी 2026 से नवम्बर 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का विस्तृत कैलेंडर तैयार किया गया है। सभी गतिविधियां 3 साल का लक्ष्य निर्धारित कर संचालित की जाएंगी। इसमें 16 से अधिक विभागों की सहभागिता रहेगी। कृषक कल्याण वर्ष-2026 में सरकार के 10 संकल्प प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना, फसलों वाले स्थानों पर फूड पार्क और फूड प्रोसेसिंग यूनिट बनाये जाना, कृषि उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए सब्सिडी उपलब्ध कराना, कृषि उद्योगों में किसानों की भागीदारी को बढ़ाना के लिए कार्य करेगी। प्रदेश सरकार अगले 3 साल में 30 लाख किसानों के खेतों में सोलर पंप की स्थापना के लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य करेगी।

### 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में आएंगे 1836 करोड़

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे लाड़ली बहना योजना की 32वीं किस्त का खातों में अंतरण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

**माखन नगर में होगा लाड़ली बहना का राज्य स्तरीय सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज गुरुवार, 16 जनवरी को माखन नगर (बाबई), जिला नर्मदापुरम में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की बहनों के खातों में राशि का अंतरण करेंगे।

प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 31 हजार से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की जाएगी। साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण करेंगे। डॉ. यादव द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत जून 2023 से की गई थी। योजना के अंतर्गत माह नवंबर 2025 से राशि में 250 रुपए की वृद्धि की गई है। अब पात्र हितग्राही महिलाओं को 1,500 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

#### *48 हजार 632 करोड़ 70 लाख की राशि दी*

*लाड़ली बहना योजना में जून 2023 से दिसंबर 2025 तक मासिक आर्थिक सहायता की 31 किश्तों का नियमित रूप से अंतरण किया जा चुका है। जनवरी 2026 में योजना की 32वीं किश्त का लाड़ली बहनों के खातों में अंतरण किया जाएगा। योजना अंतर्गत अब तक जून 2023 से दिसंबर 2025 की अवधि में कुल 48 हजार 632 करोड़ 70 लाख रुपए की राशि हितग्राही महिलाओं के खातों में अंतरित की जा चुकी है।*

### स्थानीय लोगों और दुकानदारों से पूछा कुशलक्षेम

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुबह की चाय के साथ उज्जैनवासियों के साथ की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भगवान बृहस्पति मंदिर में दर्शन करने के बाद पास के तेलीवाड़ा चौराहे पर शहर की पुरानी चाय की दुकान पर स्थानीय लोगों के साथ चाय पी और चर्चा की। उन्होंने दुकान संचालक से हालचाल पूछा, चाय पीने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चाय के पैसे दिए। दुकानदार द्वारा संकोच के कारण पैसे नहीं लेने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ये तो लेना ही होंगे।


तेलीवाड़ा चौराहे पर लोगों के साथ चर्चा करते सीएम।

### पटेल से लोकभवन में मिले सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट्स

# अपनी सांस्कृतिक अनुभूतियों और प्रशिक्षण के निर्देशों का देश हित में करें उपयोग: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण आपको केवल अधिकारी नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील और सजग राष्ट्र-प्रहरी के रूप में तैयार करने का प्रयास है। प्रशिक्षु अपने राज्य की विशिष्टताओं की अनुभूतियों और प्रशिक्षण के निर्देशों का देश हित में उपयोग कर, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान दे।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरूवार को सशस्त्र सीमा बल अकादमी भोपाल के प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट्स को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को राष्ट्र के प्रतिष्ठित बल में चयन की बधाई और शुभकामनाएं दी। लोकभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित सौजन्य भेंट कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे।


राज्यपाल पटेल के साथ प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट्स अधिकारियों का समूह चित्र।

### समान वेतन देने की मांग, मुख्य सचिव जैन को सौंपा ज्ञापन

# तृतीय वर्ग कर्मचारियों का हल्लाबोल, सतपुड़ा भवन पर प्रदर्शन कर लगाया भेदभाव का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओपीएस, डीए-डीआर, नियमितीकरण और ई-अटेंडेंस जैसी लंबित मांगों को लेकर गुरुवार को तृतीय वर्ग कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय से लेकर भोपाल तक प्रदर्शन किया। राजधानी के सतपुड़ा भवन के सामने तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के बैनर तले हाथों में तख्तियां लेकर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कर्मचारियों ने सतपुड़ा भवन से मंत्रालय तक पैदल मार्च निकाल कर मुख्य सचिव के नाम 11 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। मप्र लिपिकि वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि संविधान हमें समान कार्य, समान वेतन का अधिकार देता है, लेकिन नीतिगत निर्णय के नाम पर सरकार 20 साल बाद मंत्रालय के सहायक ग्रेड 3 को हमसे अधिक समयमान वेतनमान दे रही है। जबकि उनको मंत्रालय भत्ता अलग मिलता है। जब उनको मंत्रालय भत्ता मिल रहा है, तो उसी तरह राज्य सरकार के अन्य तृतीय वर्ग कर्मचारियों को समान वेतन देना चाहिए।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

#### *सरकारी वाहन में बैठना, दुर्घटना को न्यौता देना: साबिर*

*मप्र शासकीय वाहन चालक, यांत्रिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष साबिर खान ने कहा कि कुछ दिनों बाद पूरी सरकार टैक्सी पर नजर आएगी। सरकारी विभागों में नए वाहन नहीं खरीदे जा रहे है। सरकारी वाहनों का बीमा भी नहीं होता है। यदि कोई एक्सीडेंट हो तो वहन चालक को भुगतना पड़ता है। उसमें न बैठने वाला सुरक्षित है और न चलाने वाला सुरक्षित है।*

#### *मांग नहीं मानी तो आंदोलन की चेतावनी: तिवारी*

*उमाशंकर तिवारी ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बावजूद कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान केंद्रीय तिथि से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत नहीं मिल पा रही है।*

### मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी का मामला

# ईएनसी के लिए 8 इंजीनियरों ने दिया इंटरव्यू, सभी हुए रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में ईएनसी बनने के लिए बारह इंजीनियरों को उनके आवेदन के आधार पर बुलाया गया था। इनमें से आठ इजीनियरों ने इंटरव्यू दिया था लेकिन इंटरव्यू में एक भी यहां ईएनसी बनने लायक नहीं मिला।

इसके बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग के एसीएस संजय दुबे ने नए सिरे से फिर इंटरव्यू के लिए आवेदन बुलाने के निर्देश दिए है। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी एमपीयूडीसी में इंजीनियर इन चीफ बनाए जाने के लिए बारह सेवानिवृत्त इंजीनियरों को इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया था।

#### ईएनसी बनाने अब नए सिरे से होंगे इंटरव्यू

सोनगरिया के अलावा सेना इंजीनियरिंग सेवा के इंजीनियर सुनित कुमार शर्मा, विमानन सेवा के प्रवीरचंद्र शर्मा, लोकायुक्त में लंबे समय से चीफ इंजीनियर रहे एमएस जोहरी, एनएचडीसी के पूर्व चीफ इंजीनियर राजीव जैन सहित आठ सेवानिवृत्त इंजीनियरों ने इंटरव्यू दिए थे। इंटरव्यू में इन आठ अफसरों में से एक भी ईएनसी बनाए जाने के लायक नहीं मिला। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में ईएनसी बनाने अब नये सिरे से इंटरव्यू होंगे।

### पीएचई विभाग के प्रमुख सचिव नरहरि ने अधिकारियों को चेतावनी भी दी

### अफसरों से योजनाओं की अपडेट स्थिति की जानकारी ली

# 280 एजेंसियां ब्लैकलिस्ट करने के बाद फिर एक्शन, जल जीवन मिशन में लापरवाही पर 16 इंजीनियरों को मिलेगा शोकॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल जीवन मिशन में घोटालों की परतें लगातार खुलती जा रही हैं। मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक में दो माह पहले 280 एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किए जाने और 141 सब इंजीनियरों व एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को नोटिस थमाने के बाद एक बार फिर 3 अधीक्षण यंत्रियों एवं 13 कार्यपालन यंत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख सचिव पीएचई विभाग ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कार्यों की प्रगति में किसी प्रकार की शिथिलता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी नरहरि ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। नरहरि ने कार्यों में शिथिलता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रति सख्ती का फैसला किया है।



वीडियो कांफ्रेंसिंग मीटिंग में उन्होंने 3 अधीक्षण यंत्रियों एवं 13 कार्यपालन यंत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि मिशन के कामों की धीमी प्रगति के लिए संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री स्तर तक के अधिकारी से जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही योजनाओं की अपडेट स्थिति की जानकारी ली।

#### दो माह पहले सीएस अनुराग जैन ने की थी समीक्षा

जल जीवन मिशन की समीक्षा दो माह पहले मुख्य सचिव अनुराग जैन ने की थी। तब उन्हें जानकारी दी गई थी कि मिशन शुरू होने से अब तक कुल 280 एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया गया है। साथ ही 22 ठेकेदारों को भी ब्लैकलिस्ट कर उनके अनुबंध रद्द कर दिए गए हैं। इन सभी पर आरोप है कि मिशन के काम में देरी हुई, घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और नियमों का उल्लंघन किया गया।

#### *30 करोड़ रुपए की पेनल्टी लगाई*

*पानी सप्लाई से जुड़े कामों की डीपीआर गलत तरीके से तैयार करने के मामले भी बड़ी संख्या में सामने आए। इसी वजह से विभाग ने सब इंजीनियर से लेकर ईई तक 141 अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस जारी किए थे। डीपीआर तैयार करने वाली 187 एजेंसियों को भी नोटिस भेजा गया था। एजेंसियों पर लगभग 30 करोड़ की पेनल्टी लगाई।*

#### नल कनेक्शन देने में भी सामने आई लापरवाही

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की गई। प्रगति रिपोर्ट के आधार पर यह पाया गया कि कई जिलों में घरों तक नल कनेक्शन प्रदान किए जाने की गति तय लक्ष्यों और तय समय-सीमा के अनुरूप नहीं है, जिससे मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो रही है। प्रमुख सचिव ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि योजनाओं के अंतर्गत शेष बचे कार्यों को निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से पूरा करें।

# मकर संक्रांति पर विद्यासागर गो संवर्धन केंद्र पहुंचे सांसद शर्मा, की गायों की सेवा


गो शाला में गो सेवा करते सांसद आलोक शर्मा।

**नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष गुप्ता का किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आचार्यश्री विद्यासागर गो संवर्धन केंद्र में आयोजित गो सेवा एवं सामाजिक समरसता कार्यक्रम में अखिल भारतीय गुप्ता गहोई वेश्य महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता (डल्लू भैया) का गोशाला प्रांगण में समिति एवं समाजजनों भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम में भोपाल के सांसद आलोक शर्मा भी उपस्थित रहे।

उन्होंने गो सेवा कार्य कर रही गोशाला समिति का आभार व्यक्त किया। सांसद आलोक शर्मा ने गोवंश को काढ़ा पिलाकर गौ सेवा भी की। कार्यक्रम में महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता ने गो पूजन कर हरा चारा एवं काढ़ा पिलाया तथा गो संरक्षण के कार्यों की सराहना की। इससे पूर्व जनपद अध्यक्ष कुबेर सिंह गुर्जर ने तुलादान के लिए रखे गए तराजू का पूजन किया। इसके बाद लोगों से अपने वजन के अनुरूप हरा चारा, भुसा या गुड़ दान करने का संकल्प लिया।


राष्ट्रीय अध्यक्ष गुप्ता का स्वागत करते सांसद शर्मा।

# मकर संक्रांति पर्व पर मुकेश महाराज के हरिओम नमः शिवाय धुन पर जमकर झूमे सैकड़ों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

**समापन अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, धुनी में लिया भाग**

मकर संक्रांति के पर्व पर प्रतिवर्ष भोले के दरबार पूर्ण ज्योति सेवा संस्था द्वारा आयोजित होने वाली हरि ओम नमः शिवाय धूनी का भव्य समापन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए। स्थानीय झूलेलाल मंदिर तेजवानी हाल हरि ओम नमः शिवाय के मंत्र से गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में शिव प्रसिद्ध शिव महापुराण कथा वाचक एवं भोले के दरबार के संस्थापक मुकेश महाराज ने प्रवचन दिए और भजन गाकर भक्तों का मन मोह लिया। सैकड़ों श्रद्धालु झूमते नाचते धूनी लगते नजर आए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूज्य सिंधी पंचायत के माधु चांदवानी, नंद दादलानी घनश्याम लालवानी, नारीमल सबनानी, अर्जुनदास गुरबाणी, बसंत चेलानी किशन अच्छानी, पुरुषोत्तम हरचंदानी, संत नरेश परदासानी, हीरो हिन्दू तथा भोले के दरबार के भोले के दरबार के प्रमुख सेवाधारी महेश खटवानी, ओम प्रकाश रीझवानी, प्रवीण होतवानी, अशोक तनवानी, हीरो वतनानी, शमी गंगवानी, विक्की रायचंदानी, पुरुषोत्तम हरचंदानी, चंद्रभान रिजवानी ओम असनानी, राजकुमार धानुक रवि सत्तानी, संध्या प्रधान, भारती मूलचंदानी, किरण वाधवानी, हीर रामनानी, निर्मला सोनी, सुषमा कटेजा, सीमा लालवानी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।


भोले के दरबार में आयोजित हरि ओम नम: शिवाय धूनी में भक्ति में झूमते श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप



### ओल्ड डेयरी से मंदिर तक सीसी रोड का भूमिपूजन

**संतनगर।** वार्ड 5 में विकास कार्यों की श्रृंखला में पार्षद अशोक मारण द्वारा ओल्ड डेयरी फार्म से मंदिर प्रांगण तक सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। पार्षद अशोक मारण ने कि मंदिर तक सड़क न होने के कारण मंदिर तक आने-जाने में श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती थी, जिसे देखते हुए आज पार्षद निधी से इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सावन मास पर शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस अवसर पर पंडित प्रमोद चौबे ने मंत्रोच्चार से विधि विधान के साथ पूजा की।

### नप अध्यक्ष के प्रत्याशी के लिए सुजीत के नाम की मांग

**औबेदुल्लागंज।** हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव लोगों के प्रिय पार्षद हैं। इनके सरल स्वभाव से प्रभावित होकर नगर के वरिष्ठ अशोक मित्तल, यादव ऑटो पार्ट्स सहित विधायक प्रतिनिधि सोनू चौकसे, पार्षद अमीर ममनून आदि ने सुजीत यादव को नगर परिषद अध्यक्ष के लिए प्रत्याशी घोषित करने की मांग की।



### चन्द्रसिंह और संजीव का किया भव्य स्वागत



**औबेदुल्लागंज।** धाकड़ समाज के मुख्य कार्यकारिणी अध्यक्ष चन्द्रसिंह नागर एवं धाकड़ समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष संजीव नागर का भाजपा कार्यालय औबेदुल्लागंज में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. भूपेंद्र नागर ने कहा कि धाकड़ समाज कि प्रगति होगी और मजबूत बनेगा। चंद्रसिंह नागर एवं संजीव नागर तामोट के नेतृत्व में धाकड़ समाज का संगठन मजबूत होगा एवं विकास कार्य होंगे।

### दो साल की बेटी के सामने पिता ने लगाई फांसी

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में चौकी के पास रहने वाला संजय जकारिया पिता भोलाराम जकारिया (35) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह अपनी दो साल की बेटी के साथ घर पर अकेला था। बेटी ने बाहर निकलकर रोते हुए पड़ोसियों को घर की तरफ इशारा किया था। पड़ोसी घर पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1649 | | |
| दिन: | 346 | 34 | 167 |
| रात: | 899 | 65 | 456 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 460 | 03 | 148 |
| रात: | 567 | 88 | 459 |

### बाग सेवनिया पुलिस ने की कार्रवाई, 12 लाख रुपए का माल बरामद

# एल्युमीनियम वर्क का बहाना बनाकर घरों की रैकी करने के बाद करते थे वारदात, 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**पुलिस ने बताया बैतूल, रायसेन व नर्मदापुरम में शातिर बदमाशों ने की चोरी की वारदात**

**पुलिस ने घटनास्थल के आसपास करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए**

बागसेवनिया पुलिस ने सूने मकानों से चोरी करने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर 12 लाख रुपए का माल बरामद किया है। बरामद माल में सोने-चांदी के जेवर शामिल हैं। आरोपी बैतूल, नर्मदापुरम व रायसेन जिले के रहने वाले हैं। वे किराए का मकान लेकर रह रहे थे। आरोपी एल्युमीनियम वर्क का काम कराने के बहाने सूने मकानों की रेकी करते थे। इसके बाद वारदात को अंजाम देते थे। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल हुई स्कूटर और बाइक भी बरामद की गई हैं।


पुलिस के अनुसार गुलाबी नगर फेज टू बागसेवनिया निवासी विष्णु पारिक (32) ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 30 नवंबर 2025 को उनकी शादी आयुषी तिवारी से हुई थी। वह अपने मायके चली गई थीं। इस बीच 17 दिसंबर को विष्णु की बहन प्रीति तिवारी की दादी सास की तबियत अचानक खराब होने से वह अपनी मां के साथ उन्हें देखने देवास गए थे। करीब एक सप्ताह बाद लौटने पर गेट का ताला टूटा मिला। अंदार जाकर देखा तो अलमारी के भी ताले टूटे मिले। सूने मकान में घुसे अज्ञात चोर जेवरात व अन्य सामान समेत लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर गए। इसी प्रकार सरकारी विभाग से रिटायर्ड मोहन चौधरी (63) गुलाबी नगर में रहते हैं। विगत नौ सितंबर को वह अपने परिवार के साथ गृहनगर अररिया बिहार गए थे। इस बीच उनके सूने घर को निशाना बनाकर लाखों का सामान चुरा ले गए। पुलिस ने उक्त दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।


पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

**किराएदारों पर निगरानी व फुटेज से मिले सुराग**

जांच में पुलिस ने घटनास्थल के आसपास करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। फुटेज से मिले अहम सुराग और किराएदारों की गतिविधियों की पर नजर रखी गई। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदिग्ध राहुल उर्फ सत्यम केवट (23) निवासी बाड़ी रायसेन, विशाल विश्वकर्मा (20) निवासी श्याम नगर बरखेड़ा पठानी गोविंदपुरा, अंकुश अहिरवार (19) निवासी बरखेडा पठानी, विशाल पवार (27) निवासी ग्राम पिपरिया थाना मुल्ताई जिला बैतूल, आयुष विश्वकर्मा (25) निवासी ग्राम बीसारोडा पोस्ट इटारसी नर्मदापुरम, कृष्णकांत सोनी (37) निवासी सराफा बाजार नर्मदापुरम व अण्णा साहेब (41) निवासी सराफा के पास नर्मदापुरम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त दोनों वारदातों को अंजाम देना कुबूल किया। खुलासा होने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया।

**मौज-मस्ती में उड़ा देते थे नगदी**


चोरों से जब्त जेवरात।

पुलिस का कहना है आरोपी पूर्व में थाना कटारा हिल्स में चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार किए गए थे। आरोपी मूलरूप से किराए का मकान लेकर एल्युमीनियम वर्क का काम करने के बहाने सूने मकानों की रेकी करते थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दे देते थे। चोरी में मिली नगदी घूमने, खाने-पीने, होटल में रुकने और मौज-मस्ती करने में खत्म करते थे। आरोपियों ने चोरी में मिले जेवरात नर्मदापुरम में लल्ला ज्वैलर्स के संचालक कृष्णकांत सोनी और सोना-चांदी गलाने वाले अण्णा साहब को सराफा नर्मदापुरम में बेचे थे।

# रंजिश में युवक पर तलवार और फर्शी से किया जानलेवा हमला

**कमला नगर थाना क्षेत्र के राजीव नगर चौराहे पर की वारदात**

**एक साल पूर्व हुए विवाद का बदला लेने चार आरोपियों ने की वारदात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर चौराहा पर चार बदमाशों ने एक युवक पर तलवार और फर्सी से हमला कर दिया। तलवार सिर में लगने से गंभीर चोट आई है, जबकि तलवार का वार हाथ से रोकने के कारण अंगूठा कट गया। हमले की वजह एक साल पूर्व हुए विवाद की बात सामने आई है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रणवीर सिंह परमार (पारदी) (48) राजीव नगर, कमला नगर में रहता है और कबाड़ा बीनने सहित बेलदारी का काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी संदीप, कपूर सिंह, समलेस और सबा सिंह से उसका एक साल पहले विवाद हुआ था। विवाद के बाद से ही आरोपी उससे रंजिश रखे हुए है। बुधवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे रणवीर सिंह परमार राम लखन आटा चक्की के पास से गुजर रहा था, तभी आरोपियों ने उसे देख लिया। आरोपी उसके पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। रणवीर सिंह ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों उसके साथ मारपीट करते हुए तलवार से हमला कर दिया। तलवार का हमला सिर पर हुआ है, उसने हमला हाथ से रोका था। इससे उसके हाथ की अंगूली और अंगूठा कट गया, जबकि सिर में भी गहरा घांव है। हमला करने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले थे। संदीप को एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है।

### बिजली कर्मचारियों से मारपीट, एफआईआर दर्ज

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बाग फरहत अफजा ऐशबाग में बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कंपनी के इंडस्ट्रियल गेट कार्यालय प्रबंधक संजय बारमासे ने बताया कि बाग फरहत अफजा निवासी शहजादी बी द्वारा विद्युत देयक बकाया एक लाख 41 हजार 669 रुपए जमा नहीं किया था। उन्होंने उक्त मकान सीमा बेगम को विक्रय कर दिया। जब उन्हें बताया कि इस मकान का विद्युत देयक बकाया है तथा विद्युत देयक भुगतान करने के लिए कहा गया। यदि बकाया देयक जमा नहीं किया तो विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद सीमा बेगम ने अपने साथियों आशु और समीर को बुलाया। उन्होंने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए कर्मचारियों को गालियां देकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। कंपनी द्वारा आरोपितों सीमा बेगम, आशु एवं समीर के खिलाफ ऐशबाग थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई लोगों की मौतों का मामला

# आंबेडकर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि


आंबेडकर चौराहे पर मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर के नेतृत्व में गुरुवार को इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौत को लेकर आंबेडकर चौराहे पर श्रद्धांजलि अर्पित की। भागीरथपूरा से विधायक कैलाश विजयवर्गीय एवं इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नाम पोस्टकार्ड लिखे।

पोस्टकार्ड में लिखा है 'लानत है' और दोनों के इस्तीफे की मांग की। कार्यक्रम में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष इमरत दरबार, सेवादल अध्यक्ष मेघराज चौहान, सरपंच राजू मेहरा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, संजय सिंह चौहान, परवेज खान, दुर्गेश यादव, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सूरजमल गौर, मनोज खटीक सहित अन्य कांग्रेस सदस्य उपस्थित रहे।


बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र देते हुए।

## कांग्रेस सेवादल की बैठक में भार्गव का स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** मिडवे ट्रीट पर गुरुवार को कांग्रेस सेवादल की बैठक जिला अध्यक्ष मेघराज चौहान, ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष मनोज खटीक के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष मेघराज चौहान ने बताया कि प्रदेश सेवा दल के अध्यक्ष अवनीश भार्गव के औबेदुल्लागंज आगमन पर भव्य स्वागत किया। ब्लॉक अध्यक्ष मनोज खटीक ने कहा कि कांग्रेस सेवा दल का संगठन का विस्तार हो एवं कांग्रेस संगठित हो। इस अवसर पर परेश नागर, राजू मेहरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, ब्लॉक किसान अध्यक्ष सूरजमल गौर, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सुल्तानपुर और बारना उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए स्वीकृत राशि पर पटवा ने सीएम का माना आभार

**भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के 20 गांवों में 15,000 हेक्टर भूमि सिंचित होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोजपुर क्षेत्र के सुल्तानपुर उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए 115.99 करोड़ व बारना उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए 386.22 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत किए जाने पर रायसेन के जनप्रतिनिधियों के साथ आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। प

टवा ने कहा इस सौगात से भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के 20 गांवों में 15,000 हेक्टर भूमि सिंचित होगी, जिससे 3100 कृषक परिवारों को लाभ होगा। विधायक पटवा ने कहा यह बहुप्रतीक्षित सिंचाई परियोजना है, जो किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी। इससे खेतों तक स्थायी एवं पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा किसानों की आय सुदृढ़ होकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। यह निर्णय कृषि आधारित विकास, किसान कल्याण और समृद्ध रायसेन के निर्माण की दिशा में मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और संवेदनशील नेतृत्व का सशक्त प्रतीक है।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री गौतम टेटवाल, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक पटवा का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गौतम टेटवाल, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, रायसेन जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा उपस्थित रहे। इस विकास कार्य की वरिष्ठ डॉ. कैलाश विनय, कन्हैया नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, हेमराज मीणा, जिला उपाध्यक्ष, ओपी मीणा, नरेंद्र शर्मा, कोमल चौहान, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान तामोट, रामकिशोर चौहान, माधव यादव, दीपू परमार, बागिश अग्रवाल, पंकज कोठारी, जीतू नंदवंशी आदि ने इस योजना की प्रशंसा की।

### निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित देवकी नगर ब्रिज पर आपस में टकराई थी गाड़ी

# बाइक टकराने पर दो निगरानी बदमाशों ने साथियों के साथ की अड़ीबाजी, युवक पर चाकू से किया हमला, अंगुलियां कटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित देवकी नगर ब्रिज पर गाड़ी आपस में टकराने के बाद दो निगरानी बदमाशों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर युवक की पिटाई लगा दी। इस दौरान युवक पर चाकू से हमला भी किया गया। चाकू का हमला हाथ से रोकने के कारण युवक की अंगुलियां बुरी तरह से कट गई। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट और चाकूबाजी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ा सकती है।



पुलिस के अनुसार करोंद इलाके में रहने वाला 22 साल का समीर गैस एजेंसी पर काम करता है। बुधवार रात वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी देवकी नगर ब्रिज के पास अरबाज नाड़ा, अमन बच्चा और उसके साथी अदनान ऑटो सहित इस्लाम से उसका विवाद हो गया। दरअसल, समीर की बाइक उनकी बाइक से टकरा गई थी। आरोपी उससे गाड़ी में हुए नुकसान का खर्च देने की बात कह रहे थे। इसी को लेकर विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने उससे मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया।

### शराब के नशे में प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को छात्रों ने जमकर पीटा, अस्पताल में आया होश, स्थिति बेहतर

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित निजी कॉलेज के सामने गुरुवार दोपहर छात्रों की भीड़ ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। वह शराब के नशे में था और मारपीट में बेसुध हो गया। उसे एंबुलेंस से निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ देर बाद होश में आ गया। उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि वह अपनी प्रेमिका से मिलने उसके कॉलेज पहुंचा था। वहां प्रेमिका को साथ चलने का कहा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कुछ छात्रों ने युवती से छेड़छाड़ के संदेह में उसे घेरकर धुन दिया। उक्त मामले में किसी भी पक्ष की तरफ से कोई शिकायत नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार मंडीदीप में रहने वाली युवती की मंडीदीप के एक युवक से ढाई तीन साल से पहचान है। लेकिन कुछ समय से युवती ने उससे बातचीत बंद कर दी। गुस्से में वह गुरुवार दोपहर युवती के कॉलेज पहुंचा। शराब के नशे में उसने युवती से साथ चलने का कहा। मना करने पर जबरन उसे खींचकर ले जाने का प्रयास करने लगा। युवती ने शोर मचाया तो कॉलेज के छात्रों ने छेड़छाड़ के संदेह में युवक के साथ जमकर पीट दिया।

# एसआईआर के दूसरे चरण में मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य जोरों पर

**भाजपा पदाधिकारियों ने मतदाताओं से किया संपर्क**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के द्वितीय चरण के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने मतदाताओं से संपर्क किया। वहीं नगर मण्डल में शक्ति केंद्र बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में वर्ष 2003 से 2025 तक की एसआईआर ड्राफ्ट मतदाता सूची पर विस्तार से चर्चा हुई।

भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन पात्र मतदाताओं से संपर्क किया, जो मतदाता सूची में नाम जोड़ने से वंचित रह गए थे, उनसे प्रारूप-6 भरने का आग्रह किया गया। मण्डल महामंत्री अमित जैन ने बताया कि भाजपा संगठन के अनुसार भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा के निर्देशन में नगर मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में नगर भाजपा पदाधिकारियों ने मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी से सहयोग की अपील की, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। इस दौरान लोगों के घर-घर जाकर एसआईआर फार्म भरने की अपील की है।



## पतंजलि विश्वविद्याल में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# विश्व स्तरीय जन-स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन को सशक्त बनाने के साथ स्मार्ट तकनीकी सुरक्षित प्रणाली से एकीकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के तत्वावधान में, अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से अमेरिका की शैक्षणिक शाखा ग्लोबल नॉलेज फाउंडेशन, निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड ईस्टर्न शोर के बिजनेस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग विभाग की संयुक्त पहल में 'स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण' पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 15-17 जनवरी को पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन एवं विश्वविद्यालय के सहयोग से सभागार में आयोजित की गई। संगोष्ठी का आयोजन स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण के माध्यम से प्रौद्योगिकी-प्रेरित, दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर जन-स्वास्थ्य सुधार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

आचार्य बालकृष्ण ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न देकर किया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन, धन्वंतरि वंदना और चंद्रमोहन व उनकी टीम के समूहगान से हुआ। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने दिया, तत्पश्चात आचार्य एवं अतिथियों ने सार पुस्तक का लोकार्पण किया।

सनातन संस्कृति का गौरव वैश्विक स्तर पर स्थापितः आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण

एआई आधारित चिकित्सा प्रणाली में व्यक्तिगत उपचार चयन विश्लेषणः डॉ. देव शर्मा

### आधुनिक एआई जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता हैः डॉ. देव


आचार्य एवं अतिथियों ने सार पुस्तक का लोकार्पण

डॉ. देव शर्मा ने कबीर के दोहे के माध्यम से सेवा और लोककल्याण पर जोर दिया, डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और एआई-सहायित स्मार्ट प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित, प्रभावी और उन्नत चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता रेखांकित की। कार्यक्रम में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि आधुनिक एआई जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है, पर नैतिकता आवश्यक है। उन्होंने सिंक्रोना सिटी, नवाचार, स्टार्टअप्स और पतंजलि द्वारा भारतीय ज्ञान और सनातन मूल्यों के संरक्षण पर भी बल दिया। वहीं आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि 'सहस्त्र चंद्र दर्शन' भारतीय सनातन परंपरा में दीर्घायु, स्वस्थ और ज्ञानपूर्ण जीवन के उत्सव का प्रतीक है, जिसका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यंत गहरा है। उन्होंने बताया कि सनातन के मूल सिद्धांत खेती और किसान के जीवन में रचे-बसे हैं, जहां प्राकृतिक कृषि, पंचमहाभूतों के सम्मान और प्रकृति से सामंजस्य के माध्यम से सुखी एवं संतुलित जीवन का संदेश निहित है।

### पतंजलि में गुणवत्ता व मानकों का शीर्ष प्राधिकरण

उन्होंने कहा कि इससे विश्व के देश आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हैं, जिससे विश्व 'वैश्विक गांव' बन रहा है। इस संदर्भ में 'वसुधैव कुटुंबकम्' का सिद्धांत वैश्विक एकता, साझा उत्तरदायित्व और सामूहिक समाधान की भावना को सुदृढ़ करता है।'स्वास्थ्य सेवा में इंटरनेट ऑफ थिंग्स' की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वियरेबल सेंसर, कनेक्टेड मेडिकल पंप और अस्पतालों के स्मार्ट उपकरण इंटरनेट व सॉफ्टवेयर के माध्यम से जुड़े रहते हैं, जिससे स्वास्थ्य डेटा का संग्रह, साझा कर विश्लेषण संभव होता है। मुख्य अतिथि सचिन चौधरी ने बीआईएस द्वारा राष्ट्रीय मानकों, गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. कमलकिशोर पंत ने टेलीमेडिसिन, डिजिटल स्वास्थ्य, एआई और भारतीय संस्कृति के वैश्विक महत्व पर विचार साझा किए। पतंजलि हर्बल रिसर्च की अनुसंधान प्रमुख डॉ. वेदप्रिया आर्या ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का समग्र परिचय प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य विशेषज्ञों डॉ. प्रशांत कटियार, डॉ. कनक सोनी, प्रो. मयंक अग्रवाल, डॉ. सविता और समस्त पतंजलि वैज्ञानिक, छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप

### बजाज इंश्योरेंस ने पेश किया फीटल फ्लरिश



**पुणे।** निजी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों शामिल बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने भ्रूण स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया एक अभिनव इंश्योरेंस राइडर 'फीटल फ्लरिश' लांच किया। यह अनोखा समाधान उन्नत गर्भस्थ (इन-यूटेरो) प्रक्रियाओं और उच्च-जोखिम गर्भावस्थाओं के लिए फाइनेंशियल सहायता प्रदान करता है, जो लंबे समय से पारंपरिक मैटरनिटी इंश्योरेंस के दायरे से बाहर रहा है।

### 15नई टाटा पंच के साथ मैक्स कमांड



**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने आज भारत की सबसे पसंदीदा एसयूवी को एक बिल्कुल नए, ज्यादा तेज, ज्यादा स्मार्ट और ज्यादा बोल्ड अवतार में लांच करने की घोषणा की है। नई टाटा पंच में बेजोड़ पावर, बेहतर आराम, अत्याधुनिक तकनीक और मस्कुलर स्टाइलिंग को जोड़ा गया है और यह केवल 5.59 लाख रुपए (एक्स-शोरूम, नई दिल्ली) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है।

### जेके टायर ने बानमोर संयंत्र का किया उद्घाटन



**ग्वालियर।** जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के बानमोर में स्थित अपने अत्याधुनिक सवारी कार रेडियल विनिर्माण संयंत्र में क्षमता विस्तार और आधुनिकीकरण के तीसरे चरण का उद्घाटन किया। मारुति सुजुकी के प्रबंध निदेशक हिसाशी ताकेउची ने जेके टायर के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ. रघुपति सिंघानिया और प्रबंध निदेशक, अंशुमान सिंघानिया के साथ-साथ मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) की नेतृत्व टीम की उपस्थिति में किया।

### एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी वॉलंटियर बने

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक कैंसर जागरूकता और जल्दी पता लगाने में मदद करने के लिए 18 जनवरी को होने वाले 'टाटा मुंबई मैराथन 2026' में हिस्सा लेने के लिए लगभग 1,500 कर्मचारियों को जुटाएगा। बैंक ने इंडियन कैंसर सोसाइटी के साथ पार्टनरशिप की है। डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहा कि हम एक ऐसे मकसद के लिए दौड़ रहे हैं जो किसी न किसी तरह से हर परिवार को छूता है।

### 'डिजिटल मर्चेंट कैश एडवांस' लोन पेश

**मुंबई।** 'डिजिटल मर्चेंट कैश एडवांस' लोन एक्सिस बैंक ने शुरू करने की घोषणा की है। यह उद्योग में अपनी तरह का पहला कैश-फ्लो आधारित लेंडिंग समाधान है। यह अभिनव और पूरी तरह से डिजिटल उत्पाद 2 लाख से 20 लाख तक का असुरक्षित ऋण प्रदान करता है। जिससे व्यापारियों, विशेष रूप से खुदरा दुकानों को त्वरित ऋण कमाई के अनुसार किश्तों में पुनर्भुगतान करने की सुविधा मिलती है।

## परिसर में नियुक्त कैटरर्स मौजूदा श्रम कानूनों का पालन नहीं कर रहे

# कैटरिंग वेंडर्स कर रहे श्रम-कानून का उल्लंघन कर्मचारियों को नहीं दे रहे पीएफ और ईएसआई

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏩ भोपाल

राजधानी के सीहोर स्थित एक निजी कालेज परिसर और कैंपस में खाद्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाले कैटरिंग वेंडर्स-कानून का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कालेज परिसर में नियुक्त कैटरर्स मौजूदा श्रम कानूनों का पालन नहीं कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कैटरिंग ठेकेदारों ने कर्मचारियों के वेतन से संबंधित न्यूनतम वैधानिक आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं किया जा रहा है। कैटरिंग ठेकेदार कर्मचारियों को भविष्य निधि (पीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) जैसे अनिवार्य लाभ कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है। संस्थान में 5 केटरिंग ठेकेदार पे-रोल पर कर्मचारियों को रखे हुए है, ताकि निरंतर प्रशिक्षण तथा स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का सख्त पालन सुनिश्चित किया जा सके, जो बड़े छात्र समुदायों को सेवा देने वाली संस्थागत कैंटीनों जैसे वातावरण में अत्यंत आवश्यक है, लेकिन कुछ कैटरिंग ऑपरेटर भविष्य निधि (पीएफ) और कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) जैसे वैधानिक श्रम दायित्वों से बच रहे हैं।

### अनुबंध श्रम व्यवस्था का उल्लंघन

जानकारों के अनुसार श्रम कानून दीर्घकालिक अनुबंध श्रम के उपयोग पर स्पष्ट प्रतिबंध लगाते हैं। हाल ही में लागू किए गए नए श्रम संहिता (लेबर कोड्स) इन प्रावधानों को और मजबूत करते हैं। खाद्य तैयारी में अस्थायी या अनुबंध श्रम पर निर्भरता गंभीर चिंताएं पैदा करती है और प्रायः यह प्रथा कैटरर द्वारा लाभ-मार्जिन बढ़ाने के उद्देश्य से अपनाई जाती है। जब खाद्य सेवा कर्मियों को असुरक्षित या अल्पकालिक आधार पर नियुक्त किया जाता है, तो गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के प्रति जवाबदेही कमजोर पड़ जाती है।

### खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर भी प्रत्यक्ष प्रभाव

विशेषज्ञों का मानना है कि उचित वेतन और वैध रोजगार प्रथा को सुनिश्चित करने में विफलता न केवल श्रमिकों को प्रभावित करती है, बल्कि इसका खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर भी प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकता है। स्पष्ट वैधानिक दायित्वों के बावजूद, यह चिंता बनी हुई है कि कैटरिंग अनुबंधों के आवंटन या नवीनीकरण के दौरान अपर्याप्त 'ड्यू डिलिजेंस' के कारण कुछ ऑपरेटर श्रम कानूनों का पालन किए बिना कार्य जारी रख पाते हैं। यह स्थिति कुछ ऑपरेटरों द्वारा अपनी गैर-अनुपालन गतिविधियों को छिपाने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया में प्रणालीगत भ्रष्टाचार का संकेत देती है।

### शिकायत प्राप्त होने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी

आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है। इस संबंध में संस्थान के छात्रों और कर्मचारियों द्वारा शिकायत प्राप्त होती है तो कैटरिंग सेवा प्रदाता संचालकों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाएंगी।

**श्रीमती जासमिन अली सितारा**
**सहायक श्रम आयुक्त, भोपाल संभाग**

**12 सैंपल अनसेफ**

### चार कैटर्स के अनसेफ सैंपल सब स्टैंडर्ड के मामले एडीएम कोर्ट में पेश

सीहोर स्थित एक निजी कालेज में छात्रों को घटिया और असुरक्षित खाना परोसा जा रहा था। इसके कारण छात्र बार बार बीमार पड़ रहे थे। विवाद बढ़ने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी कैंपस में पहुंचे और 5 कैटर्स द्वारा संचालित भोजन के 32 सैंपल लिए। जांच में पता चला कि 18 सैंपल लीगल कैटेगरी के थे, जबकि 14 सैंपल सर्विलांस के तहत लिए गए।

रिपोर्ट में कई खाद्य पदार्थ जैसे राजमा, उड़द दाल, तुअर दाल, आटा, मैदा और चावल अनसेफ या फेल श्रेणी में पाए गए। लैब रिपोर्ट में कीटनाशक और इंमेक्टिसाइड के अवशेष पाए गए, जिससे इन सैंपलों को फेल, अनसेफ और सब स्टैंडर्ड घोषित किया गया। कुल 12 सैंपल अनसेफ पाए गए, जो छात्रों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हैं। खाद्य विभाग के अधिकारी डीके वर्मा ने बताया कि वीआईटी के 4 कैटर्स के अनसेफ सैपल के आधार पर फूड लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। मामला सीधे कोर्ट में जाएगा। दोषियों को 10 लाख रुपए तक जुर्माना और 3 साल तक की सजा हो सकती है। सब स्टैंडर्ड के मामाले एडीएम कोर्ट में पेश होंगे।

### कैटर्स के लाइसेंस सस्पेंड करेंगे

वीआईटी में कैंटीन संचालित करने वाले कैटर्स के सैंपल तुरंत जांच के लिए भेजे थे। कई सैंपल फेल पाए गए। रिपोर्ट सीहोर टीम को भेजी गई। अब लाइसेंस सस्पेंड होंगे। मामला कोर्ट और एडीएम कोर्ट में पेश होगा।

**दिनेश श्रीवास्तव, फूड एंड ड्रग कंट्रोलर**

### एमएसएमई के लिए डिजिटल कामकाज के लिए टैलीप्राइम 7.0 लांच

**भोपाल।** बिजनेस ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर कंपनी टैली सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड ने टैलीप्राइम 7.0 के लांच की घोषणा की। यह लांच




टैलीप्राइम प्लेटफॉर्म के पांच वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। शुरुआत से ही टैलीप्राइम का उद्देश्य एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) के लिए डिजिटलीकरण को सरल, भरोसेमंद और व्यावहारिक बनाना रहा है। टैलीप्राइम 7.0 इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए गहरे इंटीग्रेशन, स्मार्ट ऑटोमेशन और मजबूत डेटा सुरक्षा के साथ व्यवसायों को एक अधिक जुड़ा हुआ और सहज अनुभव प्रदान करता है। टैली सॉल्यूशन्स के मैनेजिंग डायरेक्टर तेजस गोयनका ने कहा कि एसबीआई और एक्सिस बैंक के साथ बेहतर इंटीग्रेशन के जरिए अब व्यवसाय सीधे टैलीप्राइम के भीतर भुगतान कर सकते हैं, रियल-टाइम बैलेंस और स्टेटमेंट देख सकते हैं तथा तुरंत बैंक रिकन्सिलिएशन कर सकते हैं।

## साल के अंत तक 25 शोरूम खोलने की योजना

# ओबेन इलेक्ट्रिक ने 85वां शोरूम खोला, मप्र में 9 शोरूम्स संचालित


पूर्व कैबिनेट मंत्री जयंत मलैया ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने मध्य प्रदेश के दमोह में अपने देशभर के 85वें शोरूम की शुरुआत की। इसके साथ ही यहां एक खास ओबेन केयर सर्विस सेंटर भी खोला गया है। यह कदम कंपनी की तेजी से हो रही विस्तार योजना को दर्शाता है और मेट्रो शहरों से आगे छोटे और तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को बढ़ावा देने पर ओबेन इलेक्ट्रिक के फोकस को मजबूत करता है।

कंपनी की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने बताया कि शोरूम का उद्घाटन जयंत मलैया (पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सांसद), धर्मेंद्र सिंह लोधी (मध्य प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री), लखन पटेल (स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री) और दमोह भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की मौजूदगी में किया गया।

उनकी उपस्थिति यह दिखाती है कि क्षेत्र में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय नेतृत्व का मजबूत समर्थन मिल रहा है। इस नए शोरूम के साथ अब ओबेन इलेक्ट्रिक मध्य प्रदेश में 9 शोरूम संचालित कर रही है, कंपनी की योजना वर्ष 2026 के अंत तक राज्य में 25 शोरूम खोलने की है। नेशनल लेवल पर ओबेन इलेक्ट्रिक के देशभर में 85 शोरूम और सर्विस सेंटर हैं।

## हर उद्योग के साथ ही बीमा क्षेत्र में भी बदलाव

# भारत में जेन-जेड दे रही है बीमा के जगत को नया रूप : जैक्सन जैकब

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

जूनो जनरल इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर,जैक्सन जैकब ने कहाकि भारत में टेक्नोलॉजी को पसंद करने वाले जेन जेड युवाओं की संख्या है। 30 वर्ष से कम उम्र की आधी से अधिक आबादी वाली यह पीढ़ी सामाजिक रूप से जागरूक और आर्थिक रूप से बेहद समझदार है जो हर उद्योग के साथ-साथ बीमा क्षेत्र में भी बदलाव ला रही है।

उन्होंने कहा कि उपयोग-आधारित बीमा, वियरेबल्स को इसमें शामिल करने तथा मॉड्यूलर प्लान अब कोई नई बात नहीं रह गए हैं। ये लोगों की बदलती उम्मीदों को पूरा करने के लिए जरूरी साधन बन चुके हैं। भारत में जेन जेड के युवा तो ज़्यादातर ऑनलाइन रहते हैं।



हाल के ट्रेंड्स बताते हैं कि, 64 फीसदी आबादी जानकारी के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल करती है, जबकि 63 फीसदी लोग ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं। लेकिन बात सिर्फ डिजिटल आदतों की नहीं है, बल्कि इसमें बुनियादी सोच भी मायने रखती है। जेन जेड के 80 फीसदी से ज्यादा युवा ऐसे ब्रांड्स के साथ जुड़ना पसंद करते हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक ने किया 4680 भारत सेल प्लेटफॉर्म का विस्तार

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने प्रारंभ 2026 में अपनी स्वदेशी 4680 भारत सेल प्लेटफॉर्म के विस्तार की घोषणा की। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब व्यवसायों और स्टार्टअप्स को सीधे 4680 भारत सेल या 1.5 किलोवॉट



हार्सपावर 4680 भारत सेल बैटरी पैक खरीदने की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसका उपयोग ऑटोमोटिव, ह्यूमनॉइड्स, ड्रोन और पोर्टेबल मेडिकल उपकरणों जैसे विविध क्षेत्रों में किया जा सकेगा। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि उसका रेसिडेंशियल बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम ओला शक्ति अब खरीद के लिए उपलब्ध है। शक्ति 6किलोवॉट/ 9.1किलोवॉट हार्सपावर की डिलीवरी जनवरी 2026 के अंत से और शक्ति 3किलोवॉट/5.2 किलोवॉट हार्सपावर की डिलीवरी फरवरी 2026 के मध्य से शुरू होगी। साथ ही, कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप मोटरसाइकिल रोडस्टर एक्स प्लस 9.1किलोवॉट हार्सपावर की डिलीवरी शुरू कर दी है, जो 4680 भारत सेल से पावर्ड है और सिंगल चार्ज पर 500 किमी तक की रेंज प्रदान करती है।

## गेहूं की बुवाई का क्षेत्रफल 3.2 करोड़ हेक्टेयर के पार

# गेहूं उत्पादन पिछले वर्ष के 11.79 करोड़ टन से अधिक रहने की उम्मीदः कृषि मंत्री शिवराज

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अधिक बुवाई क्षेत्र और फसल की अनुकूल परिस्थितियों के कारण देश में गेहूं उत्पादन पिछले साल के 11.79 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर से अधिक रहने की उम्मीद है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के एक कार्यक्रम के मौके पर चौहान ने कहाकि इस समय गेहूं की फसल अच्छी स्थिति में है। कोई नुकसान नहीं है। कुल मिलाकर, उत्पादन पिछले साल की तुलना में बेहतर होगा। आईसीएआर के महानिदेशक एमएल जाट ने कहा कि गेहूं की बुवाई का क्षेत्रफल 3.2 करोड़ हेक्टेयर को पार कर गया है और फसल की स्थिति मजबूत बनी हुई है। जाट ने कहा कि समय पर और अगेती बुवाई के चलते उत्पादन को लेकर सकारात्मक अनुमान है। उन्होंने कहा कि अब तक फसल की स्थिति बहुत अच्छी है। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो हम 12 करोड़ टन के आंकड़े को छू लेंगे।



## सोनालीका ने खड़ी की 1.1 अरब डॉलर का विश्व स्तर पर सम्मानित ट्रैक्टर कंपनी

# सोनालीका ट्रैक्टर 'जीतने का दम' के तीस वर्ष हुए पूरे दूरदृष्टि, साहस और प्रतिबद्धता से निर्मित एक विरासत

*फॉर्च्यून 500 इंडिया की देश की 500 सबसे बड़ी कंपनियों की सूची में भी शामिल है*

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

सोनालीका ट्रैक्टर्स सशक्त आधुनिक प्रतीक है और ब्रांड किसानों के साथ साझेदारी के 30 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है, जो 'जीतने का दम' के अटूट विश्वास से प्रेरित है। सोनालीका की तीन दशकों की उल्लेखनीय यात्रा एक असंभव भारतीय सफलता की कहानी है । जिसकी शुरुआत होशियारपुर जैसे छोटे शहर से हुई और यह 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध ट्रैक्टर बिज़नेस में तब्दील हो गई। आज सोनालीका को भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की फॉर्च्यून 500 सूची में भी स्थान प्राप्त है। साथ ही, सोनालीका भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, भारत में तीसरा सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्माता और वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा ट्रैक्टर ब्रांड है।

सोनालीका की नींव रखी बोर्डरूम से परे, खेतों, कार्यशालाओं और किसानों की वास्तविकताओं के अनुसार बनी। यह यात्रा कृषि इम्प्लीमेंट से शुरू हुई

सोनालीका के थ्रेशर ने भरोसे और प्रदर्शन को नई परिभाषा दी। किसानों ने विश्वास जताया और जल्द ही उसी दमदार ताक़त से निर्मित ट्रैक्टरों की मांग करने लगे

### किसानों ने विश्वास जताया और दमदार ताकत से निर्मित ट्रैक्टरों की मांग करने लगे




*सोनालीका की विरासत के दूरदर्शी निर्माता-सोनालीका की कहानी एक परिवार के नेतृत्व वाली सोच है जो एक सरल लेकिन दमदार विश्वास पर आधारित है। भारतीय किसानों को और अधिक मिलना चाहिए । अधिक ताक़त, अधिक विश्वसनीयता, अधिक सम्मान और भारतीय परिस्थितियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई तकनीक। एलआईसी से रिटायर होने के बाद जब अधिकांश लोग आराम करना पसंद करते हैं, तो एलडी मित्तल ने आगे बढ़ने का विकल्प चुना। भारत की कृषि क्षमता में उनका दृढ़ विश्वास उनके पुत्रों, डॉ. एएस मित्तल और डॉ. दीपक मित्तल में भी झलकता था।*

### सोनालीका तरक्की के साथ-साथ अपने मूल्यों पर हमेशा अडिग रहा

भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड के रूप में सोनालीका तरक्की के साथ-साथ,अपने मूल्यों पर हमेशा अडिग रहा है। मित्तल के मूल्यों से प्रेरित होकर, सोनालीका ने भारतीय कृषि में पारदर्शिता के एक नए युग की शुरुआत की। 2022 में अपनी वेबसाइट पर ट्रैक्टर की कीमतें प्रदर्शित करके और 2025 में ट्रैक्टर सर्विस ख़र्च का खुलासा करके, कंपनी भारत में पारदर्शिता का उदाहरण पेश करने वाली पहली ट्रैक्टर कंपनी बनकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

### 30 वर्ष पूर्व निर्मित पहला ट्रैक्टर आज भी इंजन के पहले ही क्रैंक में हो जाता है स्टार्ट

ट्रैक्टरों के साथ 'जीतने का दम'- 1996 में जब ट्रैक्टर उद्योग में एकरूपता का बोलबाला था, तब सोनालीका ने एक अलग राह चुनी। उन्नत आर एंड डी केंद्रों की कमी के बावजूद, कंपनी ने एक साहसिक संकल्प लिया। ट्रैक्टरों को भारत की विविध फसलों, मिट्टी और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जाएगा। जहाँ अन्य कंपनियां बाज़ार के लिए ट्रैक्टर बनाती थीं, वहीं सोनालीका किसानों के लिए ट्रैक्टर बनाती रही। किसान-प्रथम की इस विचारधारा और ऋणमुक्त रहने के दृढ़ निश्चय ने सोनालीका के मूल सिद्धांतों को आकार दिया। मित्तल परिवार का मानना था कि भारतीय किसान एक वर्ग नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों, जलवायु वाला एक समूह हैं।

### उत्पादन क्षमता को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख ट्रैक्टर प्रतिवर्ष किया

सोनालीका ने होशियारपुर प्लांट की उत्पादन क्षमता को 50,000 ट्रैक्टर से बढ़ाकर 1 लाख ट्रैक्टर प्रति वर्ष कर दिया। लेकिन मित्तल परिवार की परिकल्पना इससे भी कहीं बड़ी थी। 2017 में, सोनालीका ने विश्व के सबसे बड़े पूर्णतः एकीकृत ट्रैक्टर निर्माण प्लांट की स्थापना की, जो रोबोटिक और ऑटोमेटेड, मल्टी-फ्लेक्स असेंबली लाइनों के माध्यम से हर दो मिनट में एक ट्रैक्टर का उत्पादन करने में सक्षम है। सोनालीका 20-120 एच पी रेंज में 2,000 से अधिक मॉडल विकसित करती है, जो घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे द्वारा पूर्व में अपना एक पासपोर्ट बनाया गया था जिसमें मेरा नाम HENNA KOUSAR KHAN दर्ज है, मेरा पासपोर्ट नंबर J9968056 है। निवासी-मकान नम्बर 80-ए. हजरत निजामुद्दीन कॉलोनी, हुजूर, भेल, जिल भोपाल मप्र 462022 है आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों मेरा नाम HENNA KOUSAR दर्ज है। जो कि सत्य एवं सही है। कृपया पासपोर्ट व अन्य शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा सही नाम HENNA KOUSAR दर्ज एवं मान्य किया जावे। यह नाम परिवर्तित शपथ पत्र संख्या–BZ942588 के अनुसार किया गया है।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक ए-340 मण्डल द्वारा श्रीमती शाहजहाँ खान पत्नी श्री माजीद खान के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07/08/1992 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आंवटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 19/06/2022 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री आमिर अली आत्मज श्री बाबू खान के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 18/07/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री आमिर अली आत्मज श्री बाबू खान के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र 2, भोपाल**

सेना दिवस पर जनरल द्विवेदी बोले

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने स्थापित किया न्यू नॉर्मल, आत्मनिर्भरता पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने एक नया न्यू नॉर्मल स्थापित किया है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना की त्वरित प्रतिक्रिया, बेहतर समन्वय और सटीक कार्रवाई की क्षमता को दर्शाता है। यह एक परिपक्व, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार सैन्य बल की तस्वीर पेश करता है, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सक्षम है।


थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

सेना प्रमुख ने यह बातें सेना दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। सेनाध्यक्ष ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सेना की सोच में स्पष्ट बदलाव आया है। अब सेना केवल वर्तमान चुनौतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य के युद्धों की तैयारी पर भी गंभीरता से काम कर रही है। इसी दिशा में नई संरचनाएं विकसित की जा रही हैं, जिन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुसज्जित और प्रशिक्षित किया जा रहा है।

*सेनाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय सेना भविष्य के युद्धों की तैयारी पर भी गंभीरता से काम कर रही है। इसी दिशा में नई संरचनाएं विकसित की जा रही हैं, जिन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुसज्जित और प्रशिक्षित किया जा रहा है*

## ▶▶ स्वदेशी लक्ष्य नहीं रणनीतिक आवश्यकता

## ▶▶ आगामी वर्षों में डेटा नेटवर्किंग पर फोकस

### परेड में परंपरा और परिवर्तन का संगम

*जयपुर में आयोजित सेना दिवस परेड में परंपरा और ट्रांसफॉर्मेशन का सुंदर संगम देखने को मिला। नेपाल आर्मी बैंड ने दोनों देशों के पुराने और मजबूत संबंधों को दर्शाया, जबकि नई सैन्य इकाइयों की भागीदारी ने भारतीय सेना की बढ़ती ताकत को रेखांकित किया।*

### जवानों को दी शुभकामनाएं

सेनाध्यक्ष ने भारतीय सेना के सभी जवानों, सिविलियन कर्मचारियों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया और आयोजन के लिए राजस्थान सरकार व जयपुर के नागरिकों का आभार जताया।

### द्वि-उपयोगी संसाधनों पर विशेष जोर

*सेना प्रमुख ने कहा कि द्वि-उपयोगी संसाधनों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिनका उपयोग सेना और नागरिक-दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सके। उन्होंने कहा कि सेना के लिए विकसित इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन देश के समग्र विकास में भी योगदान दें, यही प्रयास किया जा रहा है।*

### नई सैन्य इकाइयों से बढ़ी ताकत

*जनरल द्विवेदी ने बताया कि इस परिवर्तन प्रक्रिया के तहत भैरव बटालियन, अशनि प्लाटून, शक्तिबान रेजीमेंट और दिव्यास्त्र बैटरी जैसी नई इकाइयां खड़ी की गई हैं। ये इकाइयां भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप एक चुस्त, तत्पर और मिशन-केंद्रित भारतीय सेना के निर्माण का प्रतीक हैं। सेना के इस परिवर्तन की आधारशिला आत्मनिर्भरता है। इसकी झलक सेना दिवस परेड के दौरान ‘मेड इन इंडिया’ उपकरणों में देखने को मिली। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अब केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता बन चुका है। भविष्य में सेना को ऐसे हथियार और उपकरण चाहिए, जो भारत में ही डिजाइन और डेवलप किए गए हों।*

### फ्यूचर-रेडी सेना की ओर कदम

*जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना एक फ्यूचर-रेडी फोर्स के रूप में आगे बढ़ रही है, जहां बेहतरीन प्रशिक्षित सैनिक, आधुनिक सिस्टम और मल्टी-डोमेन ऑपरेशन्स की क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग जवानों को और अधिक सक्षम बनाने के लिए किया जा रहा है। अब तक की प्रगति को आगे बढ़ाते हुए अगले दो वर्षों को नेटवर्किंग और डेटा-केंद्रितता के वर्ष घोषित किया गया है, भारतीय सेना को एक डेटा-आधारित, नेटवर्क-सक्षम और पूर्णतः एकीकृत बल में बदला जा सके।*

---

## खबर संक्षेप

### एक्स पर नहीं बनेंगे अश्लील डीपफेक

**नई दिल्ली।** एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक पर लगाम लगाने का फैसला कर लिया है। ‘एक्स’ ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक को अवैध रूप से आपत्तिजनक कपड़ों में लोगों की तस्वीरें बनाने से रोकने के लिए टेक्निकल उपाय लागू किए हैं। यह कदम एआई चैटबॉट द्वारा बनाई गई अश्लील डीपफेक तस्वीरों को लेकर भारी विरोध का सामना करने के बाद उठाया गया है। एक्स ने अपने आधिकारिक सेफ्टी अकाउंट पर जानकारी दी कि यह बैन पेड ग्राहकों सहित सभी यूजर्स पर लागू होता है।

### सिंगापुर के नेता प्रतिपक्ष से हटाए गए प्रीतम सिंह

**सिंगापुर।** सिंगापुर में पंजाब मूल के प्रीतम सिंह को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा दिया गया है। यह फैसला पीएम लॉरेंस वोंग ने गुरुवार को लिया और वर्कर्स पार्टी से नए सांसद के नामांकन की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, प्रीतम सिंह को संसद की कमिटी के समक्ष झूठी गवाही देने का दोषी ठहराया गया था, और संसद ने 14 जनवरी 2026 को उन्हें इस पद के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया था। पीएम वोंग ने कहा कि यह कदम कानून के शासन, संसद की गरिमा और अखंडता बनाए रखने के लिए जरूरी है।



---

**ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध की आशंका:** युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पश्चिम एशिया की तरफ रवाना


# इस बार निशाना नहीं चूकेगा, ट्रंप पर हमले की तस्वीर शेयर कर ईरान ने दी सीधी धमकी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों और तनाव के बीच अमेरिका ने अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को दक्षिण चीन सागर से पश्चिम एशिया की तरफ रवाना किया है। सूत्रों के अनुसार युद्धपोत के पहुंचने में एक हफ्ते के करीब का समय लग सकता है। हा लां कि , अभी तक अ मे रि की अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी।

- ईरान की चेतावनी जून वाली गलती न दोहराएं
- अमेरिका ने कतर से निकाले अपने कर्मचारी

इसके अलावा अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया है। कतर में स्थित अल उदैद एयर बेस (जो मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस है और करीब 10,000 सैनिक तैनात है) से कुछ कर्मचारियों को निकालने को कहा गया है। अमेरिकी अधिकारी ने इसे तैनाती में बदलाव बताया है, न कि पूरा इवैक्यूएशन।


2024 में पेंसिल्वेनिया के बटलर में ट्रंप के कान को छूकर गोली निकली थी **फाइल फोटो**

### बातचीत के जरिए सुलझाएं तनाव

*वहीं, ईरान ने सरकारी टीवी चैनल पर राष्ट्रपति ट्रंप को जान से मारने की धमकी जारी की है। यह धमकी पर्शियन में थी। इस धमकी में पेंसिल्वेनिया के बटलर में 2024 में ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की फुटेज दिखाई गई। जिसके साथ एक संदेश था ‘इस बार गोली निशाने से नहीं चूकेगी’। यह ट्रंप के खिलाफ तेहरान की अब तक की सबसे सीधी धमकी है। वहीं ईरान ने चेतावनी दी है कि अमेरिका जून वाली गलती न दोहराए। साथ ही ईरान ने बातचीत और कूटनीति के जरिए विवाद सुलझाने की बात कही और कहा कि अमेरिका हमेशा कूटनीति और बातचीत से बचता रहा है।*

### ईरान ने बंद किया हवाई क्षेत्र

*ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है, जिससे भारत समेत कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई हैं। गुरुवार को अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर सभी कंपनियों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है।*

### रेजा के नेतृत्व पर आपत्ति नहीं: ट्रंप


रेजा पहलवी

ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरानी विपक्षी नेता रेजा पहलवी उन्हें काफी अच्छे लगते हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर अनिश्चितता जताई कि उन्हें ईरान के भीतर समर्थन मिल पाएगा और वे नेतृत्व संभाल पाएंगे। ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वे अपने देश में कैसे व्यवहार करेंगे। उन्होंने कहा कि स्थिति अभी उस स्तर तक नहीं पहुंची है।


अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन

### दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत है लिंकन

यूएसएस अब्राहम लिंकन निमित्ज श्रेणी का पांचवा युद्धपोत है। यह परमाणु ऊर्जा से चलने वाला पोत है, जो दक्षिण चीन सागर में तैनात रहता है। इस युद्धपोत को अमेरिकी नौसेना में 1989 में शामिल किया गया था। यह युद्धपोत 97 हजार टन वजनी है और इसकी फ्लाइट डेक करीब 4.5 एकड़ में फैली हुई है। इसकी लंबाई करीब 1092 फीट है। इसमें 4 हैंगर एलीवेटर हैं और यह अपने साथ 90 लड़ाकू विमान ले जा सकता है।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

ईरान में भारतीय दूतावास ने आपातकालीन संपर्क हेल्पलाइन भी जारी की है। इसके तहत मोबाइल नंबर: +989128109115; +989128109109; +989128109102; +989932179359 और ईमेल: cons.tehran@mea.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है। दूतावास ने कहा है कि ईरान में मौजूद भारतीय नागरिक, जिन्होंने भारतीय दूतावास में अपना पंजीकरण नहीं कराया है, https://www.meaers.com/request/home पर पंजीकरण कराएं।

---

पहले बैच की आज ईरान से हो सकती है रवानगी

# भारतीयों की सुरक्षित वापसी की तैयारी में जुटी सरकार


ईरान में प्रदर्शन करते नागरिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को नागरिक उड़ानों के लिए दोबारा खोल दिया है। इसी के साथ वहां फंसे भारतीय छात्रों की निकासी प्रक्रिया तेज हो गई है। संभव है कि शुक्रवार (16 जनवरी) को पहले बैच की स्वदेश रवानगी हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने ईरान के अलग-अलग भागों में रह रहे भारतीय छात्रों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने की शुरुआत की है। क्योंकि मौजूदा तनाव के बीच इंटरनेट सेवाएं ठप हैं और कई जगहों पर फोन भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। दूतावास ने उनके व्यक्तिगत विवरण, पासपोर्ट एकत्र कर लिए हैं और पहले बैच के छात्रों को सुबह 8:00 बजे तक तैयार रहने की सूचना दे दी गई है। पहले बैच में गोलीस्टन यूनिवर्सिटी, एसबीयूएमएस (शहीद बेहेश्ती यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज) और टीयूएमएस (तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज) के कुछ छात्र शामिल हैं।

### छात्रों ने बताई पैसे खत्म होने की पीड़ा

*ईरान में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे 100 के करीब छात्रों ने अपने अभिभावकों से पैसे खत्म होने की शिकायत की थी। जिसके बाद अभिभावकों ने भारतीय दूतावास और केंद्र सरकार से छात्रों से देश वापसी में मदद करने की मांग की है। दूसरी ओर सरकार ने अभी तक इस बाबत आधिकारिक रूप से कोई घोषणा या किसी अभियान के बारे में नाम सहित जानकारी नहीं दी है। लेकिन हो सकता है कि जल्द ही इस संबंध में कोई जानकारी सामने आए। ईरान में प्रदर्शनों के बीच अब तक करीब 3400 लोग मारे गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सार्वजनिक तौर पर ईरान को सैन्य कार्रवाई की धमकी दे चुके हैं।*

### जयशंकर ने दिया आश्वासन

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से बात कर प्रदेश के छात्रों की सुरक्षित वापसी की मांग की है। जयशंकर ने उन्हें यह आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार मामले में ईरान में फंसे हुए अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। उमर अब्दुल्ला ने एक्स पोस्ट में बताया कि विदेश मंत्री से ईरान में बदलते हालातों के मामले पर बातचीत की है।

---

डेनमार्क के विदेश मंत्री का बड़ा बयान

# ग्रीनलैंड पर ट्रंप के साथ, लेकिन डेनमार्क की सीमा का सम्मान हो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों के बीच डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने वॉशिंगटन में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ बातचीत की। दोनों पक्ष मतभेदों को दूर करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक कार्य समूह बनाने पर सहमत हुए। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमारे विचार में समूह को अमेरिकी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही डेनमार्क साम्राज्य की सीमा रेखाओं का भी सम्मान करना चाहिए।


लार्स लोके रासमुसेन, विवियन मोट्ज़फेल्ड

### गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड जरूरी

*राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रंप ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। गोल्डन डोम यूएस का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। यह चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाएगा।*

***हम गुलाम नहीं होना चाहते:*** *बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है।*

---

सेना दिवस पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# भविष्य के लिए तैयार सेना के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है केंद्र


सैनिकों से मिलते राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना के वीर जवानों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पूरा राष्ट्र भारतीय सेना के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और देश की संप्रभुता व अखंडता की रक्षा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है। सरकार एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार सेना के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना सीमाओं पर हमेशा सतर्क रहती है और संकट के समय पूरी दृढ़ता के साथ डटी रहती है।

सेना ने अपनी व्यावसायिकता, अनुशासन और मानवीय सेवा के माध्यम से वैश्विक स्तर पर सम्मान अर्जित किया है। सेना का अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और अटूट प्रतिबद्धता ही देश की संप्रभुता और अखंडता की सुरक्षा की मजबूत आधारशिला है।

---

पीएम के निमंत्रण पर एंटोनियो और उर्सुला आएंगी भारत

# गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे यूरोपीय परिषद और आयोग के अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस बार 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित किए जाने वाले 77वें भव्य गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शिरकत करेंगे। यूरोप के दोनों शीर्ष नेताओं को पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। जिसके लिए दोनों 25 से 27 जनवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।


एंटोनियो लुईस कोस्टा, उर्सुला वॉन डेर

### भारत-ईयू सम्मेलन की करेंगे सह-अध्यक्षता

*विदेश मंत्रालय ने बताया कि अपनी भारत यात्रा के दौरान यूरोप के यह दोनों दिग्गज नेता 27 जनवरी को आयोजित किए जाने वाले 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। उनकी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात होगी। पीएम मोदी के साथ सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में भी एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल होंगी। वहीं, भारत-ईयू सम्मेलन से इतर दोनों पक्षों के बीच एक व्यापार मंच के एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा सकता है। भारत और यूरोपीय आयोग वर्ष 2004 से सामरिक भागीदार हैं।*

---

पहली बार समय पूर्व समाप्त हुआ मिशन!

# 4 अंतरिक्षयात्री स्पेस स्टेशन से सकुशल धरती पर लौटे

एजेंसी ▶▶ केप केनवरल

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी मिशन को समय से पहले मेडिकल कारणों से समाप्त कर दिया गया। स्पेसएक्स के क्रू-11 मिशन के तहत स्पेस स्टेशन पर मौजूद 4 अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया गया।

नासा के माइक फिंके और ज़ीना कार्डमैन, जापान के किमिया यूई और रूसी कॉस्मोनॉट ओलेग प्लाटोनोव की धरती पर सुरक्षित वापसी हुई। स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर 15 जनवरी को कैनिफोर्निया के तट के पास प्रशांत महासागर में उतरा। भारतीय समयानुसार दोपहर 2:11 बजे ड्रैगन कैप्सूल की लैंडिंग हुई। आईएसएस से ड्रैगन कैप्सूल के अनडॉकिंग से लेकर लैंडिंग तक के बीच में लगभग 10.5 घंटे का समय लगा। सुरक्षित लैंडिंग के बाद अंतरिक्ष यात्री प्रफुल्लित नजर आए।


सुरक्षित लौटे चारों अंतरिक्ष यात्री

---

## कनाडा में 166 करोड़ की सोने की सबसे बड़ी लूट के मामले में मुख्य आरोपी है पनेसर

6 हजार 600 सोने की ईंटें और 2.5 मिलियन विदेशी मुद्रा चुराई

# कनाडा ने भारत से की ‘सोना चोर’ के प्रत्यर्पण की औपचारिक मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कनाडा ने अपने देश में हुई अब तक की सबसे बड़ी सोने की लूट (मनी हाइस्ट) के मुख्य आरोपी सिमरन प्रीत पनेसर के प्रत्यर्पण की औपचारिक मांग कर डाली है। यह प्रकरण दो साल पहले यानी 2023 का है, जब एयर कनाडा के लिए ब्रैंपटन में काम कर रहे 33 वर्षीय कर्मचारी पनेसर ने कुल करीब 20 मिलियन डॉलर (166 करोड़ रुपए) की इस सनसनीखेज लूट को 9 अन्य लोगों के साथ मिलकर बतौर मास्टरमाइंड के रूप में अंजाम दिया था। उसी ने टोरंटो के पीयरसन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एयर कार्गो सिस्टम में गड़बड़ी की और लगभग 400 किलो 0.9999 शुद्ध सोने के शिपमेंट (6 हजार 600 सोने की ईंटें और 2.5 मिलियन विदेशी मुद्रा शामिल) वाले पूरे कंटेनर को ही वहां से गायब करने में मदद की। कनाडाई पुलिस ने अपने आरोप में ये भी कहा है कि पनेसर चोरी के बाद भारत भाग गया है।



### विदेशी धरती पर आतंकी गतिविधियों से परेशानी

बता दें, कनाडा में भारत के उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने सरकारी प्रसारक सीबीसी को दिए एक हालिया साक्षात्कार में आतंकी निज्जर और एयर इंडिया जैसे भयानक बम धमाके का मुद्दा उठाते हुए कनाडा के दोगलेपन को सार्वजनिक रूप से उजागर किया था। उन्होंने कहा था कि जो कनाडा अपने मामले में हमेशा भारत के सामने सबूतों की कमी का रोना रोता है। वो भारत से कैसे बिना साक्ष्यों के कार्रवाई करने की अपेक्षा कर सकता है? पटनायक ने यह स्पष्ट किया कि हमारे देश को अलगाववादियों के जनमत संग्रह से कोई परेशानी नहीं है।

### 12 जनवरी को की प्रत्यर्पण की घोषणा

कनाडा की पील क्षेत्रीय पुलिस ने 12 जनवरी 2026 को इस बात की घोषणा की कि उसने 2023 में हुई सबसे बड़ी सोने की लूट के मामले में मुख्य आरोपी प्रीत पनेसर को भारत से वापस कनाडा लाने के लिए उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए कनाडा ने भारत सरकार से प्रत्यर्पण की औपचारिक मांग भी की है। हाल ही में पुलिस ने टोरंटो हवाईअड्डे पर ही एक अन्य संदिग्ध अरसलान चौधरी को भी गिरफ्तार किया है। मामले से जुड़ी जांच को पुलिस ने ‘प्रोजेक्ट 24के’ का नाम दिया है।

**ईडी मनी लॉन्ड्रिंग का मुकदमा चला रही**

देश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पनेसर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जांच कर रहा है। जिसमें उसे ये पता चला कि लूट की 8.5 करोड़ रुपए की धनराशि पनेसर ने हवाला के जरिए स्वदेश भेजी थी। पिछले साल फरवरी महीने में जांच एजेंसी को सिमरन प्रीत पनेसर की लोकेशन चंडीगढ़ के पास मोहाली में एक किराए के मकान की मिली थी। लेकिन उसके वहां पहुंचने से पहले पनेसर को इस बात की भनक लग गई और वो वहां से भाग निकला।

### कनाडा से दुबई के रास्ते भारत भेजा पैसा

*लूट की इस भारी भरकम रकम को पनेसर अपनी पत्नी प्रीति पनेसर के लिए फिल्म बनाने के लिए म्यूजिक इंडस्ट्री में इस्तेमाल करना चाहता था। प्रीति पंजाबी फिल्मों में सिंगर और हीरोइन है। दोनों ने एक कंपनी भी बनाई थी। वहीं, 20 मिलियन की इस लूट का पैसा उसने कनाडा से दुबई होते हुए भारत भेजा था। जिसकी जानकारी पुलिस को उसके मोबाइल फोन को खंगालने से मिली है। पनेसर और उसकी पत्नी ने जो कंपनी बनाई थी। उसके बैंक खातों में कुछ रकम जमी की गई है। जिसे लेकर पुलिस ने कुछ नामजद लोगों को गिरफ्तार किया है।*